पलवल

RNI No. HARHIN/2021/81389

www.deshrojana.com

वर्षः 3, अंकः 132,
बुधवार,
01 मई 2024
पृष्ठः 12
मूल्यः 4 रुपये

देश रोजाना

हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में प्रसारित हिन्दी दैनिक

बेबाक सच...

स्पोर्ट्स P 11

पाकिस्तान को कम से कम एक आईसीसी ट्रॉफी दिलाना चाहते हैं कोच कर्स्टन

सोना (24 कैरेट) ₹ 74,490.00 प्रति 10 ग्राम

चांदी ₹ 840 प्रति 10 ग्राम

मौसम
सूर्योदय...5:44 (बजे)
सूर्यास्त...6:55 (बजे)
अधिकतम...39° (+2)
न्यूनतम... 26° (+2)

P 03

अभय चौटाला पर सीएम का पलटवार बोले-अपने गिरेबान में झांकना चाहिए

न्यूज Window

निर्दलीय विधायकों के इस्तीफा मामले में हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

एजेंसी, शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश एमएस राम चंद्र राव और ज्योत्सना रिवालदुआ की अदालत में तीन निर्दलीय विद्यायकों के इस्तीफे को स्पीकर द्वारा मंजूर न करने पर आज सुनवाई हुई। हिमाचल हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद डबल बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। हिमाचल प्रदेश स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मामले की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पैरवी की। निर्दलीय के अधिवक्ता महेंद्र सिंह ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कोर्ट में इनकी बात रखी, और कहा कि सदस्यों द्वारा दिये इस्तीफे को स्पीकर नहीं रोक सकते। दोनों पक्षों को सुनने के बाद डबल बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।

मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका फिर खारिज, जाएंगे हाईकोर्ट

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली। दिल्ली के शराब नीति केस में 14 महीने से तिहाड़ जेल में बंद पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को एक बार फिर कोर्ट से झटका लगा है। मंगलवार को सिसोदिया की जमानत याचिका राउज एवेन्यू कोर्ट में खारिज हो गई। सिसोदिया ने मुकदमे में देरी के आधार पर जमानत मांगी थी। उनकी जमानत का सीबीआई और ईडी ने विरोध किया था। ये तीसरी बार है जब उनकी जमानत याचिका खारिज की गई है। इससे पहले निचली अदालत, दिल्ली हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया था। वहीं, राउज एवेन्यू कोर्ट के इस फैसले को चुनौती देते हुए मनीष सिसोदिया अब हाईकोर्ट का रुख करेंगे। दरअसल, राउज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की जमानत के मामले में 20 अप्रैल को सुनवाई की थी। उस दौरान सीबीआई ने सिसोदिया को जमानत देने का विरोध किया था।

बीजेपी उम्मीदवार रणजीत चौटाला का विधायक पद से इस्तीफा मंजूर

देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़। सिरसा की रानियां विधानसभा सीट से निर्दलीय विधायक रणजीत चौटाला का विधायक पद से इस्तीफा मंजूर हो गया है। मंगलवार को हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने इसकी पुष्टि की। रणजीत चौटाला हिसार लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार हैं। रणजीत चौटाला के निजी तौर पर पेश होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने इस्तीफे का सत्यापन किया है कि इस्तीफा मैंने भेजा है और किसी दवाब या लालच में नहीं भेजा है। 24 मार्च से हमने उनका

बीसीसीआई ने किया टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान

टीम में केएल राहुल और ईशान किशन, पंड्या को बड़ी जिम्मेदारी, शिवम दुबे को जगह, पंत-सैमसन विकेटकीपर; गिल और रिंकू सिंह रिजर्व प्लेयर

एजेंसी, मुंबई

अमेरिका और वेस्टइंडीज में 2 जून से शुरू हो रहे टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। बीसीसीआई ने मंगलवार को टूनामेंट के लिए रोहित शर्मा की कप्तानी में 15 मेंबर्स वाला स्कॉड जारी किया है। इसमें 25 मई तक बदलाव किया जा सकता है। दरअसल, आईसीसी के अनुसार 1 मई की समय सीमा से पहले टीम का ऐलान किया जाना था। ऐसे में आज बीसीसीआई ने सोच-विचार के बाद टीम इंडिया का ऐलान कर दिया है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम टी-20 वर्ल्ड कप खेलने वाली है। टीम में केएल राहुल और ईशान किशन जैसे दिग्गज को जगह नहीं दी गई है, वहीं, विकेटकीपर के तौर संजू सैमसन और ऋषभ पंत को भी जगह दी गई है। चयनकर्ता ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है तो वहीं रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश खान टीम में शामिल हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए चुनी गई टीम में मोहम्मद सिराज भी अपनी जगह बना पाने में सफल रहे हैं। दरअसल, कई पूर्व दिग्गजों ने अपनी टीम में सिराज को बाहर रखा था। लेकिन बीसीसीआई ने सिराज को टीम में शामिल किया है। टीम में हार्दिक के अलावा शिवम दुबे भी अपनी जगह बना पाने में सफल रहे हैं। ऑलराउंडर के तौर पर टीम में हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल को शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज के तौर पर टीम में अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और सिराज शामिल हैं। विराट कोहली के स्ट्राइक रेट को लेकर काफी चर्चा हो रही थी। लेकिन चयनकताओं ने कोहली पर विश्वास दिखाया है। बता दें कि आईपीएल 2024 में कोहली लगातार रन बना रहे हैं और 500 रन बना चुके हैं। आईपीएल 2024 में कोहली का स्ट्राइक रेट 147.49 का रहा है।

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), शिवम दुबे, रविद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, जसपीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह।

रिजर्व- शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद, आवेश खान।

जब तक मैं जिंदा हूं, धर्म के आधार पर मुसलमानों को नहीं दूंगा आरक्षण: मोदी

मुसलमानों को रातोंरात ओबीसी बनाती है कांग्रेस

- बोले, 26 जातियां ऐसी हैं जो ओबीसी में जाने की कर रही हैं मांग

एजेंसी, मुंबई

तेलंगाना के संगारेड्डी में मंगलवार को पीएम मोदी ने कहा- कांग्रेस वाले मुसलमानों को रातोंरात ओबीसी बना देते हैं। हमारे तेलंगाना में जो लिंगायत, मराठा समाज के लोग हैं, उसमें 26 जातियां ऐसी हैं जो ओबीसी में जाने की मांग कर रही हैं। लंबे समय से इस पर चर्चा चल रही है। कांग्रेस वालों को मराठा, लिंगायत, इन 26 जातियों को ओबीसी बनाना मंजूर नहीं है।

जब तक मैं जिंदा हूं, एससी, एसटी और ओबीसी की कीमत पर धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को महाराष्ट्र और तेलंगाना के दौरे पर हैं। संगारेड्डी से पहले वे महाराष्ट्र के धाराशिव, माढा और लातूर में सभाएं कर चुके हैं।

धाराशिव में पीएम मोदी ने कहा- जो विरोधी भाजपा सरकार का मुकाबला नहीं कर पा रहे, वे सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो चलाकर तकनीक का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। अब उनकी हालत ऐसी है कि जब उनका झूठ काम नहीं कर रहा तो वे मेरे चेहरे का इस्तेमाल कर रहे हैं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से अपनी मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो बेच रहे हैं।

जनता का पैसा लूटता था कांग्रेस का पंजा

मोदी ने माढा में कहा- कांग्रेस का पंजा जनता का पैसा लूटता था। जिसके पास 400 सांसद थे, अब वो 250 लोगों को चुनाव भी नहीं लड़वा पा रही है। आपको कांग्रेस के एक्सरे से सावधान रहना है। कांग्रेस के शहजादे गली-गली घूमकर कह रहे हैं कि उनको मौका मिलेगा तो वो आपका एक्सरे निकालेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से पूछे सवाल

चुनाव से पहले ही केजरीवाल को गिरफ्तार क्यों किया?

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया है। आम चुनाव से पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा है।

मामले की सुनवाई शुक्रवार को होने की संभावना है। बता दें कि शराब नीति घोटाला मामले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी द्वारा हुई अपनी गिरफ्तारी को लेकर केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय के सवाल पर जवाब मांगा है।



तिहाड़ जेल में 21 मार्च से केजरीवाल बंद

21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल फिलहाल न्यायिक हिरासत के तहत यहां तिहाड़ जेल में बंद हैं। शीर्ष अदालत ने 15 अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी किया और केजरीवाल की याचिका पर उससे जवाब मांगा है। केजरीवाल की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी अपना पक्ष रख रहे हैं।

साथ ही कोर्ट ने कहा कि 'जीवन और स्वतंत्रता बेहद महत्वपूर्ण हैं। आप इससे इनकार नहीं कर सकते।' पीठ ने राजू से कई अन्य सवाल पूछे।

राहुल बोले- महालक्ष्मी योजना में महिलाओं को बनाएंगे लखपति

- भिंड-दतिया में चुनावी सभा में किया दावा, छह महीने में 30 लाख सरकारी पद भरेंगे

एजेंसी, भिंड

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भिंड में कहा, मोदी जी अरबपतियों को पैसा देते हैं तो कहते हैं विकास हो रहा है। जितना उन्होंने 10 साल में उनको दिया, हम आपको देने जा रहे हैं। महालक्ष्मी योजना के तहत देशभर की गरीब महिलाओं को लखपति बनाएंगे। हर महीने उनके खाते में 8500 रुपए डाले जाएंगे। 6 महीने में 30 लाख सरकारी पद भरे जाएंगे।

राहुल गांधी ने भिंड-दतिया लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी फूल सिंह बरैया के पक्ष में एमजेएस मैदान पर चुनावी सभा की। राहुल ने हाथ में संविधान लेकर कहा- ये मामूली किताब नहीं है। आजादी के पास किसानों, गरीबों, मजदूरों, पिछड़ों, आदिवासियों को जो भी कुछ मिला है इस किताब के कारण मिला है। अब पीएम ने अमित शाह ने और उनके सांसदों ने मन बना लिया है कि वो चुनाव जीतेंगे तो इस किताब को फाड़कर फेंक देंगे।



हर ग्रेजुएट को करेगा अप्रेंटिसशिप

अरबपतियों के बेटे अपने पिता की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप करते हैं, उनको पैसा मिलता है। ये उनको कंपनी में डालने का मौका होता है। हमारी सरकार दुनिया की पहली सरकार होगी जो हर ग्रेजुएट को ये अधिकार देने जा रही है। आप सरकार से एक साल की गारंटी की नौकरी मांग सकते हो।

अमेठी में उम्मीदवार की घोषणा के लिए धरने पर बैठे कांग्रेस कार्यकर्ता

- पर्चे में लिखा-अमेठी मांगे राहुल गांधी, अमेठी मांगे प्रियंका गांधी

एजेंसी, अमेठी

अमेठी लोकसभा सीट से उम्मीदवार के रूप में गांधी परिवार के सदस्य के नाम की घोषणा न होने से नाराज कांग्रेस कार्यकताओं ने गौरीगंज में केंद्रीय कार्यालय में मंगलवार से धरना शुरू कर दिया। धरने में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, पूर्व जिलाध्यक्ष योगेन्द्र मिश्रा भी शामिल हैं। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि अब नामांकन के लिए केवल तीन दिन का समय शेष रह गया है, लेकिन अब तक अमेठी लोकसभा सीट से उम्मीदवार की घोषणा नहीं हुई है।

अनिल सिंह ने कहा कि अमेठी में कांग्रेस कार्यकर्ता और अमेठी की जनता गांधी परिवार को चाहती है। उन्होंने कहा, हम सब यह चाहते हैं कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ें और अमेठी का खोया हुआ सम्मान वापस दिलाएं। पार्टी कार्यकर्ता हाथों में पर्चे लिए हुए हैं जिन पर लिखा है, अमेठी मांगे राहुल गांधी, अमेठी मांगे प्रियंका गांधी। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि कांग्रेस हाईकमान से मांग है कि वह तत्काल गांधी परिवार के किसी सदस्य को अमेठी से उम्मीदवार घोषित करे। अमेठी में 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है जो तीन मई तक चलेगी।

अमित शाह फेक वीडियो मामले में दो गिरफ्तार

एजेंसी, अहमदाबाद। अमित शाह फेक वीडियो केस में मंगलवार 30 मई को गुजरात के अहमदाबाद से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक आरोपी कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी का पीए और दूसरा आप कार्यकर्ता है। इस केस में सोमवार 29 अप्रैल को भी असम से एक आरोपी गिरफ्तार किया गया था। वहीं, दिल्ली पुलिस की यूनिट इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटजिक ऑपरेशंस ने इस मामले में 16 लोगों को समन भेजा है। ये सभी सात-आठ राज्यों से हैं। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को 29 अप्रैल को ही समन भेजा जा चुका है। इन सभी लोगों को 1 मई को दिल्ली में आईएफएसओ यूनिट में पेश होना होगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 16 में से छह लोग तेलंगाना कांग्रेस के सदस्य हैं।

कांग्रेस ने गुरुग्राम से राज बब्बर को दिया टिकट

फिल्म स्टार का मुकाबला भाजपा के राव इंद्रजीत से, कैप्टन अजय यादव का पत्ता साफ

देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़

हरियाणा में कांग्रेस ने मंगलवार को गुरुग्राम सीट से उम्मीदवार का ऐलान कर दिया। यहां से बॉलीवुड अभिनेता राज बब्बर को मैदान में उतारा है। पार्टी ने यहां अपने सीनियर नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री कैप्टन अजय यादव की दावेदारी को नकारते हुए फिल्म स्टार राज बब्बर पर भरोसा जताया है। राज बब्बर का मुकाबला बीजेपी के कैंडिडेट राव इंद्रजीत से होगा। राज बब्बर का जन्म 23 जून 1952 को हुआ था। वह तीन बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा सदस्य रह चुके हैं। वह उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं। राज बब्बर ने 1989 में जनता दल में शामिल होकर राजनीति में एंट्री की थी।

इससे पहले कांग्रेस ने 10 में से आठ सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की थी। कुरुक्षेत्र सीट पार्टी ने इंडिया अलायंस के तहत आम आदमी पार्टी को दी है।

कांग्रेस ने पहली लिस्ट में हिसार से पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश को टिकट दी। वहीं भिवानी-महेंद्रगढ़ से पूर्व सीएम हुड्डा के करीबी राव दान सिंह को टिकट दिया गया। इसके अलावा अंबाला से वरुण चौधरी, सिरसा से कुमारी सैलजा, करनाल से दिव्यांशु बुद्धिराजा, सोनीपत से सतपाल ब्रह्मचारी, रोहतक से दीपेंद्र हुड्डा और फरीदाबाद से महेंद्रप्रताप को कैंडिडेट बनाया गया। कांग्रेस उम्मीदवारों की इस सूची में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गुट का दबदबा दिखा है। अधिकतर उम्मीदवार उनके करीबी हैं। कांग्रेस के टिकट के लिए 400 नेताओं ने आवेदन किया था। कांग्रेस ने हर लोकसभा सीट पर जातीय व क्षेत्रीय समीकरण को देखते हुए उम्मीदवार घोषित किए हैं।

तिरछी नजर

धर्मेंद्र व्यास

हरियाणा बोर्ड ने जारी किया 12वीं का रिजल्ट, लड़कियां रहीं अव्वल

- प्राइवेट से सरकारी स्कूल पिछड़े, बोर्ड ने नहीं जारी की मैरिट लिस्ट

देश रोजाना ब्यूरो, भिवानी

हरियाणा के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मंगलवार को 12वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया है। बोर्ड परीक्षा में 88.14 प्रतिशत लड़कियां पास हुई हैं, वहीं 82.52 प्रतिशत लड़के पास हो पाए हैं। वहीं, सरकारी के बजाय बोर्ड से मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों के बच्चों का पास परसेंटेज ज्यादा रहा है।

निजी स्कूलों का रिजल्ट जहां 88.12 प्रतिशत रहा, वहीं सरकारी स्कूलों के 83.34 प्रतिशत बच्चे पास हुए। हरियाणा बोर्ड के रिजल्ट में ओवरऑल ग्रामीण बच्चे ज्यादा कामयाब रहे। हालांकि,इस बार बोर्ड ने मैरिट लिस्ट जारी नहीं की है। स्टूडेंट्स के सुसाइड करने जैसी घटनाओं को देखते हुए बोर्ड ने टॉपर्स की घोषणा नहीं की है।

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि इस परीक्षा में राजकीय विद्यालयों की पास प्रतिशतता 83.35 रही, प्राइवेट विद्यालयों में पासिंग प्रतिशत 88.12 रहा है। इस परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों का पास प्रतिशत 86.17 रहा, जबकि शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता 83.53 रही है।

फैसला निर्दलीय प्रत्याशियों को आवंटित करने के लिए करीब 190 चुनाव निशान तय

निर्दलीयों को मिलेंगे जूता, चप्पल, कूड़ेदान चुनाव निशान

सावधानी

- चुनाव आयोग ने बुलडोजर चुनाव चिन्ह रखने से किया परहेज

देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़

हरियाणा में लोकसभा चुनावों के लिए नामांकन शुरू होते ही निर्दलीय प्रत्याशी चुनावी रण में अपना भाग्य आजमाने को तैयार हो गए हैं। छोटे-छोटे दलों में भी नामांकन की होड़ लगी है। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों और क्षेत्रीय दलों के लिए जहां चुनाव चिह्न पहले से आरक्षित हैं। वहीं निर्दलीय और छोटे-मोटे राजनीतिक दलों के लिए चुनाव आयोग ने पहली बार जूते-चप्पल और कूड़ेदान से लेकर चूड़ियों और कानों की बालियों को भी शामिल किया है। लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों को आवंटित करने के लिए करीब 190 चुनाव निशान तय किए गए हैं। पिछले चुनावों में प्रत्याशियों की पहली पसंद रहे बुलडोजर और जेसीबी जैसे चुनाव चिन्ह इस बार आवंटित नहीं होंगे।

हालांकि इसकी जगह क्रेन, रोड रोलर, ऑटो रिक्शा तथा ट्रक चुनाव चिह्न के तौर पर प्रत्याशियों को जरूर दिए जाएंगे। पिछले कुछ समय से अतिक्रमण हटाने और दबंग लोगों की अवैध संपत्ति को ढहाने के लिए जिस तरह बुलडोजर का इस्तेमाल किया गया है, संभवतः उसे देखते हुए चुनाव आयोग ने इसे चुनाव निशानों की सूची में रखने से परहेज किया है, ताकि कोई प्रत्याशी इसका चुनावी लाभ न उठा सके।

उपयोग से विलुप्त हो चुकी कई चीजों को भी चुनाव आयोग ने चुनाव चिन्हों में शामिल करते हुए सूची में आधुनिकता के साथ विरासत का अनूठा संगम पेश किया है। चुनाव चिह्नों में खिलौने और साग-सब्जियों से लेकर फलों और महिलाओं के श्रृंगार की चीजों की भरमार है। विलुप्ति के कगार पर पहुंची हाथ से चलाई जाने बाली चक्की, डोली, टाइपराइटर, खाट (चारपाई) और कुआं जैसी चीजें सूची में हैं तो एयरकंडीशनर, लैपटॉप, कंप्यूटर, माउस, कैलकुलेटर, सीसीटीवी कैमरा, ड्रिल मशीन, वैक्यूम क्लीनर, पेन ड्राइव, ब्रेड टोस्टर, पेट्रोल पंप जैसी चीजें भी चुनाव चिह्न में शामिल हैं।

महिलाओं के श्रृंगार का सामान चुनाव चिह्नों में शामिल

महिलाओं के श्रृंगार को भी चुनाव आयोग ने पूरा महत्व दिया है। उनके श्रृंगार से जुड़ी चीजें यथा कानों की बालियां, हाथों की चूड़ियां, गले का हार तथा लेडीज पर्स को चुनाव चिह्नों में शामिल किया गया है। इसके अलावा सेब, फलों की टोकरी, अखरोट, केक, आइसक्रीम, नूडल्स भरा कटोरा, शिमला मिर्च, फूल गोभी, अंगूर, हरी मिर्च, कटहल, भिंडी, मूंगफली, नाशपाती, मटर तथा तरबूज जैसे चुनाव चिह्न निर्दलीय प्रत्याशियों को दिए जाएंगे।

कांग्रेस का इतिहास संविधान का गला घोंटने का रहा है: सीएम योगी

- कहा- आरक्षण में सेंधमारी नहीं होने देंगे

एजेंसी, गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संविधान का गला घोंटकर, पिछड़े और अनुसूचित जातियों के आरक्षण में सेंधमारी कर धर्म के आधार पर एक वर्ग विशेष को आरक्षण देने की कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन की मंशा देश की जनता सफल नहीं होने देगी।

भाजपा धर्म के आधार पर किसी भी प्रकार के आरक्षण की विरोधी है क्योंकि धर्म-मजहब के आधार पर भारत के विभाजन का दंश आम जनता झेल चुकी है। भाजपा एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण के लाभ की पक्षधर है।

सीएम योगी मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन से जुड़े जो दल हैं, इनके इतिहास के बारे में हर व्यक्ति जानता है। कांग्रेस का इतिहास बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान का गला घोंटने का रहा है।

1950 में देश का संविधान लागू हुआ और कांग्रेस ने लगातार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को रौंदने समेत यह प्रयास किए कि वह संविधान को अपने तरीके से इस्तेमाल करे। जनता का शासन जनता के लिए है, जनभावनाओं का सम्मान हो, कांग्रेस ने यह कभी समझने का प्रयास ही नहीं किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इमरजेंसी को देश की जनता आज भी नहीं भूली है। यह भी देश के संविधान का गला घोंटने जैसा ही था। इसके साथ ही कांग्रेस ने यूपीए सरकार के समय जो पाप किया, वह भी देश की जनता को याद है। तब

समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी यूपीए सरकार में कांग्रेस की सहयोगी थीं।

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने जस्टिस रंगनाथ मिश्रा कमेटी और सच्चर कमेटी का गठन करके देश भर में संविधान विरोधी कार्य करते हुए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के हक पर डकैती डालने की कोशिश की थी।

तब कांग्रेस ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने का कुत्सित प्रयास किया था। तत्कालीन कांग्रेस सरकार की मंशा 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण में से 6 प्रतिशत तुष्टीकरण के नाम पर काट कर देने की थी। इसी प्रकार सच्चर कमेटी के माध्यम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में सेंधमारी कर मुस्लिम समाज की कुछ जातियों को शामिल करने की कोशिश की गई थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तब भारतीय जनता पार्टी के भारी विरोध के कारण तत्कालीन कांग्रेस सरकार की मंशा पूरी नहीं हो पाई। अन्यथा उसी यूपीए सरकार में कांग्रेस धर्म के आधार पर पूरे देश मे आरक्षण देकर ओबीसी और एससी-एसटी के आरक्षण में सेंधमारी कर चुकी होती। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में ओबीसी आरक्षण में सेंधमारी करते हुए धर्म के आधार पर आरक्षण देने की शुरूआत कर भी दी है। लेकर निर्वाचन आयोग ने कर्नाटक सरकार से रिपोर्ट भी तलब की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहा कि भाजपा बाबा साहब डॉ अंबेडकर और सभी संविधान निमार्ताओं का पूरा सम्मान करती है। भाजपा संविधान निमार्ताओं की मंशा के अनुरूप भारत के संविधान को सर्वोच्च मानते हुए अपने संवैधानिक दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने की पक्षधर है।

भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने बाबा साहब अंबेडकर के मूल्यों और आदर्शों का पूरा सम्मान किया है। पंचतीर्थों का निर्माण किया है। वर्ष 2025 को राष्ट्रीय जनजाति गौरव वर्ष मनाने की बात को अपने संकल्प पत्र में शामिल किया है।

एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस का नेतृत्व पूरी तरह फेल हो चुका है। कांग्रेस के लोग ही कांग्रेस के नेतृत्व पर विश्वास नहीं कर पा रहे हैं। यही कारण है कि कहीं कांग्रेस प्रत्याशी फील्ड छोड़कर भाग रहे हैं, कहीं प्रदेश अध्यक्ष इस्तीफा दे रहे हैं तो कहीं घोषित प्रत्याशी अपनी प्रत्याशिता वापस लेकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इसके चलते अपनी खीझ मिटाने के लिए कांग्रेस नेतृत्व और उनके बचे खुचे नेता ऊलजलूल और मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि जनता कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन के नेताओं की वास्तविकता जानती है और उनके मंसूबों को पूरा नहीं होने देगी।

बीएसएफ ने नेष्टा गांव के खेतों से पकड़ा ड्रोन, पुलिस को सौंपा

एजेंसी, अमृतसर

पंजाब में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवानों ने सोमवार की सायं अमृतसर के सीमांत गांव नेष्टा के एक खेत से ड्रोन बरामद किया है। चीन में निर्मित डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन की जांच के बाद उसे घरिंडा थाने की पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

बीएसएफ के प्रवक्ता मुताबिक बल की एक टुकड़ी सोमवार सायं नेष्टा गांव के पास गश्त कर रही थी। इस दौरान उन्हें गांव के एक खेत में ड्रोन होने की सूचना मिली, तो बीएसएफ की टुकड़ी ने पूरे इलाके में सर्च अभियान शुरू कर दिया। जवानों ने देर सायं करीब छह बजे गांव के साथ सटे एक खेत से क्षतिग्रस्त हालत में ड्रोन बरामद किया।

बरातियों से भरी स्कॉर्पियो पर हाईवा पलटा बच्चे सहित छह की मौत, कई घायल

एजेंसी, पटना

भागलपुर में बरात गाड़ी पर हाईवा पलटने से स्कॉर्पियो में सवार छह बराती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से मायागंज अस्पताल, भागलपुर पहुंचाया गया है। घटना कहलगांव मुख्य मार्ग एनएच-80 स्थित घोघा के आमापुर के पास की है।

घटना रात करीब 11.30 बजे की है। मरने वालों में एक बच्चा भी शामिल है। मृतकों की पहचान संचित कुमार (28), अभिषेक कुमार(18), परिमल दास (21), छोटू मंडल (स्कार्पियो चालक), अमित दास (30) और पंकज कुमार के रूप में की

गई है। इस घटना में कैलाश दास (60) सहित दो लोग घायल हैं, जिनका इलाज मायागंज अस्पताल में चल रहा है।

घटना के संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि तीन स्कॉर्पियो से बरात मुंगेर के खड़गपुर थाना क्षेत्र के धापड़ी मोड़ गोबड्डा पंचायत के गोरिया टोला से पीरपैंती के श्रीमतपुर गांव जा रही थी। उस स्कॉर्पियो में ड्राइवर सहित 11 लोग सवार थे। गाड़ी घोघा थाना क्षेत्र के आमापुर के पास विपरीत दिशा से (कहलगांव की ओर से) गिट्टी लदा हाईवा आ रहा था। घटनास्थल पर सड़क निर्माण कार्य चल रहा था। इस वजह से सड़क एक ओर से करीब तीन से चार फीट तक ऊंची थी। इस दौरान हाईवा गुजरने के क्रम में अनियंत्रित होकर बराती वाहन पर पलट गया। उस समय उस स्कॉर्पियो के आगे-पीछे दो अन्य स्कॉर्पियों चल रही थी।

एक्सीडेंट होते ही दोनों स्कार्पियो किसी तरह आगे पीछे करती हुई बच निकली वरना मरने वालों की संख्या और अधिक बढ़ सकती थी। शोर होने पर आसपास के लोग जमा हुए और किसी तरह उन सब को मलवे से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।

पतंजलि के 14 उत्पादों का लाइसेंस रद्द

एजेंसी, देहरादून

उत्तराखंड सरकार ने योग गुरु बाबा रामदेव की दवा कंपनी पतंजलि के 14 उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। ऐसा कंपनी की ओर से अपने उत्पादों के बारे में बार-बार भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए किया गया है।

पतंजलि आयुर्वेद के दिव्य फामेर्सी के जिन उत्पादों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं उनमें श्वासारि गोल्ड, श्वासारि वटी, दिव्य ब्रोंकोम, श्वासारि प्रवाही, श्वासारि अवलेह, मुक्ता वटी एक्स्ट्रा पावर, लिपिडोम, बीपीग्रिट, मधुग्रिट, मधुनाशिनी वटी एक्स्ट्रा पावर, लिवामृत एडवांस, लिवोग्रिट, आईग्रट गोल्ड और पतंजलि दृष्टि आई ड्रॉप शामिल हैं।

गौरतलब है कि पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन का मामला सुप्रीम कोर्ट में भी चल रहा है। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान रामदेव, कंपनी के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण और कंपनी को फटकार लगाई थी। रामदेव और बालकृष्ण ने माफी भी मांगी थी।

पतंजलि फूड्स को जीएसटी बकाया के लिए कारण बताओ नोटिस

पतंजलि फूड्स को जीएसटी खुफिया विभाग ने कारण बताओ नोटिस भेजा है, जिसमें कंपनी से यह बताने को कहा गया है कि उससे 27.46 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट क्यों नहीं वसूला जाना चाहिए। 26 अप्रैल को कंपनी की ओर से नियामक को दी गई जानकारी के अनुसार, उसे जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय, चंडीगढ़ जोनल यूनिट से मिले नोटिस में यह भी कहा गया है कि कंपनी पर जुमार्ना क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए।

मेरे रहते नहीं होने दूंगा कोई गलत कार्य : ज्योतिरादित्य सिंधिया

एजेंसी, अशोक नगर

भाजपा के गुना-अशोकनगर लोकसभा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मीडिया से बात करते हुए भ्रष्टाचार, अनियमितता और अनैतिक कार्य करने वालों को सीधे शब्दों में चेता दिया है। सिंधिया ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में मेरे यहां न रहते जो अनियमितताएं, भ्रष्टाचार और अनैतिक कार्य हुए हैं वो अब चुनाव परिणाम आने के बाद बर्दाश्त नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि जब तक मैं यहां था तब तक ऐसी कोई घटना यहां नहीं घट पाई। उन्होंने भाजपा नेता अमरजीत छावड़ा पर हुए जानलेवा हमले पर भी दुःख व्यक्त किया। वहीं पुलिस की कार्रवाई की सराहना भी की।

दरअसल, भाजपा लोकसभा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया प्रवास पर अशोकनगर आए, जहां उन्होंने आज मीडिया से चर्चा करते हुए तमाम मुद्दों पर अपनी राय व्यक्त की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 2019 तक जब मैं यहां था तो कोई अनैतिक घटना नहीं घटने दी, लेकिन पिछले कुछ समय में अशोकनगर में ऐसी कुछ घटनाएं घटित हुई हैं, मैं अशोकनगर की जनता को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि मेरे रहते ऐसा कोई कृत्य अशोकनगर में नहीं होने दूंगा। वहीं इस मौके पर सिंधिया ने कई मसलों पर चर्चा की।

इलाहाबाद हाईकोर्ट में हार्ट अटैक से अधिवक्ता की मौत

एजेंसी, प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मंगलवार को करीब 12.30 बजे अफरा तफरी मच गई जब एक अधिवक्ता बेहोश हो कर गिर पड़े। कुछ देर बाद स्थित साफ हुई तो पता चला कि पीड़िता अधिवक्ता का नाम मनीष कुमार दुबे है। घटना के वक्त मनीष त्रिभुवन उपाध्याय हॉल में अपनी सीट पर बैठे हुए थे। घटना के बाद साथी वकील उन्हें तत्काल स्वरूप रानी अस्पताल लेकर गए लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बसपा ने यूपी के लिए घोषित किए तीन नए उम्मीदवार

- अमेठी में बदला गया प्रत्याशी

एजेंसी, लखनऊ

बसपा ने यूपी के लिए तीन नए प्रत्याशियों की घोषणा की है। इस नई लिस्ट में पार्टी ने अमेठी, प्रतापगढ़ और झांसी में उम्मीदवार घोषित किए हैं। अमेठी में नन्हें सिंह चौहान, प्रतापगढ़ में प्रथमेश मिश्रा और झांसी में रवि प्रकाश कुशवाहा पार्टी के प्रत्याशी होंगे। पार्टी ने अमेठी से उम्मीदवार बदल दिया है। एक दिन पहले रविवार को ही अमेठी सीट पर रवि प्रकाश मौर्या को प्रत्याशी बनाया गया था। वह अयोध्या से विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। उनकी जगह पर अब नन्हें सिंह चौहान पार्टी के प्रत्याशी होंगे।

अमेठी के सियासी रण में सोमवार को एक और बदलाव दिखा। दोपहर में बसपा के पहले घोषित प्रत्याशी रवि प्रकाश मौर्य ने नामांकन पत्र लिया था। वह पर्चा दाखिल करते इससे पहले ही देर

शाम को जारी बसपा की सूची में दावेदार ही बदल गया। अब पार्टी ने सुल्तानपुर निवासी व्यवसायी नन्हे सिंह चौहान को दावेदार बनाया है। ताज्जुब की बात तो यह है कि अमेठी के नये दावेदार की प्रोफाइल के बारे में खुद बसपा जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार तक को पता नहीं है। प्रत्याशी के बारे में पूछने पर वह कहते हैं कि जिस तरह से आपको जानकारी मिली है, उसी तरह से हमें भी पता चला है।

अमेठी का सियासी रण दिलचस्प होता जा रहा है। बसपा ने अमेठी में पहला चुनाव 1989 में लड़ा था। उस वक्त राजीव गांधी के खिलाफ बसपा संस्थापक काशीराम चुनाव मैदान में उतरे थे। इसके बाद बसपा ने कई चुनाव लड़ा लेकिन, वह एक लाख वोट तक नहीं पा सकी। इस दौरान बसपा ने कई बदलाव किए लेकिन, बसपा का हाथी दिल्ली तक नहीं पहुंच सका। रविवार की शाम को बसपा ने अयोध्या के रवि प्रकाश मौर्य को उम्मीदवार बनाया था। उन्होंने नामांकन के लिए चार सेट में पर्चे भी ले लिए थे लेकिन, सोमवार की शाम को एकाएक दावेदार ही बदल दिए। ऐसे में नये दावेदार को लेकर खुद बसपा पदाधिकारी भी हतप्रभ है।

सुल्तानपुर जिले के लम्भुआ थाने के अर्जुनपुर गांव निवासी नन्हे सिंह चौहान अर्थशास्त्र से स्नातक पास है। वह गांव के तीन बार प्रधान रहे हैं। बसपा में करीब आठ साल से मिशन से जुड़े रहे हैं। नन्हे सिंह चौहान खुद बिल्डिंग मैटेरियल का कारोबार करते हैं। उनके दो भाई चंडीगढ़ में बिल्डर है। संसदीय चुनाव जैसा बड़ा चुनाव वह पहली बार लड़ रहे हैं। पहली मई को नामांकन करने की तैयारी में है।

जगदगुरु शंकराचार्य प्रज्ञानंद सरस्वती ने किए श्रीजी के दर्शन

एजेंसी, राजसमंद

पुष्टिमार्ग की प्रधान पीठ श्रीनाथजी मंदिर नाथद्वारा में मंगलवार को जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती ने श्रीजी प्रभु के दर्शन कर देश में सुख समृद्धि और शांति की कामना की।

मंगलवार को अनंत श्री विभूषित द्वारिका, शारदा और ज्योतिष पीठाधीश्वर आदि जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती श्रीनाथ जी मंदिर के मोती महल चौक पहुंचे। यहां से मंदिर में प्रवेश कर श्रीजी प्रभु की राज भोग झांकी के दर्शन किए।

दर्शन के बाद स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती मंदिर में महाप्रभु जी की बैठक में पहुंचे। यहां पर मंदिर परंपरानुसार श्रीनाथ जी मंदिर के अधिकारी सुधाकर शास्त्री ने उनका फेंटा बांध कर, रजाई एवं उपरना ओढ़ाया। श्री जी प्रभु का प्रसाद भेंट कर

समाधान किया। वहीं मंदिर के मोती महल चौक में स्थानीय नागरिकों ने भी स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती से आशीर्वाद लिया।

इस दौरान श्रीनाथजी मंदिर के अधिकारी सुधाकर शास्त्री, श्रीनाथ जी मंदिर के मुख्य प्रशासक भारत भूषण व्यास, श्रीनाथ जी मंदिर मंडल के सीईओ महिपाल, तिलकायत सचिव सचिव लीलाधर पुरोहित, जमादार हर्ष सनाढ्य, कैलाश पालीवाल सहित स्थानीय नागरिक और वैष्णव जन उपस्थित रहे।

पूर्व सीएम शिवराज के पक्ष में सभा करने पहुंचे सीएम मोहन यादव

एजेंसी, भोपाल

मध्यप्रदेश में तीसरे चरण की वोटिंग के लिए मतदान की तारीख नजदीक आने के साथ पार्टियों के चुनाव प्रचार में भी तेजी आ गई है। मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव लगातार संसदीय सीटों पर पहुंचकर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाएं और रोड शो कर रहे हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विदिशा संसदीय क्षेत्र के रायसेन जिला अंतर्गत बेगमगंज कस्बे में पूर्व सीएम शिवराज के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि विदिशा क्षेत्र के लोग सौभाग्यशाली है कि अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज और शिवराज सिंह चौहान जैसी विभूतियों ने यहां का प्रतिनिधित्व किया।

सीएम डॉ. यादव ने विपक्षी दल कांग्रेस और पूर्ववर्ती यूपीए सरकार पर निशाना साधा और बोले कि ये वो लोग हैं, जो राम मंदिर के निर्माण में रोज अड़ंगे लगाते थे। लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में

देश से आतंकवाद खत्म हुआ, देश में सुशासन स्थापित हुआ और हमारे देश की सीमाएं भी पूर्ण सुरक्षित हैं। पहले सीमाओं पर आए दिन हमले होते थे और भारतीय सैनिकों के सिर काट लिए जाते थे, लेकिन मनमोहन सिंह सरकार एक ही राग अलापती रहती थी कि यह पाकिस्तान की करतूत है, ये पाकिस्तान से हो रहा है। लेकिन जैसे ही केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी और उरी की घटना हुई तथा हमारे सो रहे सैनिकों पर वार हुआ, तो पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने जो बोला वो करके दिखाया और पहली बार ऐसा हुआ कि पाकिस्तान को एक बार नहीं, दो-दो घर में घुसकर मारके दिखाया।

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और विदिशा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज कांग्रेस के उलटे फैसलों के कारण उनकी हालत ऐसी है कि उनके लोकसभा प्रत्याशी ही कांग्रेस छोडकर भाजपा में आ गए। कांग्रेस में कोई दम नहीं बची। थोड़ी बहुत थी तो उसे भी मोहन ने और भारतीय जनता पार्टी ने खत्म कर दिया। मैं बहनों का दर्द जानता था। बेटी के पैदा होते से है परिवार का चेहरा का उतर जाता था। बेटी को बोझ माना जाता था। इस दर्द को समझकर हमने लाडली लक्ष्मी योजना बनाई।

शिवराज ने इस कहा कि ये कहते हुए गर्व है कि ये भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। हम हैं। जिन्होंने लाडली बहना योजना बना कर बहनों की जिंदगी बदलने का प्रयास किया है। शिवराज ने कहा कि मैं अपने मुख्यमंत्री मोहन यादव का धन्यवाद और अभिनन्दन करूंगा कि उन्होंने स्पष्ट रूप से कह दिया है कि लाडली बहना योजना जारी रहेगी। अब केवल लाड़ली बहना नहीं, लखपति बहना बनना है। मोदी ने भी कह दिया है कि अब लखपति दीदी बनायेंगे।

पूर्व सीएम शिवराज सिंह ने कहा कि आज दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं नरेन्द्र मोदी। और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा। कांग्रेस में प्रधानमंत्री कौन बनेगा ये ही नहीं पता। ये तो बता दो धन्नू बनेगा, पल्ला बनेगा, मन्नू बनेगा, कल्लू बनेगा या जुम्मन बनेगा। मेरे लिए तो जनता की सेवा ही भगवान की सेवा है। मैं भी अब दिल्ली जा रहा हूं, मोहन जी यहां से सौगातें देंगे और मैं दिल्ली से ले लेकर आऊंगा। चिंता मत करो। अपना क्षेत्र आगे-आगे और आगे बढ़ेगा।

मुसलमानों के वोटों की तिजारत कर रही है सपा : रजवी

- अखिलेश यादव पर भड़के बरेली के उलमा

एजेंसी, बरेली

बरेली में ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने मंगलवार को अन्य उलमा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव की खुलकर मुखालफत की। मौलाना ने कहा कि लोकसभा चुनाव चल रहा है। हजारों की तादाद में मुसलमान उलमा से पूछ रहे हैं कि हम वोट किसको दें। इसे लेकर उलेमा ने महत्वपूर्ण फैसला लिया है।

शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अपनी चुनावी सभाओं में मुसलमान शब्द इस्तेमाल करने से डर रहे हैं। मुस्लिम चेहरों को हाशिए पर कर दिया गया है। 22 मुस्लिम बहुल लोकसभा सीटों पर गैर मुस्लिमों को टिकट दिया गया है। राज्यसभा, विधान परिषद और

संसद में मुसलमानों की नुमाइंदगी को एक साजिश के तहत खत्म किया जा रहा है। उन्होंने अखिलेश पर मुसलमानों का अपमान करने का भी आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि बरेली में हुई सपा की सभा में आजम खां का फोटो तक नहीं लगाया गया। प्रदेश के अन्य जनपदों में सपा मुस्लिम विधायक और आजम खां वर्षों से जेल में हैं। इन तमाम चीजों के जिम्मेदार अखिलेश यादव हैं। उन्होंने मुसलमानों के मुद्दों से अपने आप को अलग थलग कर रखा है। वह मुसलमानों के हमदर्द नहीं हैं।

उलमा ने कहा कि अखिलेश यादव मुसलमानों की दाढ़ी और टोपी से नफरत करते हैं। वो हमेशा मुसलमानों को भाजपा और आरएसएस का डर व खौफ दिखाते रहते हैं। मुसलमानों के अंदर सियासी सूझ-बूझ न होने की वजह से अखिलेश यादव मुसलमानों का इस्तेमाल करते हैं। अखिलेश यादव एक तरह से मुसलमानों के वोटों की तिजारत कर रहे हैं। मगर अब इस चुनाव में मुसलमान उनकी तिजारत को बंद कर देगा।

असंतुष्टो के मन को मोहने में लगे मनोहर

- भाजपा ने तैयार की सूची, फोन करके बरसा रहे प्यार, झोंकी पूरी ताकत

देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़

करनाल में उठे नाराजगी के सुरों को भांपते हुए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोक दी है। करनाल लोकसभा और उपचुनाव में जीत के लिए भारतीय जनता पार्टी ने असंतुष्टों को मनाने के लिए फुल प्रूफ प्लान तैयार किया है।

हैं। बैठकों से पहले नाराज लोगों को संतुष्ट करने के लिए नेता धड़ाधड़ फोन कर रहे हैं और प्यार बरसा रहे हैं। खुद पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी मनोहर लाल भी असंतुष्टों को फोन करके हाल-चाल पूछ रहे हैं साथ ही नाराजगी के कारण भी जान रहे हैं। सभी समाज के उन लोगों की सूची तैयार कराई गई है, जो असंतुष्ट हैं और फिलहाल भाजपा के लिए काम नहीं करके घर बैठे हैं।

करनाल की अलग-अलग मार्केट प्रधानों और मौजिज व्यापारियों से सूची ली गई है। इसी प्रकार अनाज मंडी और सब्जी मंडी के व्यापारियों की भी सूची तैयार की गई है। सूची मिलने के बाद मनोहर लाल व उनकी टीम ने इस पर काम शुरू दिया है। खुद मनोहर लाल इन असंतुष्टों को फोन कर रहे हैं और पार्टी के प्रचार में जुटने की अपील कर रहे हैं। इतना ही नहीं वह नाराजगी का कारण भी पूछ रहे हैं। भाजपा के सूत्रों का दावा है कि आगामी कुछ दिनों में तमाम लोगों के साथ अलग-अलग बैठकें होंगी, जिनमें मनोहर लाल के साथ सीएम नायब सैनी भी मौजूद रहेंगे।

करनाल भाजपा के पूर्व जिला प्रधान अशोक सुखीजा कार्यकताओं की नाराजगी जाहिर कर चुके हैं और खुले तौर पर नाराजगी के कारण बता चुके हैं। वह राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी पत्र लिख चुके हैं। हालांकि, इस घटनाक्रम के बाद मनोहर लाल सुखीजा के साथ बैठक कर मनाने की कोशिश कर चुके हैं। असंतुष्ट लोगों का कहना है कि पिछले पांच साल में करनाल में मनोहर लाल ने ऐसा कोई मजबूत नेता नहीं खड़ा किया, जिसको करनाल की जिम्मेदारी दी गई और कार्यकताओं की सुनवाई कराई हो। जिसको भी जिम्मेदारी दी गई, वे कमजोर साबित हुए और जिनको जिम्मेदारी नहीं दी गई, वे नाराज हो गए।

मनोहर पार्ट-1 सरकार के समय अमरेंद्र सिंह करनाल में मुख्यमंत्री कैंप हाउस के ओएसडी थे। पार्ट 2 में लेबर विभाग में चेयरमैन बनाए गए थे, लेकिन पिछले चार साल से वह न तो सरकार में हैं और न ही संगठन में उनको कोई अहम जिम्मेदारी दी गई। फिलहाल वह पंचकूला में रहते हैं और सरकार से नाराजगी के चलते करनाल से दूरी बनाए हुए थे। बताया जाता है कि मनोहर लाल से बातचीत के बाद उनको करनाल में बुलाया गया है। अमरेंद्र सिंह का करनाल में राजपूत समुदाय के साथ-साथ अन्य समाजों में प्रभाव है। बल्कि, उनकी खुद की एक टीम है, जो हर चुनाव में आगे रहती है। इस बार यह टीम भी सक्रिय नहीं है। इसलिए पुरानी टीम को मैदान में उतारने के लिए पूर्व ओएसडी को जिम्मेदारी दी गई है।

जजपा के वरिष्ठ नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

- पंचकूला में सीएम नायब सैनी बोले- पीएम मोदी की नीतियों में बढ़ा विश्वास

देश रोजाना ब्यूरो, पंचकूला

हरियाणा के पंचकूला स्थित भाजपा कार्यालय में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में दूसरे दलों से आए नेताओं को भाजपा की सदस्यता दी गई। सीएम नायब सिंह सैनी ने पार्टी का पटका पहना कर नेताओं का भाजपा में स्वागत किया। भाजपा जॉइन करने वालों में प्रमुख तौर पर जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के राष्ट्रीय सचिव अशोक शेरवाल, प्रदेश महासचिव कुसुम शेरवाल, अंबाला जिला अध्यक्ष हरपाल कंबोज शामिल रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हरपाल कंबोज जेजेपी के बहुत ही वरिष्ठ नेता रहे हैं। उन्होंने अपने साथियों के साथ भाजपा जॉइन की है। आज जिस प्रकार से अन्य पार्टियों से बहुत से नेता भाजपा में आ रहे हैं, ये सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का परिणाम है। हरियाणा में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। देश में सबका साथ, सबका विकास, सब का प्रयास और सब का विश्वास लेकर चले हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने संकल्प भी लिया है कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है और उसे विकसित राष्ट्र के अंदर देश के 140 करोड लोगों का वह सहयोग और उनका आशीर्वाद मिल रहा है।

इसी कड़ी में आज अशोक शेरवाल, कुसुम शेरवाल, भी अपने साथियों के साथ भाजपा में आए हैं। बहुत सारे ऐसे कार्यकर्ता भाजपा में आना चाहते हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अपने मोबाइल से मिस काल देकर भाजपा के सदस्य बनें। भाजपा कार्यालय में विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता, राज्य मंत्री असीम गोयल भी मौजूद रहे।

चंडीगढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी का विरोध

- पवन बंसल को टिकट न मिलने से नाराज कई नेता

देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़

चंडीगढ़ कांग्रेस में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी के अंदर ही उम्मीदवार मनीष तिवारी का विरोध हो रहा है। अब तक कई स्थानीय नेता और पार्षद उनके साथ प्रचार में नजर नहीं आए हैं। यह पवन बंसल को टिकट न दिए जाने को लेकर नाराज हैं। आज (मंगलवार को) पार्टी के पार्षद और प्रदेश उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह गाबी गुट ने एक बैठक बुलाई है। इस बैठक में आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इसमें तिवारी के लिए प्रचार करने या न करने पर भी फैसला लिया जा सकता है।

कांग्रेस की इस बैठक में कई नेताओं के शामिल रहने की चर्चा है। इसमें टिकट से नाराज होकर पार्टी छोड़ने वाले नेता भी शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा पार्टी के उपाध्यक्ष, जनरल सेक्रेटरी, पार्षद, यूथ कांग्रेस के उपाध्यक्ष और एनएसयूआई के अध्यक्ष भी शामिल रहेंगे। बता दें कि कांग्रेस उम्मीदवार मनीष तिवारी खुद गुरप्रीत सिंह गाबी से बात कर चुके हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस बातचीत के दौरान गाबी की तरफ से पवन बंसल को मनाने की शर्त रखी गई थी, जबकि पवन बंसल अभी भी नाराज चल रहे हैं। शुरूआत में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला की तरफ से नाराज नेताओं को मनाने की कोशिश की गई थी। इसमें राजीव शुक्ला खुद पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल के घर उन्हें मनाने गए थे। लेकिन अब कांग्रेस की तरफ से नाराज नेताओं को मनाने की कवायद खत्म कर दी है। इस कारण कई नेता पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हो रहे हैं। अब तक तीन प्रमुख नेता जितेंद्र सिंह, परीक्षित राणा और जिला अध्यक्ष बंटी नारंग अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो चुके हैं। जो बाकी के नाराज नेता हैं, उनमें से भी कई नेता भाजपा नेताओं के संपर्क में है।

रणजीत चौटाला का विधायक पद से इस्तीफा मंजूर, हिसार से बनाया है उम्मीदवार

देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़। हिसार लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला का विधायक पद से इस्तीफा मंजूर हो गया है। हालांकि उन्होंने फिलहाल मंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है। मंगलवार को चौटाला विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता के पास पहुंचे और अपने इस्तीफे का सत्यापन किया। चौटाला ने 24 मार्च को ही अपना इस्तीफा भेज दिया था। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने कहा कि वह मंत्री पद से अभी इस्तीफा नहीं दे रहे।

अभय चौटाला पर सीएम का पलटवार बोले- अपने गिरेबान में झांकना चाहिए

- हुड्डा को बीजेपी की कठपुतली कहने पर भड़के नायब सैनी

देश रोजाना ब्यूरो, करनाल

हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी दोपहर बाद करनाल आईटी आई चौक पर एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि हरियाणा में जबरदस्त माहौल है और देश व प्रदेश की जनता नरेंद्र मोदी को देखना चाहती है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी पर देश की जनता को विश्वास है और वे ईमानदारी के साथ देश को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

अभय चौटाला का बयान है कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने डम्मी कैंडिडेट उतारकर बीजेपी का फायदा करवाया है, इस सवाल पर नायब सैनी ने कहा कि देखिए, यह एक राजनीति है और सभी को अपने-अपने अंदर झांकना चाहिए। उसको भी झांकना चाहिए।

कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा ने आरोप लगाया है कि उन्हें फंसाया जा रहा है, इस सवाल पर नायब सैनी ने जवाब दिया कि एक उच्च स्तरीय बैठक हुई है और उसकी जांच हो रही है। क्योंकि आजकल कांग्रेस झूठ का सहारा ले रही है और झूठ की राजनीति कर रही है और सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाहती है। वे गद्दी के ऊपर बैठना चाहते है। उन्होंने कभी काम तो किए नहीं, लेकिन लोगों में झूठ और भ्रम फैलाकर वोट हासिल करना चाहती है।

सीएम ने कहा कि देश की जनता ने कांग्रेस का 55 साल का शासनकाल देखा है और 55-60 साल में तो सरकार भी व्यक्ति को रिटायर्ड कर देती है। जब इतना लंबा शासन कांग्रेस ने किया हो, और वे देश व प्रदेश की अपेक्षाओं पर खरे न उतरे हो, तो लोगों ने कांग्रेस को नकार दिया है और वे अब झूठ का सहारा ले रहे है, ऐसे झूठ के अंदर लोग न फंसे, लोगों से मेरा यही आग्रह है।

निशान सिंह कांग्रेस में शामिल होने पर ये कहा

जेजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष निशान सिंह कांग्रेस में शामिल हुए है, इस सवाल पर सीएम सैनी ने कांग्रेस पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पल्ले कुछ नहीं है और कांग्रेस की भी दुकान खाली है। कांग्रेस पार्टी के नेता ही इधर उधर भाग रहे है। आज किसी की दुकान में सामान नहीं बचा है। अगर लोग कही पर आ रहे है तो वह भाजपा में आ रहे है और अपने भविष्य को सुरक्षित मानकर आ रहे है।

मामा ने भांजे को कुल्हाड़ी से काटा

- पत्नी से अवैध संबंधों के शक के चलते की वारदात

देश रोजाना ब्यूरो, पानीपत

हरियाणा के पानीपत में मामा ने भांजे को कुल्हाड़ी से काटकर मार डाला। मामा ने सोते हुए सिर और मुंह पर वार किए। घटना खोतपुर गांव की है। मंगलवार सुबह युवक की डेडबॉडी चारपाई के नीचे खून से लथपथ पड़ी हुई मिली। जिस कुल्हाड़ी से वार किए गए थे, वह भी साइड में ही पड़ी थी। शव पर मक्खियां भिनभिना रही थीं।

लोगों ने शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। साथ ही ऋछ टीम को भी मौके पर बुलाया गया। दोनों टीमों ने मौके से सभी आवश्यक कार्रवाई करने के बाद शव को एम्बुलेंस से सिविल अस्पताल भिजवा दिया।

सेक्टर 13-17 थाना के अतिरिक्त प्रभारी रकसुभाष कुमार ने बताया कि प्रकाश रैकवार (33) पुत्र डिब्बू मूल रूप से रैकवार गांव, दमोह खास, मध्य प्रदेश का रहने वाला था। उसका मामा प्रीतम पुरुषोत्तम मध्य प्रदेश के लोहारी हट गांव का रहने वाला है। प्रीतम पुरुषोत्तम खोतपुरा गांव में संदीप संधु के मुर्गी फार्म पर काम करता था।

उसने नूरवाला में किराए पर कमरा लिया था। यहां उसकी पत्नी अपने दो बच्चों के साथ रहती थी। छह माह पहले प्रीतम पुरुषोत्तम अपने भांजे प्रकाश को मध्यप्रदेश से लेकर आया था। उसने इसको भी फार्म पर नौकरी दिला दी। दोनों अलग अलग फार्म पर काम करते थे।

पिछले चार दिन से प्रीतम व प्रकाश के बीच लड़ाई झगड़ा चल रहा था। प्रीतम को शक था कि प्रकाश का उसकी मामी के साथ प्रेम संबंध है। इस बात को लेकर प्रकाश व प्रीतम का मंगलवार रात को भी झगड़ा हुआ था। मालिक संदीप ने दोनों को समझाकर अलग अलग फार्म पर भेज दिया था।

रात को प्रीतम कुल्हाड़ी लेकर प्रकाश के पास पहुंच गया। यहां प्रकाश चारपाई पर आंगन में सो रहा था। प्रीतम ने सो रहे प्रकाश पर कुल्हाड़ी से एक के बाद कई वार किए। इसमें उसकी मौत हो गई। प्रीतम यहीं पर कुल्हाड़ी छोड़कर फरार हो गया। जब सुबह संदीप फार्म पर आया तो उसने प्रकाश का शव खून से लथपथ हालत में देखा। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी।

चोरी का सामान ले जाते चार आरोपी दबोचे

देश रोजाना ब्यूरो, हांसी। हिसार के हांसी में दिन-दिहाड़े 4 लोगों को चोरी के आरोप में लोगों ने चोरी का सामान ले जाते पकड़ा। बताया जा रहा है कि 6 लोगों का गिरोह था जिसमें 4 को आस-पास के लोगों ने पकड़ा। वहीं 2 फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक, ये लोग मंदिर से सामान चोरी कर कबाड़ में बेचने का काम कर रहे थे। घटना की जानकारी देते हुए डी.जे मालिक अनिल दहिया ने बताया कि आज सुबह 10 बजे के करीब त्रिकोण पार्क के समीप 6 लोग रेहड़ी में डी.जे का सामान और राम देव मंदिर में हुई चोरी का सामान लेकर कबाड़ की दुकान में बेचने जा रहे थे। जैसे ही उसने सामान देखा तो यह वहीं सामान था जो कि कुछ दिनों पहले उसकी डी.जे की दुकान व रामदेव मंदिर से चोरी हुआ था। अनिल दहिया और आस-पास के लोगों ने उन चोरों को पकड़ने की कोशिश की जिसमें की सभी चोर भागने लगे। जिसके बाद कुछ लोगों को त्रिकोण पार्क के पास पकड़ा गया।

पानीपत में बीच सड़क रिक्शावाले को गोलियां मारी

- वारदात के बाद बदमाश को लोगों ने पीटा

देश रोजाना ब्यूरो, पानीपत

हरियाणा के पानीपत शहर में मंगलवार सुबह एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया। यहां एक रिक्शा चालक को बीच सड़क पर सरेआम गोलियां मारी गई। वारदात के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। बदमाश को लोगों ने मौके पर ही दबोच लिया। लोगों की भीड़ ने उसे खूब पीटा। वारदात की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

रिक्शा चालक और बदमाश, दोनों को ही सिविल अस्पताल ले गई। डॉक्टरों ने इलाज के बाद रिक्शा चालक को रोहतक ढऋक्क रेफर कर दिया।

घायल रिक्शावाले की पहचान दीनानाथ कॉलोनी निवासी विनोद (45) के रूप में हुई है। वहीं आरोपी युवक उग्राखेड़ी गांव का रहने वाला निकास मलिक उर्फ मूसा है।

तहसील कैंप थाना पुलिस के मुताबिक, घायल विनोद मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कैराना का रहने वाला है। वह करीब 9 साल से दीनानाथ कॉलोनी में 58 गज के प्लाट में अपना मकान बनाकर परिवार सहित रह रहा है। वह भैंसवाल गांव स्थित एक वेस्ट के गोदाम में काम करता है। मंगलवार सुबह वह कॉलोनी के ही रहने वाले राकेश की ई-रिक्शा पर बैठकर काम पर जा रहा था।

रास्ते में उन्हें बदमाश निकास मलिक उर्फ मूसा मिला। उसने खुद को गांव तक छोड़कर आने की बात कही। राकेश ने कहा कि उसकी ई-रिक्शा खराब है, वह इतनी दूर नहीं जा सकेगा। इस बात पर निकास तैश में आ गया और उसने पिस्तौल दिखाते हुए कहा कि लगता है, वह उसे नहीं जानते, वह उग्राखेड़ी गांव से है। उसे छोड़ आओ नहीं तो अंजाम बुरा होगा।

इसके बाद राकेश और विनोद वहां से ई-रिक्शा लेकर आगे की ओर निकल गए। बदमाश ने उनका पीछा किया और धमीजा कॉलोनी पहुंचने पर राकेश पर गोली चला दी। जो गोली उसके साथ बैठे विनोद को जा लगी। उसकी छाती से गोली आर-पार होकर निकल गई।

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, बदमाश निकास पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, वह हिस्ट्रीशीटर है। जाट आरक्षण के दौरान उस पर पानीपत में वाहनों को फूंकने सहित अन्य कई मामले दर्ज हैं। वह नशे का आदी है। उसके पास से पुलिस ने बिना लाइसेंस की पिस्तौल बरामद की है।

कांग्रेस बाप-बेटे की पार्टी, भाजपा के मददगार: दुष्यंत चौटाला

- रोहतक पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत, हुड्डा पर साधा निशाना

देश रोजाना ब्यूरो, रोहतक

रोहतक पहुंचे हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधा। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कांग्रेस बाप-बेटे की पार्टी बनकर रह गई है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा पुत्र मोह में नेताओं का बलिदान दे रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण करण दलाल है, कुलदीप शर्मा है, किरण चौधरी है। अनेक ऐसे उदाहरण है जिसके चलते भूपेंद्र सिंह ने भाजपा के साथ सांठ-गांठ की है और कांग्रेस के नेताओं का बलिदान दिया है।

उन्होंने भाजपा और भाजपा नेताओं के हो रहे विरोध पर कहा कि विरोध करने वाले लोग कांग्रेस के समर्थक हैं। उनका कोई विरोध नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा और भारतीय जनता पार्टी के बीच में मैच फिक्स किए हुए हैं, ताकि एऊ और सीबीआई का डर ना हो। दुष्यंत चौटाला ने भाजपा पर भी निशाना साधा और कहा कि भाजपा ने 400 पार का नारा दे तो दिया, लेकिन यह संभव नहीं है। भाजपा 400 नहीं बल्कि 250 का आंकड़ा मुश्किल से पार कर पाएगी।

दुष्यंत चौटाला ने जजपा के प्रदेश अध्यक्ष निशान सिंह के पार्टी छोड़ने पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि निशान सिंह काफी पहले ही पार्टी छोड़ चुके थे, अब तो केवल कांग्रेस का पटका पहना है। जो सम्मान निशान सिंह को या अन्य कार्यकताओं को उनकी पार्टी में मिलता था, वह कांग्रेस में शायद ही मिल पाएगा। उन्होंने निशान सिंह को शुभकामनाएं भी दी, साथ ही दुष्यंत चौटाला ने जारी की गई जेजेपी की प्रत्याशियों की लिस्ट को लेकर भी बयान दिया। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी पार्टी ने सभी वर्गों का ध्यान रखा है। पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग व महिला हो सभी वर्गों को टिकट दिया गया है।

नशा तस्कर को 10 साल की जेल

देश रोजाना ब्यूरो, हिसार। कोर्ट ने नशा तस्कर को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। 4 साल पहले उसे 527 किलो 800 ग्राम डोडा पोस्त के साथ पकड़ा गया था। दोषी राजेंद्र फतेहाबाद के भूना का रहने वाला है। इस केस में उसे अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत की कोर्ट ने सजा के साथ 1 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। वह बादाम से भरे केंटर में नशीला पदार्थ छिपाकर लेकर आया था। कोर्ट में चले अभियोग के अनुसार स्पेशल स्टाफ में तैनात एएसआइ धर्मबीर ने 8 फरवरी 2021 में केस दर्ज करवाया था कि वो अपनी टीम के साथ मंगाली कैमरी रोड नजदीक पेट्रोल पम्प मंगाली के पास नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। इसी वक्त स्याहड़वा की तरफ से एक कंटेनर आता दिखाई दिया। इसके चालक की पहचान फतेहाबाद के भूना निवासी राजेन्द्र के रूप में हुई है।

बीच में रुपए खाने वाले आज बेरोजगार, धोलकपड़ियों के कपड़े खूंटी पर टंगवा दिए: मनोहर लाल

देश रोजाना ब्यूरो, भिवानी

हरियाणा के भिवानी व चरखी दादरी में भाजपा की रैली में पूर्व सीएम मनोहर लाल ने भ्रष्टाचार को लेकर वार किया। उन्होंने कहा कि विकास के लिए जो रुपए जारी करते हैं, वो सौ का सौ रुपया आप तक पहुंचता है। कांग्रेस राज में तो 100 में से 15 रुपए ही पहुंच पाते थे। उन्होंने कहा कि जो बीच में रुपए खाने वाले थे, वे भाजपा सरकार में बेरोजगार बैठे हैं। नौकरी के लिए रुपए लेने वाले धोल कपड़ियों के कपड़े भी खूंटी पर टंगवा दिए हैं।

मनोहर लाल मंगलवार को कांग्रेस नेत्री किरण चौधरी के गढ़ में भाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मवीर सिंह के लिए वोट की अपील कर रहे थे। भाजपा की विजय संकल्प रैली में पूर्व मुख्यमंत्री दहाड़ते हुए नजर आए। उन्होंने क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों का ब्योरा दिया और नेशनल हाइवे 152डी को क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात बताया। उन्होंने कहा कि दादरी में मेडिकल कॉलेज बनवाने के लिए जमीन ले ली गई है। सरकार आने पर यह काम भी पूरा किया जाएगा।

भाजपा प्रत्याशी चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा कि उन्होंने दादरी में काफी विकास करवाए। उन्होंने कहा कि जयचंद यानी गद्दारों से सावधान जरूर रहना। दादरी में पूर्व विधायक सतपाल सांगवान के नेतृत्व में रैली का आयोजन किया गया था। इसके साथ ही तोशाम हलके कैरू में पूर्व विधायक शशि रंजन परमार के नेतृत्व में रैली आयोजित की गई। इस दौरान वित्त मंत्री जेपी दलाल, पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान ,पूर्व विधायक सुखवेंद्र मांढी, विधायक लक्ष्मण, जिला अध्यक्ष किरण कलकल, मुकेश गौड, सुनीता दांगी, बबीता फोगाट, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकिशन, शंकर धुपड़, सतेंद्र परमार, महेश चौहान सहित अनेक गणमान्य नेता पहुंचे।

यदि आप नदी के किनारे रहते हैं, तो बेहतर यही है कि आप मगरमच्छ से दोस्ती कर लें। यही आपके हित में है। मगरमच्छ से दुश्मनी ठीक नहीं है।
-चाणक्य

संपादकीय

कठोर सजा का प्रावधान किए बिना नहीं रुकेगी मिलावटखोरी

खानपान की शुद्धता पर हमारे पूर्वजों ने हमेशा ध्यान दिया था। वे जो कुछ भी खाद्य पदार्थ के रूप में उपयोग करते थे, उसमें किसी प्रकार की मिलावट करना पसंद नहीं करते थे। यही वजह है कि वे तमाम परेशानियों और रोगों से बचे रहते थे। इन दिनों तो लगभग हर खाद्य पदार्थ में मिलावट की जा रही है। कोई भी सब्जी हो, खाद्यान्न हो या पेय पदार्थ सबमें मिलावट की जा रही है। खुले तौर पर बिकने वाली या फिर बड़ी-बड़ी कंपनियों द्वारा बेचे जाने वाले खाद्य पदार्थों में मिलावट की जा रही है। हरियाणा में मिलावटखोरी का आलम यह है कि पिछले आठ साल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने विभिन्न खाद्य पदार्थों के 23, 653 सैंपल भरे थे। इनमें से 6140 सैंपल मिलावटी पाए गए। मिलावटखोरी का यह आंकड़ा लगभग 26 प्रतिशत के आसपास बैठता है। दूध, दही, घी, शहद जैसी खाद्य वस्तुओं में मिलावटखोरी के सबसे ज्यादा मामले पाए गए। कितने अफसोस की बात है कि दूध में आरारोट और यूरिया जैसे पदार्थों को मिलाकर बेचा जा रहा है। इस दूध का उपयोग करने वाले लोग कई तरह की बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। इस दूध को पीने वाले छोटे बच्चों को हम बचपन से ही दूध के नाम पर बीमारी बांट रहे हैं। पूरे प्रदेश में रोज हजारों किलो मिलावटी दूध तैयार किया जाता है। इन दूध उत्पादों को तैयार करने के लिए मैलामाइन, सल्फूरिक एसिड, ग्लिसरीन, यूरिया, स्टॉर्च, कास्टिक सोडा जैसे रसायनों का उपयोग किया जाता है। शहद में चीनी मिलाकर धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। इसमें कई बड़ी नामी कंपनियां भी शामिल हैं। सब्जियों को तरोताजा रखने के लिए उन पर केमिकल का छिड़काव किया जाता है। केमिकल का छिड़काव करने से सब्जियां, फल आदि चमकीली और काफी दिनों तक तरोताजा दिखती हैं। इनका उपयोग करने पर कई तरह की गंभीर बीमारियां होने का खतरा रहता है। लतावर्गीय सब्जियों और फलों के पौधों की जड़ या तने में प्रसव के दौरान महिलाओं को लगाया जाने वाला ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन लगाया जाता है। जिससे इन सब्जियों और फलों की बढ़ोतरी बड़ी तेजी से होती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि चिकित्सकों के मुताबिक, काफी उच्च तापमान पर इन सब्जियों को गर्म करने पर आक्सीटोसिन का रसायन टूटता नहीं है। ऐसी सब्जियों और फलों का उपयोग करने वाले बच्चों पर काफी विपरीत असर होता है। हरियाणा के खाद्य विभाग के संयुक्त सचिव डीके शर्मा ने हाईकोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए हाल के दिनों में खुलासा किया है कि कोरोना महामारी के बाद खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी के मामले बढ़े हैं। यदि मिलावटखोरी पर लगाम लगाना है, तो सबसे पहले फूड सेफ्टी एक्ट और आईपीसी में संशोधन करके कठोर दंड का प्रावधान करना होगा।

दूध, दही, घी, शहद जैसी खाद्य वस्तुओं में मिलावट खोरी के सबसे ज्यादा मामले पाए गए।

बोधिवृक्ष

● अशोक मिश्र

बच्चों को खिला दिया अपना खाना

स्वामी विवेकानंद ने जीवन भर लोगों की सेवा और सहायता का प्रण लिया था। वे संत होते हुए भी दीन-दुखियों की सहायता करने में कभी पीछे नहीं रहते थे। अगर उन्हें पता चलता था कि फलां जगह पर महामारी फैली है, बाढ़ आई है या किसी दूसरी प्रकार की आपदा आई है तो वे उस स्थान पर पहुंचकर मरीजों और लोगों की सेवा करते। उनके गुरु ने कहा था कि हिमालय की किसी कंदरा में बैठकर तपस्या करने से बेहतर है कि अपने देश के दरिद्र नारायण की सेवा की जाए। यह बात उन्हें आजीवन याद रही। कई बार तो उन्होंने दरिद्र नारायण की सेवा और मदद के लिए धनिकों से चंदा किया और जो कुछ भी मिला, उसे लाकर गरीबों की मदद की। अमेरिका के शिकागो में हुए धर्म संसद में जाने के बाद भी उन्होंने अमेरिका में भी यह क्रम जारी रखा। अमेरिका में रहते हुए एक दिन की घटना है। भ्रमण करने एवं भाषणों के बाद स्वामी विवेकानन्द अपने निवास स्थान पर आराम करने के लिए लौटे हुए थे। उन दिनों अमेरिका में भी वे अपने हाथों से भोजन बनाते थे। वे भोजन बनाकर खाने की तैयारी कर ही रहे थे कि कुछ बच्चे उनके पास आकर खड़े हो गए। उनके अच्छे व्यव्हार के कारण बहुत बच्चे उनके पास आते थे। वे सभी बच्चे भूखे मालूम पड़ रहे थे। स्वामी जी ने अपना सारा भोजन बच्चों में बांट दिया। वहां पर एक महिला बैठी ये सब देख रही थी। उसने बड़े आश्चर्य से पूछा-आपने अपनी सारी रोटियां तो इन बच्चों को दे डाली, अब आप क्या खाएंगे? स्वामी जी मुस्कुराते हुए बोले-माता! रोटी तो मात्र पेट की ज्वाला शांत करने वाली वस्तु है। यदि इस पेट न सही तो उनके पेट में ही सही। आखिर वे सब भगवान के अंश ही तो हैं। देने का आनंद, पाने के आनंद से बहुत बड़ा है। यह सुनकर वह महिला उनकी उदारता समझ गई।

news@deshrojana.com

सामयिकी

ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पर्यावरणविद और स्तंभकार

बढ़ी लापरवाही तो धधकने लगे कचरे के पहाड़

अमेरिका, आस्ट्रेलिया, चीन, ब्रिटेन, जर्मनी, सिंगापुर आदि की बात छोड़ अगर कोई ये कहे कि क्या हमने अहमदाबाद, सूरत, नवी मुंबई, मैसूर और इंदौर के कचरा संग्रह और उसके निपटान से कोई सीख ली है, तो जवाब होगा नहीं। ऐसी स्थिति में दिल्ली ही क्या, देश के हर शहर-कस्बे में कचरे के पहाड़ तेजी से बनेंगे और वे सुलगेंगे, धधकेंगे और लोगों की अनचाहे मौत के वायस बनते रहेंगे।

दिल्ली में गाजीपुर लैंडफिल स्थित कचरे के पहाड़ पर लगी आग अभी फिलहाल बुझा तो दी गई है। यह बात दीगर है कि अभी 40-50 छोटी-मोटी जगहों पर आग की लपटें बची हुई हैं। लेकिन इसके धुएं ने आसपास के एक किमी इलाके के लोगों की सांस अटका रखी है। हसनपुर, गाजीपुर, खोड़ा, चिल्ला गांव और मयूर विहार सहित आधा दर्जन इलाकों में रहने-बसने वाले लोग आंखों में जलन व सांस लेने में दिक्कत महसूस कर रहे हैं। वे आंखें खुली नहीं रख पा रहे हैं। इस मामले ने देश की राजधानी की राजनीति भी गरमा दी है। गौरतलब यह है कि अभी तक आग के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और एफएसएल की टीमें जांच कार्य में जुटी जरूर हैं लेकिन लैंडफिल साइट के प्रबंधन को लेकर दिल्ली नगर निगम की नीति पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। पिछले बीस सालों से कूड़े के पहाड़ खत्म करने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने का खामियाजा यहां रहने वाले लोगों को उठाना पड़ रहा है। इससे आसपास के दो किमी के क्षेत्रफल में रहने वालों का जीना दूभर हो गया है।

वैसे कूड़े-कचरे के पहाड़ के मामले में अभी तक दिल्ली और मुंबई महानगर सबसे ज्यादा चर्चित थे, लेकिन अब तो गुरुग्राम ने भी इस सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया है। यहां बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर रोजाना फरीदाबाद और गुरुग्राम का 2300 टन कचरा पहुंच रहा है। यहां पिछले 30 मार्च से लगातार आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। यहां फिलहाल तकरीबन 16 लाख टन कूड़ा पड़ा है। बीते 24 दिनों में यहां 13 बार आग लग चुकी हैं। 23 अप्रैल की सुबह लगी आग इतनी भयंकर थी कि उसका धुआं कई किमी दूर तक न केवल दिखाई दे रहा था बल्कि वहां के लोग धुएं के चलते आंखों में जलन से परेशान थे। यहां रहने वाले लोग बरसों से दिल, सांस, गले में खराश, दिमाग में सूजन आदि रोगों के चंगुल में हैं। खासतौर पर बच्चों, गर्भवती महिलाओं, हृदय और सांस रोगियों के लिए यह स्थिति जानलेवा है।

कचरे के पहाड़ पर लगी आग से शहर में घुल रहे धुएं पर न केवल उपराज्यपाल, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री और सुप्रीम कोर्ट तक ने संज्ञान लेते हुए निगमायुक्त, प्रमुख सचिव व दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बाबत अपनी टिप्पणी में कहा है कि यह आश्चर्यजनक है कि राजधानी में प्रतिदिन निकलने वाले 11,000 टन ठोस कचरे में से 3,000 टन का कानून के तहत उचित तरीके से निपटान नहीं किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने कहा है कि यह स्तब्ध करने वाली बात है कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम 2016 को लागू हुए आठ साल हो गए हैं लेकिन दिल्ली में इसका कोई पालन नहीं हो रहा है। अकेले देश की राजधानी की ही बुरी नहीं है। पूरे देश के हालात का जायका लें तो पता चलता है कि देश में हर साल 277 अरब किलो कचरा निकलता है। प्रति व्यक्ति करीब 205 किलो कचरा निकलता है। इसमें से केवल 70 फीसदी ही इकट्ठा किया जाता है। बाकी जमीन और पानी में फैला रहता है। इकट्ठा किए कचरे में से आधा या तो खुले में फेंक दिया जाता है या उसे जमीन में दबा दिया जाता है। जहां तक प्रति व्यक्ति का सवाल है, 0.62 किग्रा कचरा एक व्यक्ति प्रतिदिन पैदा करता है। खुले में फेंके गए कचरे में भारी मात्रा में निकल, जिंक, आर्सेनिक, कांच, क्रोमियम और दूसरी जहरीला धातुएं होती हैं जो पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे की वजह होती हैं।

देश में सालाना जितनी जहरीली मीथेन उत्सर्जित होती है, उसमें से 20 फीसदी सिर्फ इन कचरे के ढेरों से निकलती है। इस तरह दिन-ब-दिन कचरे के पहाड़ों की तादाद शहर-दर-शहर बढ़ती चली जाएगी। अमेरिका, आस्ट्रेलिया, चीन, ब्रिटेन, जर्मनी, सिंगापुर आदि की बात छोड़ अगर कोई ये कहे कि क्या हमने अहमदाबाद, सूरत, नवी मुंबई, मैसूर और इंदौर के कचरा संग्रह और उसके निपटान से कोई सीख ली है, तो जवाब होगा नहीं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

चिट्ठी आई है

आरक्षण को लेकर भाजपा पर हमला

अब आरक्षण को लेकर मायावती ने भी भाजपा पर हमला बोलना शुरू कर दिया है। उन्होंने बदायूं, आंवला और संभल लोकसभा क्षेत्र में बसपा प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार दलितों और पिछड़ों को मिलने वाले आरक्षण को सीमित करने का प्रयास कर रही है। भाजपा के शासनकाल में पदोन्नति में दिए जाने वाले आरक्षण को भी प्रभावहीन बना दिया गया है। सरकारी नौकरियों में आरक्षण का कोटा पिछले कई वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। इसे भरने की जरूरत नहीं समझी गई है। असल में इस बार होने वाले लोकसभा चुनाव के दौरान आरक्षण एक प्रमुख मुद्दा बना हुआ है। विपक्षी पार्टियां भाजपा पर आरक्षण खत्म करने का आरोप लगा रही हैं। इससे पूरी भाजपा को दलितों और पिछड़ों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है। भाजपा नेता और पीएम मोदी बराबर इस बात की सफाई दे रहे हैं कि भाजपा आरक्षण खत्म नहीं करेगी।

आकाश सिंह, पलवल

पाठकों से 'चिट्ठी आई है' कालम के लिए विचार, सुझाव और शिकायतें आमंत्रित हैं।
-संपादक

एक्स हैंडल

Pankaj Punia@IND_PankajPunia

ये होते हैं सच्चे कांग्रेसी नेता की पहचान। जिस परिवार ने केंद्र से लेकर मुख्यमंत्री तक की कुर्सी पर बैठ कर देख लिया हो. पार्टी नेताओं के षड्यंत्र से भी लड़ती रही.. षड्यंत्र से बेटी की टिकट भी काटी गई. आज जहां छोटे छोटे नेता भी पार्टी छोड़कर भाग रहे हैं वहीं @officekiran जैसे सच्चे नेता पार्टी कार्यकताओं में उत्साह भर रही है ताकि @RahulGandhi जी की न्याय की लड़ाई कमजोर न पड़ेङ्ग. हरियाणा में भाजपा का सफाया तय है।

पंकज पुनिया
कांग्रेस समर्थक

cmoharyana@cmohry

अमेठी और रायबरेली जैसी परंपरागत सीटों पर भी चुनाव लड़ने की हिम्मत हार चुकी कांग्रेस अब सिर्फ और सिर्फ फर्जी वीडियो के भरोसे है! कांग्रेस के धोली दाढ़ी वाले कथित युवराज अपने पतन के आखिरी बिंदु पर हैं इसलिए संविधान और आरक्षण का निराधार मुद्दा उठाकर लोगों को गुमराह करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। भाजपा SC,ST और OBC के आरक्षण की सबसे बड़ी समर्थक है लेकिन धर्म के आधार पर मुस्लिमों को मिलने वाले आरक्षण का कभी भी समर्थन नहीं करती है।

नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री
हरियाणा

Jaiky Yadav@JaikyYadav16

इस देश में मूलत: दो कोरोना वैक्सीन लगाई गई थीं जिनमें एक थी कोवैक्सीन और दूसरी थी कोवीशील्ड। कोवीशील्ड को बनाने वाली कंपनी एस्ट्रेजनेका थी, इस कंपनी ने यूके के कोर्ट में माना है कि इसकी वैक्सीन से खून का थक्का बन सकता है जिसके कारण ब्रेन स्ट्रोक या हार्ट अटैक हो सकता है। हमारे देश में 80% डोज इसी कोवीशील्ड वैक्सीन के ही दिए गए हैं। इस वैक्सीन को हमारे देश में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने बनाया था जिसके उएड अदार पूनावाला हैं। क्या सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने किसी भी पार्टी को चुनावी चंदा दिया है? यह सवाल आपके लिए है।

अमेठी से चुनाव क्यों नहीं लड़ते राहुल गाँधी?

प्रभुनाथ शुक्ल
स्वतंत्र लेखक

कांग्रेस अमेठी और रायबरेली को लेकर असमंजस में है। अपनी परम्परागत सीट पर अपना उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है। अमेठी और रायबरेली को लेकर मंथन जारी है। कहा जा रहा है कि यहां पांचवें चरण में वोटिंग होगी इसलिए पर्याप्त समय है। लेकिन सम्भवतः सच यह है कि अभी राहुल गाँधी एवं प्रियंका खुद तय नहीं कर पाए हैं कि उन्हें चुनावी मैदान में उतरना है या नहीं। फिलहाल दिखावे के लिए यह फैसला पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर छोड़ दिया गया है। कार्यकर्ता चाहते हैं कि राहुल गाँधी और प्रियंका रायबरेली और अमेठी से चुनाव लड़ें। कार्यकर्ताओं की मांग जायज भी है, लेकिन पार्टी राहुल और प्रियंका को उम्मीदवार बनाने में डर क्यों रही है, यह समझ से परे है। उन्हें क्या हार का भय है या फिर वे चुनाव लड़ना नहीं चाहते हैं। ऐसा नहीं है तो उन्हें पार्टी का उम्मीदवार घोषित करना चाहिए

कांग्रेस में संगठन या फिर गाँधी परिवार का फैसला सर्वमान्य है। मुझे तो ऐसा नहीं लगता क्योंकि अगर बात पार्टी स्तर पर होती तो अब तक फैसला हो गया होता। लेकिन लगता है कि इसमें राहुल और प्रियंका गांधी वाड्रा का निजी निर्णय है जिसकी वजह से पार्टी फैसला नहीं ले पा रही है। प्रियंका गांधी ने कई बार संकेत दिया है कि वह चुनाव नहीं लड़ना चाहती हैं। वर्तमान समय में जो स्थिति है, वह कांग्रेस के लिए बेहद चुनौती पूर्ण है। लेकिन अमेठी और रायबरेली के लिए यह स्थित हम गाँधी परिवार के लिए कम से कम चुनौती पूर्ण नहीं मानते हैं। अभी तक वहां से सोनिया गांधी संसद पहुंचती रही हैं। राहुल और प्रियंका को निश्चित रूप से अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ना चाहिए। कांग्रेस के लिए हार जीत के मायने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण अमेठी और रायबरेली की जनता का सम्मान है क्योंकि दोनों अहम सीट गांधी परिवार की परंपरागत विरासत रही है। यह अलग बात है कि अमेठी से भजपा की स्मृति ईरानी चुनाव जीतने में सफल रही हैं।

कांग्रेस राजनीति के संक्रमण काल से गुजर रही है लेकिन गांधी परिवार की अहमियत कांग्रेस और देश के लिए उतनी ही अहम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने सियासी हमले के लिए सीधे तौर पर कांग्रेस को चुनते हैं। प्रधानमंत्री मोदी को अच्छी तरह मालूम है कि भाजपा का विकल्प कांग्रेस ही है। हम चाहते हुए भी कांग्रेस का अस्तित्व नहीं मिटा सकते हैं। उसी तरह राजनीति में यह भी सच है कि जब तक कांग्रेस है, तब तक गांधी परिवार के अस्तित्व को मिटाया नहीं जा सकता है। गांधी परिवार ने देश, कांग्रेस और राजनीति के लिए जो योगदान दिया है, देश की जनता में कहीं ना कहीं से उसके लिए सुरक्षित कोना महफूज है। सियासी आलोचनाओं की बात दीगर है। राजनीति एक ऐसा विषय है जिसमें विरोधी के लिए समालोचना का स्थान नहीं होता।

दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है। उत्तर प्रदेश में अगर गांधी परिवार की उपस्थिति शून्य है तो यह विश्लेषण का विषय है। लोकतंत्र में जय-पराजय का खेल कोई मायने नहीं रखता है। यह फैसला जनता के हाथ में होता है। यह वही रायबरेली और अमेठी है जहां से इंदिरा गांधी को भी चुनाव हारना पड़ा था। कांग्रेस विरोधी लहर में राज नारायण, जनता पार्टी से इंदिरा गाँधी के खिलाफ चुनाव जीत गए। राहुल गांधी के खिलाफ स्मृति ईरानी जीत गईं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि यह सीट कांग्रेस के हाथ से छिन गई। लोकतंत्र में हमेशा प्रयोग का विकल्प खुला रहता है। रायबरेली ने इंदिरा गांधी को फिर से चुनकर दिल्ली भेजा। हार-जीत के डर से चुनाव न लड़ना गांधी परिवार की राजनीतिक कमजोरी होगी।

राहुल और प्रियंका गांधी को लगता है कि अगर वे चुनावी जंग में अमेठी और रायबरेली से उतरते हैं तो पार्टी के प्रचार की कमान वे नहीं संभाल पाएंगे। इसकी वजह से पार्टी को नुकसान हो सकता है। दोनों पार्टी के स्टार प्रचारक हैं। यह बात उनकी कुछ हद तक सही भी हो सकती है। लेकिन अमेठी और रायबरेली को लावारिस छोड़ना भी यहाँ की जनता का अपमान होगा और गांधी परिवार की यह सबसे बड़ी सियासी भूल होगी।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

डे इन हिस्ट्री

01 मई 2024



01 मई 1988 को अयोध्या में जन्मी अनुष्का शर्मा अभिनेत्री हैं।

- 1886: अमेरिका के शिकागो में कामगारों के लिए काम के घंटे तय करने को लेकर हड़ताल हुई। मजदूर दिवस मनाने की शुरूआत हुई।
- 1897: स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की।
- 1908: प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर बम कांड को अंजाम देने के बाद खुद को गोली मारी।
- 1914: कार निर्माता फोर्ड वह पहली कंपनी बनी जिसने अपने कर्मचारियों के लिए आठ घंटे काम करने का नियम लागू किया।
- 1923: भारत में मई दिवस मनाने की शुरूआत हुई।
- 1956: जोनसा साल्क द्वारा विकसित पोलियो वैक्सीन जनता के लिए उपलब्ध कराई गई।
- 1972: देश की कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण हुआ।
- 2009: स्वीडन ने समलैंगिक विवाह को मंजूरी दी।
- 2011: अमेरिका पर 2001 के हमले के मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन के पाकिस्तान के ऐबटाबाद में मारे जाने की पुष्टि हुई।

त्वरित टिप्पणी

सेक्स स्कैंडल ने ठोंक दी जेडीएस के ताबूत में कील!

संजय मग्गू
प्रधान संपादक

कर्नाटक में इन दिनों सियासी तापमान बहुत ज्यादा है। सांसद प्रज्ज्वल रवन्ना का सेक्स स्कैंडल सामने आने के बाद जहां भाजपा और जेडीएस बचाव की मुद्रा में हैं, वहीं कांग्रेस इस मुद्दे को सात मई को होने वाले मतदान को लेकर भुनाने का प्रयास करने में जुट गई है। हालांकि कर्नाटक के पूर्व सीएम एचडी कुमार स्वामी ने प्रज्ज्वल रेवन्ना को एसआईटी जांच तक पार्टी से निलंबित करने की घोषणा कर दी है, लेकिन उनका यह कदम शायद ही सेक्स स्कैंडल से होने वाले नुकसान की भरपाई कर सके। कांग्रेस पूरे कर्नाटक में जगह-जगह इस मामले को लेकर प्रदर्शन कर रही है। जैसे ही मामले का खुलासा हुआ, कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया ने एसआईटी जांच कराने की घोषणा करने में देरी नहीं की। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कई कांग्रेसी नेता इस मामले में पीएम नरेंद्र मोदी को भी कठघरे में खड़ा करने से नहीं चूक रहे हैं। प्रज्ज्वल रेवन्ना का जर्मनी भाग जाना भी कर्नाटक में भाजपा और जेडीएस के लिए भारी पड़ सकता है। आगामी सात मई को होने वाले मतदान में जेडीएस और भाजपा को कितना नुकसान होता है, इसका खुलासा तो चार जून को होगा, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनाव के दौरान हुए सेक्स स्कैंडल खुलासे ने भाजपा के सामने एक सुनहरा मौका उपलब्ध करा दिया है। कर्नाटक सहित पूरे देश में जेडीएस जिस तरह शर्मनाक स्थिति में आ चुकी है, उससे अब जनता दल सेक्युलर में भगदड़ होनी निश्चित है। आगामी सात मई को होने वाले चुनाव के लिए प्रचार करने जा रहे जेडीएस कार्यकर्ताओं और नेताओं को बड़ी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में जाहिर सी बात है कि ज्यादातर नेता और कार्यकर्ता शिफ्ट होंगे। उनके लिए भाजपा सबसे मुफीद संगठन है। भाजपा भी इस मौके को भुनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहेगी। अब आने वाले कुछ दिनों में जेडीएस में मचने वाली भगदड़ को एचडी देवेगौड़ा और उनके पुत्र एचडी कुमार स्वामी कितना रोक पाते हैं, यह उनकी क्षमता पर निर्भर है। कर्नाटक में अब भाजपा अपना विस्तार भी कर सकेगी और जेडीएस को अपनी शर्तों पर गठबंधन के लिए मजबूर कर सकती है। जेडीएस नेताओं के सामने सबसे बड़ी शर्मनाक स्थिति यह है कि पूर्व पीएम देवेगौड़ा के विधायक पुत्र एचडी रेवन्ना और सांसद पोते प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ उनकी मेड ने एफआईआर दर्ज कराई है। दोनों को मेड ने यौन शोषण का आरोपी बताया है। मीडिया में जो खबरें आ रही हैं, वे काफी हैरतअंगेज हैं। बताया जा रहा है कि पिछले कई सालों में प्रज्ज्वल ने हजारों महिलाओं का यौन शोषण किया है। खुद उनके यौन शोषण की वीडियो फिल्म बनाई है और यौन शोषण के दौरान बर्बर व्यवहार किया है। इस मामले में भाजपा के सामने संकट यह है कि भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय नेतृत्व को पहले भी चेतावनी दी थी, इसके बावजूद पीएम प्रज्ज्वल के पक्ष में प्रचार करने गए, इसी बात को विपक्ष मुद्दा बना रहा है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नीता मग्गू द्वारा आर.प्रहरी मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, वार्ड नंबर 12, नजदीक हरियाणा सीनियर सेकेंड्री स्कूल, बाली नगर, पलवल से प्रकाशित और इंप्रेशन्स प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21-22, सेक्टर 59, नोएडा, 201301 से मुद्रित। **संपादकः संजय मग्गू** (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन एवं प्रकाशन के लिए जिम्मेदार) फोन नंबर-0129-4059300, 4317287, मोबाइल नंबर-7027599300, प्रसारः 9871669296 आरएनआई नंबरः **HARHIN/2021/81389, Email info@deshrojana.com, Website www.deshrojana.com**

शहर की धड़कन...

बुधवार, 01 मई 2024

Rojana

फरीदाबाद

देश रोजाना

ग्रेटर फरीदाबाद/बल्लभगढ़

www.deshrojana.com

P 06

डमी वॉलंटियर्स को भेज चेक पॉइंट्स का किया जाएगा निरक्षण: विक्रम सिंह

12वीं के परीक्षा परिणाम में ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थियों का रिजल्ट बढ़िया, शहरी पीछे

यह रहा परीक्षा परिणाम

इस बार हरियाणा बोर्ड भिवानी का परक्षा परिणाम मंगलवार दोपहर को घोषित किया गया। जिसमें हरियाणा बोर्ड के 12वीं के नतीजे में नियमित परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम 85.31% तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परिणाम 65.32% रहा। राजकीय विद्यालयों की पास प्रतिशतता 83.35 तथा प्राईवेट विद्यालयों की पास प्रतिशतता 88.12 रही। लड़कियों की पास प्रतिशतता 88.14 तथा लड़कों की पास प्रतिशतता 82.52 रही। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की पास प्रतिशतता 86.17 जबकि शहरी क्षेत्र की पास प्रतिशतता 83.53 रही। पास प्रतिशतता में महेंद्रगढ़ जिला टॉप पर तथा नूंह जिला सबसे नीचे पायदान पर रहा। बोर्ड का परीक्षा परिणाम आते ही साइट बिजी हो गई। जिस कारण कुछ परीक्षा परिणाम देर शाम तक भी नहीं खुल सके।

छात्राओं ने मारी बाजी

घोषित किए गए सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) नियमित परीक्षा में 213504 परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए थे, जिनमें से 182136 उत्तीर्ण हुए तथा 6169 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण रहे। इस परीक्षा में 105993 प्रविष्ठ छात्राओं में से 93418 पास हुई, इनकी पास प्रतिशतता 88.14 रही, जबकि 107511 छात्रों में से 88718 पास हुए, इनकी पास प्रतिशतता 82.52 रही। इस प्रकार छात्राओं ने छात्रों से 5.62 फीसदी ज्यादा पास प्रतिशतता दर्ज कर बढ़त हासिल की है।

जिला नहीं हुआ टॉप15 में शामिल

जिले के विद्यालयों में अध्यापकों की कमी का प्रभाव हर वर्ष बोर्ड परिणाम में दिखाई देता है। वर्ष 2020 के बाद फरीदाबाद कभी भी प्रदेश के टॉप-15 जिलों की सूची में शामिल नहीं हो पाया है। वर्ष 2020 में 81.61 प्रतिशत परिणाम के साथ प्रदेश में 11वें स्थान पर आया था। इसके बाद से परिणाम लगातार गिरता रहा है। वर्ष 2021 में कोरोना की वजह से सौ प्रतिशत परिणाम रहा था। वहीं 2022 में 84.59 परिणाम था और प्रदेश में 20वें स्थान पर हा था। इससे पूर्व वर्ष 2019 में परिणाम 86.20 प्रतिशत था और व प्रदेश में 20वां स्थान था। वर्ष 2018 में सुधार आने से प्रदेश में 17वां और वर्ष 2021 में 21वें स्थान पर फरीदाबाद रहा।

27 दिनों में जारी हुआ परिणाम

इस बार बोर्ड ने परीक्षा समाप्त होने के महज 27 दिनों में ही परिणाम जारी कर दिया। बोर्ड ने पहली बार सीबीएसई के पैटर्न पर परिणाम जारी किया है। सीबीएसई की तर्ज पर बोर्ड ने प्रदेश व जिले के टॉप-10 विद्यार्थियों की सूची नहीं जारी की है। इस बार बोर्ड परिणाम में स्मार्ट सिटी की स्थिति में मामूली सुधार आया है। फरीदाबाद ने प्रदेश में इस बार दो स्थानों का सुधार किया है। 22वें स्थान से 20वें स्थान पर आया है, लेकिन स्मार्ट सिटी प्रदेश के टॉप-15 जिलों की सूची में शामिल होने से इस बार भी वंचित रह गया है।

फरीदाबाद का 76.33 प्रतिशत रहा परिणाम

फरीदाबाद के परिणाम में 8.44 प्रतिशत का सुधार आया है। इस वर्ष 12वीं कक्षा का परिणाम 76.33 प्रतिशत रहा है, जबकि पिछले वर्ष 67.89 प्रतिशत ही परीक्षार्थियों ने बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की थी और जिले प्रदेश में 22वें स्थान पर रहा था। 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा 12999 विद्यार्थियों ने दी थी। इनमें से 9922 परीक्षार्थी उत्तीर्ण, जबकि 2314 अनुत्तीर्ण रहे हैं। इसके अलावा 328 परीक्षार्थियों ने प्राइवेट से परीक्षा दी थी। इनमें से 87.20 प्रतिशत यानि 286 परीक्षार्थी उत्तीर्ण और 42 परीक्षार्थी परीक्षा पास करने में असफल रहे हैं। इसके बाद ओपन श्रेणी से 1483 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इसमें से 552 परीक्षा सफल रहे हैं। अर्थात 37.22 प्रतिशत परिणाम रहा है। ओपन श्रेणी में 853 पुरुष परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 273 उत्तीर्ण रहे। वहीं बालिकाओं में 630 परीक्षार्थियों में से 279 सफल हुई है।

- सरकारी के विद्यार्थियों के बजाय इस बार भी प्राइवेट स्कूलों ने मारी बाजी

कविता, देश रोजाना

फरीदाबाद। जहां एक तरफ सरकार की तरफ से सरकारी स्कूलों में बेहतर और अच्छी शिक्षा उपलब्ध करवाने के दावें किए गए थे। जिसके तहत करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाए गए थे, लेकिन हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित किए गए 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में इस बात का खुलासा हुआ कि यह करोड़ों रुपये व्यर्थ हो गए, क्योंकि इस बार भी सरकारी के बजाय निजी स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहतर आया हैं। वहीं देखा जाए तो आज शहरी क्षेत्रों में जहां शिक्षा के स्तर में सुधार करने के लिए बच्चे ट्यूशन व सोशल मीड़िया का साहारा लेते है, लेकिन इसके बाद भी ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा हैं।

वहीं स्कूल संचालक और परीक्षार्थी बच्चे बोर्ड की साइट पर परीक्षा परिणाम तलाशते नजर आए, जिसके कारण साइट हैंग होनी शुरू हो गई, ऐसे में देर शाम तक परीक्षा परिणाम के नतीजे विद्यार्थी इंतजार करते रहे। वहीं जिन स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहतर आया है, वह स्कूल जश्न मनाते हुए नजर आए।

तेज रफ्तार थार की टक्कर से पिता और बेटी की मौत

पुलिस पर लगाया आरोप

परिजनों का कहना है कि पुलिस को आरोपी थार चालक की नम्बर प्लेट उपलब्ध करवा दी है। लेकिन पुलिस ने रात से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इस दौरान सिविल अस्पताल के शवगृह में परिजनों ने पुलिस के सामने हंगामा भी किया। उनका कहना था कि पहले पुलिस थार चला रहे आरोपी को पकड़े। उसके बाद शवों का पोस्टमॉर्टम कराने देंगे। उसके बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। परिजनों ने अब शिकायत दी है। वहीं सेक्टर-12 सेंट्रल थाना एसआई धर्मबीर सिंह का कहना है कि उन्हें कल रात इस बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद मौके पर पहुंचे थे, लेकिन परिजनों ने कोई शिकायत नहीं दी। अब शिकायत दे दी गई है, और मौके से थार की नंबर प्लेट बरामद की गई है। इसलिए, अब कार्रवाई की जाएगी। जल्द दोषी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

यह है पूरा मामला

33 वर्षीय पंकज ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा है कि वह शिव कालोनी तिगांव रोड बल्लभगढ़ का निवासी है। उसने बताया कि 29 अप्रैल को मेरा भाई दयानंद वत्स अपने परिवार के संग स्कुटी पर सवार होकर अपनी पत्नी दिव्या, बेटी भूमि और दिशा को लेकर सेक्टर-12 टाउन पार्क के लिए निकला था। दिशा का पहला जन्मदिन था, जिसे मनाने वह टाउन पार्क जा रहे थे। वह उनके पीछे बाइक पर थे। पंकज ने बताया कि जब वह टाउन पार्क के गेट नम्बर एक से कुछ दूर था जो एक थार चालक ने साढ़े सात से आठ बजे के बीच लापरवाही से वाहन चलाते हुए दयानंद की स्कूटी को टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गए। इस दौरान मैं पीछे था, तो मैने गाड़ी का नम्बर नोट कर लिया। इस दुर्घटना में मेरा भाई, मेरी भाभी, उनके दोनों बच्चों को बुरी तरह से चोट लगी, जिस पर पुलिस को सूचना दी और पुलिस व राहगीरों की मदद से चारों को अस्पताल पहुंचाया। लेकिन अस्पताल में चिकित्सकों ने मेरे भाई दयानंद वत्स और बेटी दिशा को मृत घोषित कर दिया। दयानंद की पत्नी दिव्या और बड़ी बेटी भूमि को गंभीर रूप से घायल बताते हुए इलाज शुरू कर दिया। फिलहाल पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है।

- टाउन पार्क में पहला जन्मदिन मनाने जा रहा था परिवार

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

तेज रफ्तार वाहन चालकों का कहर शहर में आए दिन बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में परिवार तबाह हो रहे है, ऐसा ही एक मामला सेक्टर-12 टाउन पार्क में हुआ, जहां एक तेज रफ्तार थार चालक ने लापरवाही से अपनी कार को चलाते हुए एक स्कूटी सवार परिवार को टक्कर मार दी। जिसमें परिवार के मुखिया समेत पहला जन्मदिन मनाने आई बच्ची की मौत हो गई। इस हादसें में मृतक बच्ची और व्यक्ति की पत्नी और बड़ी बेटी बुरी तरह से घायल हो गए। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक का भाई उस दौरान उनके पीछे बाइक से आ रहा था, इस हादसे में थार चालक की नम्बर प्लेट मौके पर गिर गई, जिसे उसने पुलिस को सौंपा है। फिलहाल बच्ची और उसकी मां का सेक्टर-10 स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

13 से 26 तक चलेगा कुष्ठ रोगी खोजी अभियान

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

जिला में आगामी 13 से 26 मई तक कुष्ठ रोगी खोजी अभियान चलाया जाएगा। इसका फैसला मंगलवार को हुई एक बैठक में मिलया गया। इस मौके पर जिला सिविल सर्जन डॉ विनय गुप्ता के अलावा डिप्टी सीएमओ डॉ हरजिंदर सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। जिसमें एमओ, एसएमओ अधिकारियों की एक बैठक हुई जिसमें डॉ डॉ रिचा बत्रा, एसएमओ व डॉ संजीव तंबर ने सभी को कुष्ठ रोग के लक्षणों व कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कि किसी भी व्यक्ति के शरीर पर किसी तरह का दाग धब्बा जिसमें सुन्नपन हो वह कुष्ठ रोग हो सकता है। जिसका पूर्ण इलाज नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में एमडीटी मेडिसिन के द्वारा मुक्त किया जाता है। डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर हरजिंदर सिंह ने बताया कि कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के तहत जिले में 1500 टीमें बनाई गई है। जो घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की खोज करेंगी। वह इन टीमों के ऊपर 300 सुपरवाइजर रखे जाएंगे।

विद्यार्थियों ने रैली निकाल वोट डालने के लिए जागरूक किया

- मुख्य बाजार में पब्लिक को वोट डालने के लिए प्रेरित किया

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त फरीदाबाद विक्रम यादव के निर्देशानुसार गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने प्राचार्य एवं 90 विधान सभा के एईआरओ स्वीप रविंद्र कुमार मनचंदा के मार्गदर्शन में जन जागरुकता रैली निकाल कर जन साधारण को आगामी 25 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस व ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि आज जन जागरूकता रैली में 150 जेआरसी, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और अध्यापकों ने सराय ख्वाजा फरीदाबाद के मुख्य बाजार में स्लोगन लिखी पट्टिका द्वारा प्रत्येक आने जाने वाले जनों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व प्रत्येक विद्यार्थी ने स्लोगन लिखी पट्टिका से सराय ख्वाजा फरीदाबाद के मुख्य बाजार में आने जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति से 25 मई को लोकसभा के चुनाव के लिए होने जा रहे मतदान के लिए प्रेरित किया।

इस बार नए मतदाताओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं कि वे सभी मतदाता बूथ पर आकर मतदान करें। जन जागरूकता रैली में एक सौ पचास से भी अधिक जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड सदस्य छात्राएं, प्राध्यापिका गीता, प्राध्यापिका ममता, प्राध्यापक राजकुमार, जितेंद्र, कुलदीप, प्रवीण कुमार एवम संदीप सहित अन्य प्राध्यापकों ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए सभी से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की।

बेसहारा बुजुर्ग को ताऊ देवीलाल आश्रम में मिला आश्रय

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। बुजुर्गों की सेवा करने वाली संस्था नवजन मोर्चा समिति ताऊ देवीलाल वृद्व आश्रम 2डी-ब्लॉक में मुजेसर पुलिस ने एक बेसहारा महिला बुजुर्ग को पहुंचाया। मुजेसर पुलिस थाना के एडिशनल एसएचओ रामकुमार व डीवीआर दीपक यादव ने आश्रम संचालक किशन लाल बजाज को बताया कि बुजुर्ग महिला लावारिस हालत में संजय कालोनी पुलिस चौकी की सिपाही बबली को मिली। जिसने उसे मुजेसर थाना पहुंचाया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अनिशा पत्नी दिलावर निवासी गांव नौतारा थाना दौरानिया बताया। उसके अलावा वह कुछ भी बताने में असमर्थ था। आसपास पता किया लेकिन इसके परिजनों का कोई पता नहीं लग सका। इसे ताऊ देवीलाल वृद्वाश्रम में रखवाया। किशन लाल बजाज ने पुलिस को बताया कि यहां लावारिस बुजुर्गो को पूरे मान सम्मान से रखा जाता है और उनके खाने पीने का भी प्रबंध किया जाता है।

विकास कार्य केवल कांग्रेस की देन है: महेन्द्र प्रताप

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री, हरियाणा चो महेन्द्र प्रताप सिंह का सम्मानित हजारों लोगों से भरे वाहनों का काफिला जब चंदीला बडौली गांव पहुंचा तो वहां हजारों लोगों का जनसैलाब उनके स्वागत में उमड़ पड़ा। इस मौके पर महेन्द्र प्रताप सिंह ने उपस्थित गांव बडोली व प्रहलादपुर की सरदारी का अभिवादन किया और कहा कि इस बार जनता का मूड बदलाव देख रहा है।

शहर का प्रत्येक मतदाता भाजपा प्रत्याशी की सत्ता लोलुपता एवं शहर के विनाश की पटकथा में उनकी भूमिका से आहत है। उन्होंने कहा कि देश में इंडिया गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है और भाजपा को इस बार सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने का मन देश की जनता ने बना लिया और इसका प्रमाण प्रधानमंत्री की बौखलाहट है। वो लोगों को हिन्दू-मुसलमानों के नाम पर बांटने का काम कर रहे हैं। एक ऐसा माहौल देश में फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे देश जाति और धर्म के आधार पर बंट जाए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार ने विकास के नाम पर लोगों को गुमराह करने का काम किया है। हरियाणा में जब कांग्रेस सरकार सत्ता से गई थी तो प्रदेश पर 55 लाख करोड का कर्ज था और आज हरियाणा प्रदेश पर 205 करोड़ का कर्जा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में जो भी विकास कार्य हुए हैं, वो केवल कांग्रेस की देन है, भाजपा ने केवल लोगों को बेवकूफ बनाने का काम किया है। स्मार्ट सिटी के नाम पर और शहर के विकास के नाम पर हजारों करोड डकार लिए गए। मैट्रो का एक भी पिलर भाजपा पिछले 10 वर्षों में नही लगा पाई है। फरीदाबाद शहर में मैट्रो कांग्रेस लेकर आई और कांग्रेस ने ही बल्लभगढ़ तक मैट्रो का विस्तार किया।

अंकन केन्द्र अध्यापकों के लिए सजा के बराबर: संदीप

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

इस बार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा खण्ड फरीदाबाद के लिए बनाये गए अंकन केन्द्र जिले के अध्यापकों के लिये काले पानी की सजा के बराबर हो गए हैं।

क्योंकि ये अंकन केन्द्र फरीदाबाद के सबसे ज्यादा सघन आबादी वाले क्षेत्र उबुआ कालोनी व उससे लगते एरिया नंगला गूजरान की गलियों में स्थित हैं। जिले के अध्यापकों से इस बारे में लगातार शिकायत प्राप्त होने पर हसला के जिला प्रधान संदीप चौहान राज्य हसला के सचिव डॉ. राजेश आर्य व विनोद राठी ने जब परीक्षा के अंकन केन्द्रों पर जाकर अध्यापक साथियों की समस्या जानी व अंकन केन्द्रों की व्यवस्था को देखा तो वह बद से बदहतर मिली। बीके पब्लिक जोकि नंगला रोड पर स्थित है पर पंहुचने में अध्यापकों को एक से कई घंटे का समय लग जाता है। हर 50 कदम पर छोटी-छोटी गलियों में जाम मिलता है। जिस गली में विद्यालय स्थित है वह पतली सी 10 फुट की गली है व दोनों तरफ नालियों से गंदे व सड़े हुए पानी की दुर्गन्ध उठी हुई है। विद्यालय में पार्किंग की कोई सुविधा नहीं है। अकन कार्य के लिए दस बाई बारह के कमरे हैं जिनमें रोशनी व हवा की व्यवस्था नहीं है। अध्यापकों को बैठने के लिए छोटे बच्चों की ड्यूल डैस्क दी हुई हैं। यहां तक कि 60-70 पुरुष व महिला अध्यापकों के लिए विद्यालय में मात्र एक शौचालय की व्यवस्था है। जिन कमरों में अध्यापक बैठे हैं उन कमरों की सफेदी भी पूरी तरह से झड़ी हुई है। जब हसला प्रधान ने इस सभी अव्यवस्थाओं के बारे में बोर्ड प्रतिनिधि से पूछा तो उन्होंने कुछ भी कार्यवाही इस बारे में करने से अपनी असमर्थता व्यक्त की। विद्यालय मुखिया ने बताया कि बोर्ड की टीम ने निरीक्षण करके ही विद्यालय में अंकन केन्द्र बनाया है।

ऐसे में निश्चित रूप से बोर्ड की टीम पर प्रश्न चिह्न लगता है कि उन्होंने इस तरह के विद्यालय जहाँ पर अंकन केन्द्र बनाने कि एक भी शर्त पूरी नहीं होती अंकन केन्द्र किसके दबाब में या फिर कोई मिली भगत करके बनाया है।

अवकाश के दिन स्कूल खुले तो अभिभावक करें शिकायत: डीसी

- स्कूल बसों के संबंध में भी कर सकते हैं हेल्पलाइन पर शिकायत

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

उपायुक्त विक्रम सिंह के आदेश अनुसार शिक्षा विभाग ने राजपत्रित अवकाश के दिन कोई स्कूल नहीं खुलने देने के निर्देश दिए हैं और इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा हेल्पलाइन नंबर - 9289563595 जारी कर दी गयी है। इस नंबर पर व्हाट्सएप के माध्यम से भी सूचना दी जा सकती है। उपायुक्त विक्रम सिंह के आदेश अनुसार सभी प्राइवेट विद्यालयों द्वारा राजपत्रित अवकाश के दौरान विद्यालय खोलने एवं प्राइवेट विद्यालय संचालकों द्वारा विद्यार्थियों के परिवहन (बसों इत्यादि) के नियमानुसार संचालन नही करने की शिकायतों को प्राप्त करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी जारी कर दी गयी है। अगर कोई स्कूल आदेश की अवमानना करता है तो कोई भी अभिभावक हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है इसके साथ ही उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा है कि सभी विद्यालयों को अवकाश के बारे में अवगत करवाना सुनिश्चित करें और अवकाश के दिन निरीक्षण करें कि कोई विद्यालय खुला हुआ न हो।

न्यूज डायरी

बाइक को ऑटो ने मारी टक्कर कार ने कुचला, हुई मौत

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। पत्नी को कम्पनी में छोड़कर आ रहे एक बाइक सवार को पहले तो ऑटो ने टक्कर मार दी, गिरते ही एक तेज रफ्तार कार चालक ने उसे बुरी तरह से कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। डबुआ निवासी 43 वर्षीय पंकज शर्मा एक निजी कम्पनी में काम करता था। उनकी पत्नी सेक्टर-29 स्थित साईं एक्सपोर्ट कम्पनी में काम करती है। वह अपनी पत्नी को छोड़कर वापस बाइक पर लौट रहा था। उसी दौरान अजरौंदा फ्लाईओवर पर चढ़ने लगा, तो पीछे से आ रहे एक ऑटो ने उसकी बाइक को साइड से टक्कर मार दी। जिसके चलते उनकी बाइक अनबैलेंस हो गई और वह गिर गए। सड़क पर गिरने के बाद पीछे से आई एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें कुचल दिया। जिसके चलते पंकज शर्मा की अस्पताल पहुंचते-पहुंचते दर्दनाक मौत हो गई। फिलहाल मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान शिव अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। बता दें की मृतक एक निजी कंपनी में काम करता था।

पूर्व विधायक रघुबीर तेवतिया ने दिया कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। पृथला विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया अपने हजारों समर्थकों के साथ कांग्रेस प्रत्याषी महेन्द्र प्रताप सिंह के सैनिक कॉलोनी स्थित निवास पर पहुंचे और उनको पूर्ण समर्थन प्रदान किया। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी चै. महेन्द्र प्रताप सिंह को भारी मतों से विजयी बनाकर संसद में पहुंचाने का भरोसा दिया और कहा कि आने वाली 3 मई को महेन्द्र प्रताप हजारों समर्थकों को साथ लेकर नामांकन भरेंगे। इसमें पृथला से हजारों कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में सेक्टर 12 पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि महेन्द्र प्रताप सिंह के कांग्रेस प्रत्याषी घोषित होने के साथ ही भाजपा प्रत्याषी की नींद उड गई है और उनको अपनी हार दिखाई देने लगी है। रघुबीर सिंह तेवतिया ने कहा कि महेन्द्र प्रताप स्वच्छ छवि के ईमानदार नेता है और फरीदाबाद की जनता को उन पर पूरा भरोसा है। फरीदाबाद की जनता भाजपा प्रत्याषी की तानाशाही एवं उनके अत्याचार से त्राहि-त्राहि कर रही है और उनके जुल्मो-सितम से छुटकारा चाहती है। इस मौके पर महेन्द्र प्रताप सिंह ने रघुबीर सिंह तेवतिया एवं पृथला विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों को भरोसा दिलाया कि अगर वह सत्ता में आते हैं तो भ्रष्टाचार और तानाशाही पर पूरी तरह लगाम लगाएंगे। प्रोपर्टी आईडी, फैमिली आईडी के नाम पर लोगों को लुटने नहीं देंगे। उन्होंने कहा आने वाला समय कांग्रेस का है। देश में इंडिया गठबंधन और प्रदेष में कांग्रेस के प्रत्याषी बड़ी संख्या में जीत दर्ज कर संसद में पहुंचेंगे। इस मौके पर उनके वरिष्ठ युवा कांग्रेसी नेता तख्ण तेवतिया उपस्थित रहे।

विक्टरी क्रिकेट क्लब ने चार विकेट से जीता मैच

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। चौथा फरीदाबाद मिक्स कॉर्पोरेट नाइट कप 2024 रविंदर फागना क्रिक्रेट भूमि ग्राउंड फरीदाबाद पर खेला गया। यह मैच टाइटंस क्रिकेट क्लब और विक्टरी किक्रेट क्लब के बीच खेला गया। इस मैच में विक्टरी क्रिकेट क्लब ने टाइटंस क्रिकेट क्लब को 4 विकेट से हराया। यह मैच 20 ओवर का था और टाइटंस क्रिकेट क्लब ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। टाइटंस क्रिकेट क्लब ने पहले बैटिंग करते हुए 18.5 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 149 रन का लक्ष्य दिया। टाइटंस क्रिकेट क्लब की ओर से बल्लेबाजी करते हुए पुनीत चोपड़ा ने 43 रन और नोनी ने 31 रन बनाए। विक्टरी क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रवीन नागर ने 3 विकेट, योगेश भड़ाना ने 2 विकेट, धर्मेन्द्र फागना, नवीन कठेरिया और दिविज अरोड़ा ने 1/1 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए विक्टरी क्रिकेट क्लब ने 19.4 ओवर में 6 विकेट खोकर 150 रन बनाकर जीत हासिल की। विक्टरी क्रिकेट क्लब की ओर दिविज अरोड़ा ने 43 रन, धर्मेन्द्र फागना ने 34 रन, मोहम्मद साद ने 28 रन बनाए। टाइटंस क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए हरप्रीत चोपड़ा और शक्ति ने 2/2 विकेट, टॉनी ने एक विकेट हासिल किया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच दिविज अरोड़ा व फाइटर ऑफ द मैच हरप्रीत चोपड़ा को घोषित किया गया।

बलदेव शास्त्री मच्छगर सरकारी स्कूल से सेवानिवृत्त हुए

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। बलदेव शास्त्री गुरुकुल प्रभात आश्रम मेरठ के स्नातक है। उनकी प्रथम नियुक्ति पलवल के गांव धतीर के सरकारी स्कूल में संस्कृत अध्यापक के पद पर हुई थी।आज 32 वर्ष 5 महीने की लम्बी सेवा के बाद बल्लभगढ़ के मच्छगर गांव के सरकारी स्कूल से सेवानिवृत्त हुए है। उनका सेवानिवृत्त समारोह गांव मच्छगर के सरकारी स्कूल के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समारोह में जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद सामाजिक संस्था के प्रधान सन्तसिहं हुड्डा व प्रवक्ता रोहित कुमार ने टीम सहित स्मृति चिन्ह भेंट कर बलदेव शास्त्री जी को सम्मानित किया। संस्कृत के अध्यापक डाक्टर मनुबोध शास्त्री, प्रमोद शास्त्री व अर्जुन देव शास्त्री ने भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के मुख्य अध्यापक अनिल कुमार व सुषमा रानी ने शास्त्री जी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं देते हुए बंधाईया दी ओर अतिथि का आभार व्यक्त किया। समारोह में सभी ने शास्त्री जी की दीघार्यु की प्रार्थना कर बंधाईया व शुभकामनाएं दी। समारोह में मुख्य रूप से विद्यालय के मुख्य अध्यापक अनिल कुमार व सुषमा रानी, प्रवक्ता शानो त्यागी, अनिल शर्मा, गुरमुख व विद्यालय के समस्त अध्यापकण ओर गांव के गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से मौजूद थे।

लापता युवक का शव जोहड़ में मिला लोगों ने रोड पर लगाया जाम

देश रोजाना ब्यूरो, हथीन

मंगलवार को सुबह मण्डकौला गांव के वनखण्डी मन्दिर के जोहड़ से 22 वर्षीय युवक राहुल की लाश मिलने से कोहराम मच गया। जिस युवक राहुल की लाश मिली वह 26 अप्रैल से लापता था।

लाश मिलने की सूचना पाकर मृतक के परिजन एवं अन्य ग्रामीण एकत्रित हो गए। मण्डकौला चौकी पुलिस प्रभारी अनिल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने लाश को कब्जे में लेकर उसको पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। लापता युवक की लाश एकाएक मिलने से मृतक के परिजनों में रोष बन गया। पुलिस चौकी के पास

महिलाएं एवं अन्य ग्रामीण एकत्रित हो गए। उन्होंने पुलिस चौकी के पास पलवल नूँह रोड पर एकत्रित होकर जाम लगा दिया। जाम लगने की सूचना मिलने पर हथीन के डीएसपी सुरेश कुमार भड़ाना भी पहुंचे। उन्होंने स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए मृतक के परिवार जनों एवं अन्य ग्रामीणों को चौकी में बुलाकर बातचीत कर समझाया। डीएसपी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि इस मामले में गहराई से जांच की जाएगी। मृतक की लाश का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के बोर्ड से कराया जाएगा। इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके बाद लोगों ने जाम खोल दिया।

ये है पूरा मामला

मृतक युवक राहुल के पिता शिवचरण ने बताया कि राहुल 26 अप्रैल को निमंत्रण पर खाना खाने गया था।वापिस में उसके लड़के राहुल को आकाश मिला। वह उसको अपने साथ ले गया। राहुल का मोबाइल 26 अप्रैल रात्रि नौ बजे बन्द था। आकाश के साथ मोहित, एवं अन्य लड़के भी थे। उसी समय से राहुल लापता हो गया। इस मामले में हथीन थाना पुलिस ने 29 अप्रैल को गुमशुदगी का केस दर्ज किया। 30 अप्रैल को सुबह राहुल की लाश जोहड़ में मिली। मण्डकौला चौकी पुलिस इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि अब तक की जांच के दौरान पता चला है कि मृतक राहुल के साथ अन्य पांच युवक आकाश,मोहित,रोहित, मुक्की,एवं अंकित भी थे। पुलिस इस मामले में गहराई से जांच कर रही है। मंगलवार को जिला अस्पताल में डॉक्टरों के न होने से मृतक के शव का पोस्टमार्टम नही हो पाया है। अब बुधवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा। रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्यवाही एवं जांच की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक मृतक के साथ जो पांच युवक थे। उनमें से दो तीन फरार हो गए हैं। इसके अलावा पुलिस ने अन्य युवकों से भी पूछताछ शुरू कर दी है।

देश में पूर्ण बहुमत से बनेगी कांग्रेस की सरकार: प्रियंका अग्रवाल

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश महासचिव और बल्लभगढ़ की इलेक्टेड पीसीसी डेलीगेट प्रियंका मनोज अग्रवाल की नियुक्ति को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं में भारी उत्साह का माहौल व्याप्त है।

इसी कड़ी में बल्लभगढ़ के मोहना रोड पर स्थित मुख्य कांग्रेस कार्यालय में बल्लभगढ़ की महिला शक्ति के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी प्रियंका अग्रवाल को इस नई जिम्मेदारी पर उन्हें फूलों का गुलदस्ता व मिठाई खिलाते हुए शुभकामनाएं दी। इस दौरान उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए प्रियंका मनोज अग्रवाल ने कहा कि आज महंगाई और बेरोजगारी सबसे बड़े मुद्दे हैं और यह कड़वी सच्चाई जो उनके सामने मुंह बाए खड़ी है वह उन्हें नजर नहीं आ रही है लेकिन लोग

ही इस बात का एहसास सरकार को जरूर करवाएंगे जो अंधी और बहरी हो चुकी है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव व सिरसा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा के नेतृत्व में हमारी लड़ाई उस विचारधारा के खिलाफ है जो देश को धर्म और जाति के आधार पर बांट रही है।

हम देश को बंटने नहीं देंगे, कांग्रेस की पांच न्याय गारंटी से समाज के सभी वर्गों को लाभ होगा। कई मुद्दे हैं, लेकिन भाजपा लोगों का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने में लगी है। इस दौरान मुख्य रूप से महिला कांग्रेस की सचिव सोनी चौधरी, सेवादल सचिव नसीमा खान व सगीरन खान, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अनिता शर्मा, लीगल सेल के जिलाध्यक्ष स्वर्ण सिंह आर्य, युवा कांग्रेस के शुभम कसाना, एनएसयूआई के सन्नी बादल, ओबीसी सेल के आजाद सैनी, धर्मवती शर्मा, राहुल गुप्ता, मंगत राम गोयल, संजय गर्ग, जितेश मित्तल, रीना अग्रवाल, सुरेश नागर, अंकित भड़ाना सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

पेयजल की मुख्य पाइप लाइन से 284 अवैध कनेक्शन काटे

देश रोजाना ब्यूरो, हथीन

पेयजल के लिए जन स्वास्थ्य विभाग ने जो मुख्य पाइप लाइनें बिछाई हुई हैं। मुख्य पाइप लाइनों में अवैध कनेक्शन कर लोग पेयजल के पानी का सिंचाई के लिए उपयोग कर रहे हैं। ऐसे ही अवैध कनेक्शनों के खिलाफ जन स्वास्थ्य विभाग ने अभियान चलाया हुआ है।

इस अभियान के तहत अब तक 284 अवैध कनेक्शन इंफोर्समेंट पुलिस के सहयोग से काट दिए हैं। विभाग के जूनियर इंजीनियर गुरमेज सिंह एवं आरिफ अंसारी के नेतृत्व में मंगलवार को गुराक्सर मोहदमका क्षेत्र में अवैध कनेक्शन काटने का अभियान चलाया। विभाग के जूनियर इंजीनियर गुरमेज सिंह ने बताया कि अवैध कनेक्शन काटे जाने से रूपडाका,

जराली, भूड़पुर, मलाई, उटावड के हजारों लोगों को शुद्ध स्वच्छ पानी मिलेगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी ने **पुनः** अवैध कनेक्शन जोड़ने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ थाना में केस दर्ज कराया जाएगा। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर वीडियो बनाई, रिश्ता भी तुड़वाया, केस दर्ज

देश रोजाना ब्यूरो, हथीन

हथीन थाना क्षेत्र के गांव में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर उसके फोटो खींच लिए और वीडियो भी बनाई। आरोपी ने पीड़िता का रिश्ता भी तुड़वा दिया। हथीन थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी छत्रपाल ने बताया कि 17 वर्षीया पीड़िता ने लिखित शिकायत देकर कहा है कि उसके घर पर एक युवक का आना जाना था।

वह परिवार के नजदीकी सम्बन्ध का है। इसके चलते वह आता जाता रहता था। नवम्बर 2022 को आरोपी ने पीड़िता को अकेला पाकर छेड़छाड़ की। पीड़िता ने शोर मचाया और अपने परिवार वालों को बता दिया। इसके बाद परिवार ने पंचायत की । पंचायत में आरोपी ने अपनी

गलती मानी और माफी भी मांगी। आइंदा ऐसा न करने का भरोसा दिलाया। इसके बाद अगस्त 2023 में आरोपी युवक पीड़िता को अकेला देखकर घर में घुस गया। आरोपी ने पीड़िता के साथ बलात्कार किया और फोटो खींच लिए और वीडियो भी मोबाइल से बना ली। पीड़िता को धमकी दी कि यदि किसी को बताया तो अश्लील वीडियो एवं फोटो सोशल मीडिया पर डालने की धमकी दी एवं पीड़िता को कहा कि वह उसकी मां को मार देगा। इस कारण पीड़िता डर गई। उसने डर की वजह से किसी को कुछ नही बताया। फरवरी 2024 में आरोपी ने पीड़िता को अपने घर बुलाकर दुष्कर्म किया। इस बीच पीड़िता के परिवार जनों से उसका रिस्ता नूँह जिला के एक गांव में कर दिया। आरोपी को रिश्ते होने के बारे में पता लगी तो उसने पीड़िता के होने वाले पति एवं अन्य परिवार जनों को उसके अश्लील फोटो एवं वीडियो उनके घर जाकर दे दिए। इससे रिश्ता टूट गया। पीड़िता इन घटनाओं के चलते परेशान हो गई। वह 24 अप्रैल को अपने घर में रो रही थी। पीड़िता की मां ने उसको रोते हुए देख लिया और समझाया और रोने का कारण पूछा।

उसके बाद पीड़िता ने अपनी मां को सारी बात बताई। पीड़िता के परिवार वाले आरोपी के घर गए आरोपी ने कहा कि उसकी ऊपर तक पकड़ है। उसका कुछ नही बिगड़ सकता। आरोपी ने धमकी दी कि वह पीड़िता के अश्लील फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। समाज में मुंह दिखाने के लायक नही छोडूंगा। इसके बाद पीड़िता ने हथीन थाना में शिकायत दी। शिकायत के आधार पर हथीन थाना पुलिस ने एक नामजद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सरकारी दस्तावेज के साथ छेड़छाड़ के आरोप में दर्ज की गई एफआईआर

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

सरकारी दस्तावेज में आपराधिक मंशा के साथ मिलीभगत करके छेड़छाड़ के आरोप में नयाब तहसीलदार जय प्रकाश, कंप्यूटर ऑपरेटर ललित, दिनेश व हरेंद्र और क्रेता लखमी चंद और विक्रेता अजय कुमार के खिलाफ सैंट्रल थाना में एफआईआर दर्ज करवाई है।

जिलाधीश विक्रम सिंह के आदेश पर हरियाणा शहरी क्षेत्र विकास एवं विनियमन अधिनियम, 1975 की धारा 7अ के अंतर्गत संबंधित अधिकारी कर्मचारी, क्रेता-विक्रेता के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज की गई है। जिलाधीश विक्रम सिंह ने बताया कि दस्तावेज संख्या 11227 दिनांक 08:01.2024 की जो इंडोस्मेट की कॉपी जो कंप्यूटर से अब निकाली है उसमें रकबा मौजा बसेलवा का है जबकि रिकार्ड की ऑफिस कोपी की इंडोर्समेंट के कोलमो में मौजा, पता, प्रोपटी आई डी, प्रॉपर्टी नम्बर व मालिक के नाम को किसी प्रकार मिटाया गया है व रिकार्ड की ऑफिस कोपी के पेज नं० 2 पर मौजा भतौला लिखा हुआ है। इस दस्तावेज के साथ संबंधित विभाग की एन.डी.सी./एन.ओ.सी. भी संलग्न नहीं है। उक्त दस्तावेज के साथ आपराधिक मंशा के साथ मिलीभगत करके छेड़छाड़ की गई है तथा पूरे मामले में धोखाधड़ी व जालसाजी की गई है। इस प्रकार उस दस्तावेज के पंजीकरण में उस एक्ट की धास 7अ की भी उल्लघना की गई है। जिसके तहत आईपीसी की धाराओं 420, 465, 467, 468, 471,120 इ और हरियाणा शहरी क्षेत्र विकास एवं विनियमन अधिनियम, 1975 की धारा 7 अ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

रेफर मुक्त फरीदाबाद व ट्रॉमा सेन्टर बनाने की मांग को लेकर धरना शुरू

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

रेफर मुक्त फरीदाबाद ट्रॉमा सेन्टर की मांग को लेकर बीके चौक आज समाजसेवियों ने धरना दिया। धरने का संचालन सेवा वाहन फरीदाबाद के संस्थापक सतीश चोपड़ा व धरने की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता अनशनकारी बाबा रामकेवल ने की। इस धरने में अन्य के अलावा सोनू सैलूजा, राजेश शर्मा, आरटीआई एक्टिविस्ट अजय, राकेश रक्कू, नरेश शर्मा, विजय कृष्ण, अभिषेक गोस्वामी, करण, अशोक रावल, जसवंत व अन्य साथी 2 दिन का सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर रहे है।

चोपड़ा ने कहा कि बीके में सुविधाओं का विस्तार हो व अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कालेज छायंसा में आईपीडी सर्विस शुरू की जाए व फरीदाबाद के गरीब मरीजों को सभी तरह का इलाज

फरीदाबाद के सरकारी अस्पतालों मे मिले सरकारी ट्रोमा सेंटर बनाया जाए। छायंसा मेडिकल कालेज में तमाम तरह की बीमारियों का ईलाज मिलें। सभी जांच व दवाइया सरकारी अस्पतालों मे मिलें। अनशनकारी बाबा रामकेवल ने कहा कि आज गरीब आदमी के सामने दो ही रास्ते होते है, जान से जाए या जायदाद से जाए गरीब आदमी मजबूर है। प्राइवेट अस्पतालों के भारी भरकम बिल भरने के लिए मजबूर है। अन्यथा दिल्ली के अस्पतालों मे चक्कर काटने पड़ते है।

युवक की लाश पेड़ पर लटकी हुई मिली

देश रोजाना ब्यूरो, हथीन। गांव छांयसा के जंगल में 19 वर्षीय युवक उमेश की लाश पेड़ से लटकी हुई मिली। इसकी सूचना मिलते ही गांव के सरपंच इस्लाम को मिली । उन्होंने हथीन थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर जांच अधिकारी अभिषेक पहुंचे। उन्होंने लाश को उतरवाकर कर उसको जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। लाश का पोस्टमार्टम कराकर उसको परिजनों को सौंप दिया गया। परिवारजनों का कहना है कि वह किन्ही कारणों से परेशान था। जांच अधिकारी का कहना है कि मामला आत्महत्या का है। इस आधार पर कार्यवाही की जा रही है।

डमी वॉलंटियर्स को भेज चेक पॉइंट्स का किया जाएगा निरक्षण: विक्रम सिंह

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लगने के बाद जिला में अवैध रूप से शराब सप्लाई करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में चुनाव व्यय पर्यवेक्षक, एफएसटी, एसएसटी व अन्य सभी विभागो के नोडल अधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव में अवैध शराब तस्करी के तमाम बिंदुओं बारे विस्तारपूर्वक समीक्षा बैठक की।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा की सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना है की किसी भी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। एफएसटी, एसएसटी की गठित टीम को पुलिस बल के साथ मिलकर आपकी तालमेल से काम करना है और सी

विजील पर आई शिकायतों का समाधान बढ़ाने के लिए प्रयास करने के आदेश दिए है।

उन्होंने बताया कि जिला में अवैध शराब सप्लाई करने वालों के खिलाफ प्रशासन को बड़ी सफलता हाथ लगी है। रविवार को चेकिंग के दौरान 75 लाख रुपए मूल्य से अधिक की 10 हजार 500 लीटर अवैध शराब पकड़ी गई है। इसके साथ ही अलग-अलग टीम में बनाकर अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई लगातार जारी है। उन्होंने कहाकि किसी भी सरकारी कार्यालय पर किसी भी पार्टी के झंडे, बैनर, पोस्टर लगाना अनिवार्य है।

उटावड जराली रोड जर्जर होने से हजारों लोग परेशान

देश रोजाना ब्यूरो, हथीन

उटावड जराली सम्पर्क रोड जर्जर अवस्था मे होने से हजारों लोग परेशान है। सम्बन्धित रोड से प्रतिदिन लोग पैदल एवं वाहनों से गुजरते हैं। रोड इतना खस्ता हाल है कि कई बार दुपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके हैं। प्रतिदिन रोड से गुजरने वाले उमरदीन ने बताया कि जराली से उटावड तक जाने का यह एकमात्र सीधा रोड है। इस रोड के खराब होने के कारण लोगों को अन्य वैकल्पिक मार्गों से गुजरने को विवश होना पड़ रहा है। रोड से गुजरने वाले हाजी कमरू ने बताया कि पिछले बीस वर्षों से रोड की मरम्मत नही कराई गई है।

इस कारण रोड खस्ता हाल हो गया है। यात्री जमील,खालिद,सद्दाम ने बताया कि रोड के जर्जर हालत में होने से कई बार बाइक एवं स्कूटी सवार रोड पर गिर कर चोटिल हो चुके हैं।उन्होंने जिला प्रशासन से रोड की मरम्मत कराने की मांग की है। इस बारे में लोक निर्माण विभाग

के जूनियर इंजीनियर मुकुल ने बताया कि यह रोड उनके अधीन नही है। सम्भव है कि यह रोड मार्किट बोर्ड के निर्माण विंग के अधीन हो सकता है। मार्किट कमेटी निर्माण विंग के जूनियर इंजीनियर रोहतास ने बताया कि यह रोड उनके मैप पर भी नही है। क्षेत्र में दो ही विभाग सड़कों के निर्माण एवं रख रखाव का काम करते हैं। दोनों ही विभाग इस रोड को अपने अपने अधीन होने से इनकार कर रहे हैं। गांव भूड़पुर निवासी उमरदीन ने जिला उपायुक्त नेहा सिंह से मांग की है कि रोड की अविलंब मरम्मत कराई जाए।

तीन दिवसीय स्पोर्ट्स सिम्पोजियम का रन फॉर एनपीटीआई के साथ हुआ समापन

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) कॉर्पोरेट कार्यालय सेक्टर - 33 फरीदाबाद में चल रहे तीन दिवसीय स्पोर्ट्स सिम्पोजियम का समापन रन फॉर एनपीटीआई के साथ हुआ। जिसमें एनपीटीआई ऑफिसर, स्टाफ और विद्यार्थियों के साथ - साथ ट्रेनिज भी दौड़े। स्पोर्ट्स सिम्पोजियम में कबड्डी, क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम और चेस जैसे आउटडोर और इंडोर खेल खेले गए।

समापन सत्र में एनपीटीआई की महानिदेशक डॉ. तृप्ता ठाकुर, प्रधान निदेशक मंजू माम, प्रोजेक्ट निदेशक एवं स्पोर्टस इंचार्ज डॉ एन के श्रीवास्तव, निदेशक सिमुलेटर डी.एस. साहू, उप निदेशक डॉ. महेंद्र सिंह ने सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्रों के साथ ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

बता दें कि 27 अप्रैल को शुरू

हुए तीन दिवसीय स्पोर्ट्स सिम्पोजियम में करीब 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन खिलाडियों में एनपीटीआई ऑफिसर, स्टाफ और विद्यार्थियों के साथ - साथ एनटीपीसी, एसजेवीएनएल, यूपीआरवीयूएनएल और अपरावा एनर्जी से आये ट्रेनिज भी शामिल रहे। तीन दिवसीय स्पोर्ट्स सिम्पोजियम में मैन ऑफ द टूनामेंट मोहम्मद उमेर उद्दीन रहे। जिन्होंने चेस एवं कैरम में प्रथम स्थान, टेबल टेनिस एवं कबड्डी में द्वितीय स्थान और बैडमिंटन में तीसरे स्थान पर कब्जा किया। इस स्पोर्ट्स सिम्पोजियम में 6 टीमों के बीच में क्रिकेट मैच भी खेले गए, जिसमें फाइनल के दौरान एनटीपीसी फरक्का ने पावर पायरेट को हराकर जीत हासिल की। एनपीटीआई के स्पोर्ट्स सिम्पोजियम में पहली बार कबड्डी का खेल खेला गया जिसमें 4 टीम एमबीए स्पार्टन, पावर पाइरेट्स, टीम लारा और लारा सुपर किंग के बीच भिड़ंत हुई। लारा सुपर किंग ने फाइनल में पावर पायरेट को पटकनी देते हुए खिताब अपने नाम किया।

लोकतंत्र के महापर्व में युवा निभाए अपनी विशेष भागीदारी : एसडीएम

- ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें युवा : लोकेश राजपूत

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार स्वीप एक्टीविटी के तहत एसडीएम बड़खल अमित मान कहा कि लोक सभा चुनाव 2024 भारतीय लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण उत्सव है। यह चुनाव लोकतंत्र के मूल तत्वों में से एक है, जिसमें लाखों भारतीय नागरिक अपने प्रतिनिधि को चुनने के लिए मतदान करते हैं।

मतदाता जागरूकता अभियान/ स्वीप गतिविधियों के तहत आज मंगलवार को एसडीएम बड़खल अमित मान और स्वीप एक्टिविटी के ब्रांड अम्बेसेडर लोकेश राजपूत ने मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज, फरीदाबाद में पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को लोकतंत्र की चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

एसडीएम बड़खल अमित मान बताया कि हरियाणा में पहली बार वोटरों की सहूलियत के लिए क्यू मैनेजमेंट मोबाइल एप्लिकेशन सिस्टम तैयार किया है। इस ऐप के जरिए मतदाता को वोट डालने के लिए अपनी बारी का पता लगा सकेगा और उसे लाइन में खड़े रहने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और साथ ही चुनाव आयोज ने 'नो योर कैंडिडेट' (केवाईसी) नामक नया मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया है। जिसके माध्यम से मतदाताओं को यह पता लगाने में सक्षम करेगा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में किसी चुनावी उम्मीदवार का कोई आपराधिक रिकॉर्ड है या नहीं।

स्वीप के ब्रांड एम्बेसडर लोकेश राजपूत ने कहा कि अपनी जिम्मेदारी बस इतनी रखनी है कि अपने अपने परिवारों के व जान पहचान के लोगो के साथ आगामी 25 मई को वोट डालने मतदान केंद्र पर जरूर जाए। बदलाव खुद से ही होता है। इसलिए सबसे पहले अपने परिवार के साथ लोकतंत्र के महापर्व पर मत डालना सुनिश्चित करे। युवा मतदाताओं को बिना किसी प्रलोभन और लालच के स्वतंत्र निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए स्वयं तत्पर रहना है और अपने गली-मोहल्ले में भी सभी मतदाताओं को जागरूक करना है। साथ ही उन्होंने कहा कि कॉलेज विद्यार्थियों के नौजवानो में ऊर्जा अधिक होती है। उन्हें इस ऊर्जा को सही जगह लगाना चाहिए। जिससे उनका और भारत देश का विकास हो सके। एक-एक वोट बहुत कीमती होती है। इसलिए अपने मत का सही प्रयोग करें।

इसके अतिरिक्त, एमआरआईआईआरएस के प्रतिभाशाली छात्र युवराज और वषार्नी ने इस विषय पर एक प्रेरणादायक तात्कालिक भाषण दिया, जिससे दर्शकों को परिवर्तन के सक्रिय एजेंट बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बाद में, स्टूडेंट इलेक्टोरल अवेयरनेस क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. गुरप्रीत सिंह मथारौ ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया और एक बेहतर और अधिक समावेशी राष्ट्र को आकार देने के लिए मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया। कार्यक्रम का समापन मतदान करने की शपथ और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

धर्म सिंह उर्फ सिंटू बने कर्मचारी यूनियन के प्रधान

देश रोजाना ब्यूरो, हथीन। स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल कर्मचारी यूनियन की स्थानीय इकाई की बैठक हुई। बैठक में यूनियन का त्रिवार्षिक चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव कराने के लिए बतौर पर्यवेक्षक स्टेट के उपप्रधान जिले सिंह भड़ाना भी मौजूद रहे। प्रांतीय सह सचिव दीन मोहम्मद भी उपस्थित रहे। चुनाव में धर्म सिंह उर्फ सिंटू को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। इसके अतिरिक्त गजराज सिंह को चेयरमैन, विकास को वरिष्ठ उप प्रधान, वीरेंद्र सिंह को सचिव, कुमरपाल को कोषाध्यक्ष एवं राहुल कुमार को मुख्य संगठनकर्ता चुना गया। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रधान धर्म सिंह उर्फ सिंटू ने कहा कि यूनियन के सदस्यों ने उन्हें जिस उम्मीद से प्रधान पद की जिम्मेदारी सौंपी है उस पर वे खरा उतरेंगे तथा कर्मचारियों के हितों की आवाज बुलंद करेंगे।

एसटीएफ एवं काउंटर इंटेलीजेंस टीम दिल्ली की बदमाशों के बीच मुठभेड

- दो बदमाशों के पैर में लगी गोली, घायल बदमाशों को उपचार के लिये नल्हड मेडिकल कॉलेज में कराया गया भर्ती

यूनुस अल्वी, देश रोजाना

मेवात। नूंह में एसटीएफ हरियाणा एवं काउंटर इंटेलीजेंस टीम दिल्ली की बदमाशों के बीच मुठभेड का मामला सामने आया है। दो बदमाशों के पैर में लगी गोली, घायल बदमाशों को उपचार के लिये नलहड मैडिकल कालेज में कराया गया भर्ती। रोहतक लाखन माजरा के होटल पर परिवार के सामने करीब एक माह पहले व्यापारी सचिन गोदा निवासी गुरुग्राम की हत्या में वांछित थे दोनों बदमाश।

बदमाशों से पुलिस ने दो अवैध पिस्टल मैगजीन सहित व तीन रौंद बरामद किये।

सोनाक्षी सिंह सहायक पुलिस अधीक्षक नूंह ने बताया कि दिनांक 29 अप्रैल 2024 की रात्री को एस0टी0एफ0 हरियाणा एवं काउंटर इंटेलीजेंस दिल्ली की टीम ने करीब 01 माह पहले सचिन निवासी गुरुग्राम की हत्या में वांछित अपराधी रोहित व प्रवीण (परिवर्तित नाम) को गुप्त सूचना के आधार पर तावडू-नूंह रोड गांव पल्ला पहाडी के पास से मुठभेड के बाद काबू किया। मुठभेड के दौरान दोनों बदमाशों के पैरो में गोली लगी। दोनों बदमाशों को ईलाज हेतु शहीद हसन खां मेवाती मैडिकल कॉलेज नलहड में दाखिल कराया गया है।

आगे बताया कि सोमवार की रात्रि को एसटीएफ हरियाणा की टीम गश्त में केएमपी फ्लाईऑवर के नीचे रेवासन नूंह पर मौजूद थी । उसी समय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि रोहतक लाखन माजरा में करीब एक माह पहले सचिन निवासी गुरुग्राम की हत्या में वांछित अपराधी रोहित व प्रवीण (परिवर्तित नाम) रिपीटर नाका पल्ला पहाडी के पास मौजूद है और दोनों के पास हथियार है। दोनों टीमों ने प्राप्त सूचना के आधार पर आगामी योजना बारे विचार विमर्श कर बदमाशों की तलाश आरम्भ की। समय टीम को फिर सूचना प्राप्त हुई कि उपरोक्त दोंनो बदमाश पल्ला नूंह तावडू रोड के पास देखे गये है।

जो भागने की फिराक में है। जिस सूचना पर टीम बुलेट प्रुफ जैकेट पहनकर अपराधियों को काबू करने के लिये मौका पर रवाना हुई। अपराधियों की तलाश में पल्ला पहाडी की ढलान की तरफ जाते हुये टीम को पहाडियों में गाडी की लाईट में दो नौजवान लडके खडे दिखाई दिये। जो गाडियों को देखकर अचानक दोनों लडकों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से करीब 10 राउंड फायर किये। जो गोली उप-निरीक्षक राकेश व निरीक्षक मन्जीत जागलान की बुलेट प्रुफ जैकेट में लगी। पुलिस पार्टी द्वारा भी अपनी आत्मरक्षा में उपरोक्त दोनों बदमाशों पर करीब 15 राउंड फायर किये।

पुलिस द्वारा की गई आत्मरक्षा की फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। जिसके कारण उपरोक्त दोंनों बदमाश घायल होकर नीचे गिर गये। दोंनों बदमाशों के कब्जा से 02 पिस्तौल व 03 रौंद बरामद हुये। दोनों बदमाशों को पुलिस टीम द्वारा काबू कर उपचार के लिये नल्हड़ मैड़िकल अस्पताल नूंह मे भर्ती करवाया गया। दोनों बदमाशों के खिलाफ सम्बधिंत धाराओं के तहत थाना सदर नूंह मे मुकदमा दर्ज करके आगामी कार्यवाही की जा रही है।

चुनाव ड्यूटी में न बरतें लापरवाही: धीरेंद्र खड़गटा

यूनुस अल्वी, देश रोजाना, नूंह। लोकसभा में होने वाले आम चुनाव में लापरवाही या देरी बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त कार्रवाई झेलनी पड़ सकती है। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उन्हें सौंपी गई ड्यूटी का निर्वहन करना जरूरी है। कोताही करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ चुनाव अधिनियम-1951 में दी गई शक्तियों के अनुसार कार्रवाई की जा सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जिला के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी को गंभीरता व निष्पक्षता से निभाने के निर्देश दिए हैं। आदेशों में कहा गया है कि लोकसभा के आम चुनाव बेहद नतदीक है। चुनाव प्रक्रिया को समयबद्ध व सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए विभिन्न कार्यालयों के अधिकारियों, कर्मचारियों, वाहनों व अन्य उपकरणों की आवश्यकता होती है। कई बार देखने में आया है कि जिला के कुछ अधिकारी एवं कर्मचारी बिना किसी कारण के जानबूझकर चुनाव ड्यूटी देने में असमर्थता व्यक्त करते हैं, जिससे चुनाव कार्य में बाधा आने की संभावना रहती है।

दो वाहन चोरों से बरामद की चार बाइकें

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

क्राइम ब्रांच ऊंचागांव की टीम ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चार मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विवेक तथा रोहित का नाम शामिल है जो पलवल के करीमपुर के रहने वाले है और फरीदाबाद में काम करते हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को वाहन चोरी के मामले में सबसे पहले 24 अप्रैल को आरोपियों को सेक्टर 2 से चोरी की मोटरसाइकिल सहित काबू किया था। आरोपियों से मामले में पूछताछ की गई जिसमें सामने आया कि आरोपियों ने इस महीने फरीदाबाद से चार मोटरसाइकिल चोरी की थी जिसमें तीन मोटरसाइकिल सेक्टर 8 एरिया से तथा एक मोटरसाइकिल सिटी बल्लभगढ़ एरिया से चोरी की गई थी जिनका मुकदमा संबंधित थाने में दर्ज है। आरोपी को अलग-अलग मामलों में पुलिस रिमांड पर लेकर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी नशा करने के आदि है और नशे की आपूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते है। आरोपी विवेक से पहले सेक्टर 6 में प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है और आरोपी रोहित के ताऊ की सेक्टर दो में दूध की डेयरी है, वहां काम करता है। आरोपी रोहित को 28 अप्रैल को जेल भेज दिया गया था, वहीं आरोपी विवेक को पुलिस रिमांड पूरा होने के बाद जेल भेजा जाएगा।

प्रशिक्षण पा रहे पुलिस कर्मियों को किया जागरूक

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

ट्रैफिक इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने यातायात नियमों व सडक सुरक्षा के बारे में सेक्टर 30 फरीदाबाद की पुलिस लाईन में प्रक्षिक्षण पा रहे पुलिसकर्मियों को सडक दुर्घटनाओं मे कमी लाने के लिए यातायात नियमो तथा साइबर ठगों से बचाव के लिए साइबर सुरक्षा के तरीकों के बारे विस्तार से बताया।

फरीदाबाद पुलिस विभाग में नए पुलिस कर्मियों का चयन हुआ है जो पुलिस लाइन सेक्टर 30 में प्रशिक्षण ले रहे हैं। ट्रैफिक इंस्पेक्टर द्वारा पुलिस लाइन में प्रशिक्षण पा रहे इन पुलिसकर्मियों को सडक सुरक्षा नियमों तथा साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान की। हमारी छोटी सी गलती किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन जाती है जब भी घर से बहार निकले अपने टु व्हीलर पर आईएसआई मार्का हैल्मेट लगाकर निकले वा फोरव्हीलर पर सीट बेल्ट का प्रयोग करे चलती गाड़ी में फोन का प्रयोग गाड़ी चलाते समय ना करें। नशा करके वाहन ना चलाये अपनी लाईन मे निर्धारित गति मे वाहन चलाएं। सडक सुरक्षा नियमों का पालन करें ताकि उनका सडक दुर्घटना से बचाव हो सके। उन्होंने कहा कि सडक दुर्घटना होने पर घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाएं ताकि उसकी जान बचाई जा सके। इस अवसर पर निरीक्षक रणजीत सिंह, सिपाही महीपाल व रंगरूट सिपाईयों ने भाग लिया। सभी मुलाजमानो को यातायात नियमो की किताबे भेट की गई है।

मोबाइल एप के माध्यम से मतदाता घर बैठे जान सकते हैं चुनाव संबंधी लेटेस्ट अपडेट

- ऑनलाईन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए बनाया कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन

यूनुस अल्वी, देश रोजाना

नूंह। हरियाणा के मतदाताओं की सुविधा के लिए 18वें लोकसभा आम चुनाव के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अनेक ऑनलाइन मोबाइल एप शुरू किए हुए हैं जो मतदाताओं के साथ-साथ उम्मीदवारों के लिए भी काफी फायदेमंद हैं। इन एप्स का प्रयोग करके मतदाता व उम्मीदवार सरलतम तरीके से घर बैठे ही चुनाव से संबंधित नवीनतम जानकारियां ले सकते है तथा अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 18 साल का कोई भी युवक या युवती अपना वोट बनवाना चाहता है तो वह वोटस.ईसीआई.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल के नाम से एक मोबाइल एप शुरू किया है। इस मोबाइल एप को डाउनलोड कर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता की कहीं अवहेलना हो रही है तो उसकी फोटो या वीडियो बनाकर अपनी शिकायत भेज सकता है, जिसका निवारण निर्वाचन कार्यालय की ओर से 100 मिनट के अंदर किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन के नाम ऑनलाईन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भी एप बनाया है। कोई भी प्रत्याशी इस एप का प्रयोग कर अपने आवेदन को इस एप पर ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। इसमें ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से अपनी जमानत राशि जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया है।

एप से डाउनलोड करें मतदाता स्लिप

जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने बूथ एप के माध्यम से मतदाताओं की डिजिटल पहचान करने की सेवा शुरू की है। मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप को अपने ईपीआईसी कार्ड से जोडकर अपनी मतदाता पर्ची को डाउनलोड कर सकते हैं। वोटर टर्नआउट एप में कुल जनसंख्या के अनुपात में बने वोटों की संख्या को देखा जा सकता है। दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए आयोग ने पीडब्ल्यूडी एप आरंभ किया है। इस एप का प्रयोग कर दिव्यांगजन अपने नाम, मतदाता पहचान पत्र आदि की जांच कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर इन सभी एप और उनके बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई है।

20 पेटी अंग्रेजी शराब ले जा रहे आरोपी पिकअप सहित काबू

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। लोकसभा चुनाव के चलते एनआईटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश की टीम ने एक आरोपी को अवैध शराब तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम राहुल है जो फरीदाबाद के अनंगपुर गांव का रहने वाला है। पुलिस टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर नाका लगाकर गांधी कॉलोनी से भगत सिंह चौक आ रही पिकअप गाड़ी को रोककर चेक किया तो उसमें से 20 पेटी अंग्रेजी शराब की बरामद हुई। इसमें से 10 पेटी रॉयल गोल्ड लेबल, 5 पेटी जैक डेनियल तथा 5 पेटी लंदन ड्रायजिन की शामिल थी। शराब की कीमत लगभग 1.60 लाख रुपए है। आरोपी के खिलाफ एनआईटी थाने में अवैध शराब अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री जल्द आएंगे फिरोजपुर झिरका: नरेंद्र पटेल

अख्तर अल्वी, देश रोजाना, अफिरोजपुर झिरका। भारतीय जनता पार्टी नूंह के जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने फिरोजपुर झिरका विधानसभा का दौरा किया और मुख्य कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की, जिसमें जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शीघ्र ही प्रदेश के पूर्व यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल फिरोजपुर झिरका विधानसभा में विकास संकल्प रैली करने के लिए जनता के बीच पहुंचेंगे। नरेंद्र पटेल ने कहा कि प्रदेश की सभी विधानसभा में प्रदेश के मुखिया व पूर्व मुखिया सहित वरिष्ठ नेता जन रैली कर रहे हैं। इसी के मध्य गत दिवस पुन्हाना में मुख्यमंत्री नायब सैनी सफल जनसभा को संबोधित कर चुके हैं और अब इसी कड़ी में शीघ्र ही पूर्व मुख्यमंत्री व मेवात के चहेते मनोहर लाल फिरोजपुर झिरका विधानसभा में पधारेंगे। नरेंद्र पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में व मनोहर लाल के पूर्व के ऐतिहासिक कार्यों के आधार पर हरियाणा की जनता 11 की 11 सीटें अर्थात 10 लोकसभा और एक विधानसभा की सीट भारी बहुमत के साथ जीता कर भारतीय जनता पार्टी की झोली में डालेगी।

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव का न्योता देने फरीदाबाद पहुंचा हूं: कार्तिकेय

- हमें भगवान परशुराम को समझने की जरूरत है ताकि हम उनकी बात समझ के आगे उनके विचार बढ़ा सकें

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

पांच मई को करनाल में होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव का न्यौता देने फरीदाबाद के गांव मवई पहुंचे राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम एक समाज के नहीं 36 बिरादरी के भगवान हैं। इस मंच से 36 बिरादरी को न्यौता देना चाहता हूं और इस यज्ञ में सभी अपनी आहुति डालें। उन्होंने कहा कि हम भगवान परशुराम के वंशज हैं, हमारा दायित्व बनता है कि उनकी सीख, उनकी शिक्षा, उनकी सोच, उनकी शैली का प्रचार प्रसार करें।

उनकी पैरोकारी करें ताकि आने वाली पीढ़ी को उनकी शिक्षा मिल सके। उनकी शिक्षा का महत्व हर जगह पहुंच सके। हमें भगवान परशुराम को समझने की जरूरत है ताकि हम उनकी बात समझ के आगे उनके विचार बढ़ा सकें। भगवान हमेशा सही के साथ खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि यह बात सही है, कि भगवान परशुराम का फरसा चलता है लेकिन चलता तब है, जब अति हो जाती है। हमें भगवान परशुराम की शिक्षा भी समझनी चाहिए।

भगवान परशुराम शास्त्र और शस्त्र दोनों की बात करते हैं, उनका ज्ञान होना जरूरी है। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि आपका ही हूं और आगे भी रहूंगा। मैं सांसद के नाते आपके बीच में नहीं आया हूं, आपका भाई हूं, आपका बेटा हूं, इस हैसियत से आया हूं। आगे भी ऐसा ही रहूंगा। ना मुझे फरीदाबाद से चुनाव लड़ना है ना मैं वोट मांगने आया हूं। मैं केवल आपका प्यार और आशीर्वाद मांगने आया हूं। मुझे पद की कोई दरकार नहीं है। ना विनोद शर्मा जी को कोई दरकार थी ना मुझे है।

उन्होंने इपीबीजी का पौधा लगाया है। यह पद तो आने जाने हैं अपनों का सरोकार और आशीर्वाद बना रहना चाहिए। आर्थिक आधार पर जो आरक्षण मिला उसका सभी वर्गों को फायदा हुआ। लोकतंत्र में अपनी बात मुख्य रूप से रखनी चाहिए। मैं सार्वजनिक जीवन में पंक्ति में खड़े आखिरी व्यक्ति और 36 बिरादरी की मदद कर सकूं। पंडित विनोद शर्मा ने सिखाया है कि कोई किसी भी क्षेत्र से आए कभी क्षेत्रवाद नहीं किया।

उन्होंने सभी समाज की चिंता की है। मैं भी उनके ही दिखाए रास्ते पर चल रहा हूं। लगभग ईपीबीजी के तहत बचे हुए 800 बच्चों में से 600 बच्चों की नियुक्ति हो चुकी है 200 बच्चे बच्चे हुए हैं। मैं आश्वासन देता हूं कि जब तक 200 बच्चों की नियुक्ति नहीं होगी, मैं चैन से नहीं बैठूंगा। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने करनाल में होने वाले 5 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भगवान ने जो ताकत दी है, उससे ज्यादा लड़ने का प्रयास करता रहूंगा। ब्राह्मण समाज की सबसे ज्यादा भागीदारी फरीदाबाद और पलवल में है और यह भागीदारी करनाल में दिखनी चाहिए।

पुलिस का निरीक्षक भूप सिंह हुआ सेवानिवृत्त

यूनुस अल्वी, देश रोजाना

मेवात। सोनाक्षी सिंह सहायक पुलिस अधीक्षक नूंह, अजायब सिंह उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नूंह एवं सुरेंद्र किन्हा उप-पुलिस अधीक्षक नूंह द्वारा फूलमाला/पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए दी गई विदाई।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को लघु-सचिवालय नूंह में स्थित पुलिस कार्यालय नूंह के सभागार कक्ष में नूंह पुलिस के निरीक्षक भूप सिंह की सेवानिवृत्ति विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। जिसको सहायक पुलिस अधीक्षक नूंह सोनाक्षी सिंह, उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नूंह अजायब सिंह एवं उप-पुलिस अधीक्षक नूंह सुरेंद्र किन्हा द्वारा फूलमाला/पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह तथा एक उच्च गुणवत्ता वाला ट्रैवलर बैग देकर उसके अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी गई। सेवानिवृत्त हुये जवान को उनके कार्यकाल के दौरान किए गए विभिन्न अच्छे कार्यो के लिए समय-समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा ढेरों प्रशंसा पत्र के साथ सम्मानित किया गया। इस मौके पर सहायक पुलिस अधीक्षक नूंह ने बताया कि सेवानिवृत्त होने के बाद भी पुलिस अफसर अपना कर्तव्य निर्वहन करते हुए समाज की बुराइयों को दूर कर सकता है।

पुलिस विभाग में रहते हुए अफसरों के अधीन कार्य करना पड़ता है जबकि सेवानिवृत्त होने के बाद स्वतंत्र रूप से कार्य कर सकता है और समाज में फैली बुराइयों को जागृति लाकर दूर कर सकता है। पुलिस अफसर सदैव ड्यूटी पर होता है वह कभी भी रिटायर नहीं होता । जो उसने ट्रेनिंग के दौरान पुलिस विभाग से शिक्षा प्राप्त की है वह सदा उसके साथ रहती हैं। इस विदाई आयोजन के दौरान सेवानिवृत्त हुए निरीक्षक के परिजन व कार्यालय पुलिस अधीक्षक नूंह के सभी शाखा प्रभारी एवं सम्बंधित स्टाफ उपस्थित रहा।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पीओ-एपीओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

यूनुस अल्वी, देश रोजाना

नूंह। जिला सचिवालय स्थित मीटिंग हॉल में पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी विशाल की अध्यक्षता में ईवीएम व वीवीपैट का ऑन हैंड प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नियुक्त टीम के सदस्यों एवम मास्टर ट्रेनर द्वारा पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों को ईवीएम व वीवीपैट की संपूर्ण प्रक्रिया बारे बारीकी से जानकारी दी गई। ईवीएम और वीवीपैट मशीन को चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। उन्हें मतदान के दिन किस तरह से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का इस्तेमाल करना है, किस तरह से पोलिंग एजेंट्स की मौजूदगी में मॉक पोल करना है, आदि गतिविधियों की जानकारी दी गई। एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी विशाल नूंह एसडीएम ने पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान करवाना बहुत ही संवेदनशील व जिम्मेदारी का काम है। पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों को यह कार्य पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करना चाहिए। प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागी पीओ-एपीओ को मॉक पोल, 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं-40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान करने, ईडीसी के लिए फार्म 12-ए, पोस्टल बैलेट के लिए फार्म 12, मतदान केंद्र से संबंधित विभिन्न फार्म के बारे में आवश्यक जानकारी भी दी। साथ ही मॉक पोल की प्रक्रिया को वीडियो के माध्यम से समझाया गया। मतदान केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में प्रचार-सामग्री नहीं होनी चाहिए।

प्रशिक्षण के दौरान एआरओ एसडीएम विशाल ने कहा कि पीठासीन अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि मतदान सुबह सात बजे शुरू हो जाना चाहिए। इसलिए अपनी मॉक पोल की प्रक्रिया सुबह 5:30 बजे से शुरू कर दें।

स्कूल स्टाफ ने घोड़ी बग्गी पर बैठाकर किया विदा

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तिगांव में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी श्याम सुंदर का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया।

गौरतलब है कि लगभग 40 वर्ष तक शिक्षा विभाग में चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्यरत श्याम सुंदर की ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा, सादगी और समर्पण की मिसाल पूरे क्षेत्र में दी जाती है। आज जब उनकी सेवा निवृत्ति का समय आया तो पूरे तिगांव क्षेत्र ने उन्हें सिर आंखों पर बैठा लिया।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भी श्याम सुंदर के सेवानिवृत्ति समारोह को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी समस्त स्टाफ ने श्याम सुंदर व उनकी पत्नी कमलेश को स्कूल प्रांगण से लेकर उनके घर तक घोडी बग्गी में बैठकर तथा बैन्ड-बाजों के साथ विदा किया। इस दौरान उनके साथ आये हुए लोग रास्ते में डांस करते हुए गये।

श्याम सुंदर व उनकी पत्नी को घोड़ी बग्गी पर बैठा देखकर पूरे तिगांव के लोग अपने घरों से बाहर आ गए और उनके चेहरे पर खुशी देखने लायक थी। कुछ जगह रास्ते में लोगों ने उनके ऊपर फूलों की बरसात भी की। श्याम सुंदर की सेवानिवृत्ति समारोह में गांव के सरपंच विक्रम नागर, रतिचन्द हेडमास्टर, सतवीर वर्मा नंबरदार, जय किशन वर्मा, स्कूल की डीडीओ सुमन मंडा हुड्डा, ज्ञानचंद आनंद, संध्या, रेनू वालिया, शिवदत्त दीक्षित, सुखविंदर, पूर्व प्रधानाचार्या आशा गिरधर, पूर्व प्रधानाचार्या अंजू मदान, प्रधानाचार्या उर्मिला रानी साहू, विभा सिंह, राजकुमार भारद्वाज, संजय कुमार, योगराज, महेंद्र, गौतम, दीप्ति चंदीला, सुधीर, नरेश यादव, निर्मला, कुसुम, सविता, सरिता सैनी, कविता शर्मा, सुदेश अधाना, अर्चना पंवार, सीमा, मुकेश कुंडू, नीना शर्मा, सुरेंद्र कश्यप आदि गणमान्य लोग और स्टाफ के सदस्य विशेष रूप से मौजूद थे।

पुलिस ने पैदल मार्च निकालकर लोगों को किया जागरूक

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर फरीदाबाद पुलिस द्वारा आईटीबीपी के साथ मिलकर एसीपी बडखल वीरेंद्र सिंह तथा एसीपी एनआईटी विष्णु प्रसाद के नेतृत्व में एनआईटी जोन में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए जागरूक किया। फ्लैग मार्च थाना धोज से चलकर मोहबताबाद, पावटा, पाखल, वापिस थाना धोज, आलमपुर, सिरोही, जकोपुर, फिरोजपुर कलां, सिकरौना, भनकपुर, खंदावली, कैली गांव, झाड़सेतली पुल से यूटर्न लेकर जाजरू, शाहपुरए सीकरी थाना सेक्टर 58 पर समापन हुआ। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को जागरूक करते हुए जागरूकता स्लोगन के साथ पैदल मार्च निकाल कर इस चुनाव में आप अपने मतअधिकार को स्वतंत्र, निष्पक्ष एव शांतिपूर्ण तरिके से प्रयोग करे।

अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. बलप्रीत सिंह ने की अधिकारियों के साथ बैठक

- बागवानी कचरे का नियमित उठान, आदर्श आचार संहिता की पालना सहित ड्रेनों की सफाई सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

देव चौहान, देश रोजाना

गुरुग्राम। नगर निगम गुरूग्राम के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. बलप्रीत सिंह ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को बागवानी कचरे का नियमित उठान, आदर्श आचार संहिता की पालना तथा बरसाती नालों व सीवरेज की सफाई व मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में डॉ. सिंह ने कार्यकारी अभियंता (बागवानी) मनोज कुमार से कहा कि पतझड़ के मौसम में विभिन्न सडकों व अन्य स्थानों पर एकत्रित हुए पत्तों आदि का उठान नियमित करवाएं क्योंकि कई बार इनमें आग लगती है, जिससे उठने वाले धूएं से पर्यावरण प्रदूषित होता है। साथ ही इससे निकलने वाली गैसों के कारण सांस व आंखों संबंधी बीमारियां भी हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि बागवानी शाखा में लगाए गए ट्रैक्टर-ट्रॉली, ड्राईवर व हेल्पर की एक जोनवाईज सूची तैयार करके सभी संयुक्त आयुक्तों को भिजवाएं, ताकि बेहतर की जा सके। कार्यकारी अभियंता (बागवानी) ने बताया कि निगम क्षेत्र में स्थित विभिन्न पार्कों के रखरखाव की जिम्मेदारी वहां की आरडब्ल्यूए को सौंपी गई है, जिसकी एवज में नगर निगम गुरूग्राम उन्हें मासिक फंड भी जारी करता है। आरडब्ल्यूए की यह जिम्मेदारी है कि पार्क में निकलने वाले बागवानी कचरे का निष्पादन वे स्वयं करें, लेकिन कई आरडब्ल्यूए बागवानी कचरे को पार्क से बाहर फैंक देते हैं। इस पर अतिरिक्त निगमायुक्त ने कहा कि ऐसी आरडब्ल्यूए की पहचान करके उन्हें नोटिस जारी किए जाएं। बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त ने कहा कि मानसून से पूर्व सभी बरसाती नालों व सीवरेज नेटवर्क की सफाई व मरम्मत का कार्य पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में मैनहॉल व स्लैब के ढ़क्कन दुरूस्त हों, ताकि किसी प्रकार का हादसा ना होने पाए। उन्होंने आदर्श आचार संहिता की पालना भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कहा कि राजनीतिक पार्टियों की प्रचार सामग्री पर लगातार कार्रवाई की जाए। बैठक में चीफ इंजीनियर मनोज यादव, कार्यकारी अभियंता मनोज कुमार व संजीव कुमार, सहायक अभियंता वसीम अकरम व नईम हुसैन व कनिष्ठ अभियंता सुमित चहल उपस्थित थे।

विद्यार्थियों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे कैंपस एंबेसडर

देव चौहान, देश रोजाना

गुरुग्राम। लोकसभा आम चुनाव-2024 के छठे चरण के लिए 25 मई को होने वाले मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत निरंतर मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव की पहल पर जिला के सभी विश्वविद्यालयों व अनेक महाविद्यालयों में कैंपस एंबेसडर मनोनीत किए गए है जो अपने-अपने संस्थान में विद्यार्थियों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि जिला प्रशासन विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से जिले वासियों को मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रहा है। इसके लिए जिला एंबेसडर, यूथ एंबेसडर व सीनियर सिटीजन एंबेसडर मनोनीत किए जा चुके है। इसी पहल पर आगे बढ़ते हुए सभी विश्वविद्यालयों में कैंपस एंबेसडर भी मनोनीत किए गए है। वहीं जिला के महाविद्यालयों में यह प्रक्रिया जारी है। जिला के विभिन्न संस्थानों ने इस कार्य में रूचि दिखाई है। शिक्षण संस्थानों की ओर से लघु सचिवालय परिसर स्थित विकास सदन में वोटर्स पार्क भी बनाया गया है। इस पार्क में आकर भारत में चुनाव प्रक्रिया के इतिहास से रूबरू हो सकते हैं। साथ ही चुनाव से जुड़ी कई रोचक जानकारी भी यहां मिल सकती है। सीएसआर ट्रस्ट के एडिशनल सीईओ व स्वीप कार्यक्रम से जुड़े गौरव सिंह ने बताया कि गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में तरूण शाह और रूद्रिका, एमडीयू के सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड अलाइड स्टडीज (सीपीएएस) में पूजा, रविंद्र शौकीन, केआर मंगलम यूनिवर्सिटी में कुणाल और हितेन पंवार, एसजीटी यूनिवर्सिटी में अक्ष चौहान, जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी में शौर्य गर्ग व तुषार यादव, आईआईएलएम यूनिवर्सिटी में शिरीष बोहरा व मानस गौरी को कैंपस एंबेसडर मनोनीत किया गया है। इसी तरह गुरुग्राम के द्रोणाचार्य गवर्नमेंट कॉलेज में आयुषी सिंह, गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज सेक्टर 14 में मानसी व दिया को मतदाता जागरूकता के लिए कैंपस एंबेसडर बनाया गया है।

युवाओं को रोजगार के लायक बनाने को कैनविन फाउंडेशन शुरू करेगा स्किल सेंटर

- अब से पहले कैनविन फाउंडेशन स्वास्थ्य, महिला कौशल विकास केंद्र से दे रहा लाभ
- युवाओं को स्किल करके निजी क्षेत्र में रोजगार के स्तर पर किया जाएगा तैयार

देव चौहान, देश रोजाना

गुरुग्राम। निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए पिछड़ रहे हरियाणा के युवाओं के लिए कैनविन फाउंडेशन अब स्किल सेंटर शुरू करने जा रहा है। इसके लिए युवाओं को स्किल्ड बनाकर उन्हें रोजगार के लायक बनाया जाएगा। अब से पहले लोगों के स्वास्थ्य के लिए कैनविन ने पॉलिक्लीनिक, कैनविन आरोगय धाम, महिला कौशल विकास केंद्र के माध्यम से आमजन को लाभान्वित किया है। युवाओं के लिए स्किल्ड सेंटर को लेकर जानकारी देते हुए कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. डीपी गोयल ने कहा कि 25 लाख स्थानीय आबादी वाले गुरुग्राम में 350 से अधिक एमएनसी कंपनियां हैं। इतने अधिक संसाधन होने के बाद कहीं ना कहीं हमारे स्थानीय युवा बेरोजगार घूम रहे हैं।

ऐसे तो हमारे युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। ऐसा ना हो, इसके लिए कैनविन फाउंडेशन अब स्किल्ड सेंटर की शुरूआत करने जा रहा है। इसके लिए विशेष तौर पर कोर्स डिजायन किए गए हैं। इन कोर्स को पूरा करके युवा खुद को रोजगार के लिए तैयार कर पाएंगे। डा. डीपी गोयल ने कहा कि सोमवार से शुक्रवार और शनिवार व रविवार को स्किल्ड कोर्स चलाए जाएंगे। सुबह 8 बजे से सायं साढ़े 5 बजे तक रोजाना डेढ़ घंटे तक कोर्स कराया जाएगा। कोर्स पूरा करके उसमें 90 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले युवाओं को स्कॉलरशिप भी दी जाएगी। कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल ने कहा कि रोजगार या स्वरोजगार सबकी जरूरत है। इतने अधिक संसाधन हमारे पास हैं, फिर भी युवा बेरोजगार घूम रहे हैं। शिक्षित होकर भी युवाओं के पास काम की कमी है। यह बहुत बड़ा गैप है, जिसे भरना जरूरी है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो स्थिति सही नहीं होगी। नवीन गोयल ने कहा कि कंपनियों में स्किल्ड युवाओं की कमी महसूस की जा रही है। ऐसे में कैनविन रोजगार सेवा केंद्र युवाओं के लिए संजीवनी बनकर आया है।

युवाओं का स्किल बढ़ाने के लिए विशेष तौर पर एक पैकेज तैयार किया गया है। 30 घंटे के इस कोर्स में रोजाना डेढ़ घंटे तक युवाओं को ज्ञान दिया जाएगा, ताकि वे रोजगार के लायक बन सकें। उन्होंने कहा कि डिजिटल मार्केटिंग, स्किल पैकेज जैसे कोर्स युवाओं को आगे बढ़ाएंगे। कोर्स पूरा करने वाले युवाओं को रोजगार मिले, इसके लिए उन्हें स्किल्ड बनाकर कंपनियों के दरवाजे तक कैनविन जाएगा। उन्हें बताया जाएगा कि उनके हिसाब से मेनपावर तैयार करने के लिए कैनविन काम कर रहा है। जिस तरह की मेनपावर उन्हें चाहिए, कैनविन इसके लिए तैयार है।

डीएलएफ फेज दो और तीन में अवैध गेस्ट हाउस का डीटीपीई ने किया निरीक्षण

- पालम विहार जी ब्लाक में छह मकानों में चल रहे प्रापर्टी डीलर ऑफिस सील किए

हर्ष खटाना, देश रोजाना

गुरुग्राम। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के डिस्ट्रिक्ट टाउन प्लानर इंफोर्समेंट ने मंगलवार को डीएलएफ फेज दो तथा तीन में अवैध रूप से चल रहे गेस्ट हाउस तथा कमर्शियल गतिविधियों को लेकर निरीक्षण किया। फेज दो तथा तीन से लगातार अवैध कमर्शियल गतिविधियों को लेकर दर्जनों शिकायत प्राप्त हो रही है। अब जल्द ही विभाग की तरफ से शोकॉज नोटिस और रेस्टोरेशन के आदेश जारी कर सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा इंफोर्समेंट टीम ने पालम विहार के रिहायशी मकानों में चल रही करीब आधा दर्जन कमर्शियल गतिविधियों को सील कर दिया।

डीटीपी इंफोर्समेंट मनीष यादव मंगलवार सुबह पहले डीएलएफ फेज तीन में पहुंचे। यहां उन्होंने एस, टी, मॉल्सरी एवेन्यू, एस ब्लाक में चल रही अवैध कमर्शियल गतिविधि तथा गेस्ट हाउस का निरीक्षण किया। मिली शिकायतों के आधार पर एस-27 रोड पर तो अवैध गेस्ट हाउस के मकान मालिक तथा संचालकों को शोकॉज नोटिस जारी भी कर दिया है। जिसमें 30 अप्रैल तक जवाब दायर करने के आदेश दिए गए थे लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो अब जल्द ही रेस्टोरेशन के आदेश जारी किए जाएंगे और इसके गतिविधियों की सीलिंग की जाएगी। यहां से डीटीपीई डीएलएफ फेज दो स्थित एम-ब्लाक पहुंचे, यहां भी विभिन्न ब्लाकों के रिहायशी मकानों में अवैध गेस्ट हाउस संचालित थे। अब इनके विरूद्ध जल्द ही कागजी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर सीलिंग का अभियान शुरू किया जाएगा। डीटीपीई के पास सीएम विंडो के माध्यम तथा अन्य माध्यमों से शिकायत प्राप्त हो रही थी।

पालम विहार में छह मकानों में चल रहे आफिस सील किए

डीटीपी इंफोर्समेंट मनीष यादव की तरफ से पामल विहार कालोनी के जी-ब्लाक के रिहायशी मकानों में अवैध रूप से संचालित प्रापर्टी डीलर के आफिसों पर भी सीलिंग की कार्रवाई की गई। इन मकानों को 7 दिन का शोकॉज नोटिस और 7 दिन का रेस्टोरेशन के आदेश जारी किए गए थे। इसके बाद भी गतिविधि बंद करने के लिए पर्याप्त समय दिया लेकिन जब गतिविधि बंद नहीं की तो मंगलवार को इंफोर्समेंट टीम ने सीलिंग की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान पालम विहार से पुलिस बल, एटीपी दिनेश सिंह बतौर डयूटी मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। कार्रवाई के दौरान डीटीपीई के अलावा फील्ड टेक्नीशियन प्रशांत मौजूद रहा।

बाल भारती स्कूल की हर्षिता ने कॉमर्स संकाय में हासिल किए 98 फीसदी अंक

- 27 विद्यार्थियों ने बनाई मेरिट सूची में जगह

देव चौहान, देश रोजाना

गुरुग्राम। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से मंगलवार को 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। जिसमें गुरुग्राम के कई स्कूलों के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल सहजावास की हर्षिता ने कॉमर्स संकाय में 500 में से 490 अंक लेकर 98 फीसदी अंक लिए हैं। वहीं स्कूल के 27 विद्यार्थियों ने मैरिट सूची में जगह बनाई। लडकों की तुलना में लड़कियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। मैरिट में जगह बनाने वाले 27 विद्यार्थियों में 22 छात्राएं है जबकि पांच छात्र हैं। स्कूल संचालक बिरेंद्र खटाना ने बताया कि स्कूल में कॉमर्स संकाय में हर्षिता ने सबसे अधिक 490 अंक हासिल कर जिला व स्कूल के अलावा अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। इसी तरह कॉमर्स संकाय की अंजलि मावी ने 479, तन्नू व मानसी ने 477, मानसी सुलेंदर ने 476 अंक लिए हैं। वहीं कला संकाय में रीतू, पूजा व रचना ने 472, भावना ने 466 अंक, रुचिका ने 458, मीनाक्षी व रितिका ने 454, कशिश व मोना ने 448, खुशी 446, निशी ने 444, तुलसी ने 438, ताशु ने 434, हर्ष ने 433, मानसी विजय ने 428, प्रिया ने 420, आरब ने 419, खुशी ने 415, वर्षा ने 412, कुंदन ने 411, विपिन ने 409 व यश ने 401 अंक हासिल किए हैं। स्कूल संचालक विरेंद्र सिंह खटाना व प्रिंसिपल कृष्णा देवी ने 12वीं की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सीए बनना चाहती है कॉमर्स संकाय की टॉपर हर्षित

गुड़गांव। सहजावास स्थित बाल भारती सीनियर सेकंडरी स्कूल के छात्र हर्षिता ने कॉमर्स स्ट्रीम में 98 फीसदी अंक प्राप्त किए। बिना ट्यूशन के ही हर्षिता ने घंटे पढ़ाई करके अच्छे हैं प्राप्त किए हैं। वो सीए बनना चाहती हैं, ऐसे में एक अच्छे कॉलेज से अपने आगे की पढ़ाई करेंगी। हर्षिता के अकाउंट में 100 नंबर, बिजनेस स्टडी में 99, इकोनॉमिक्स में 99, हिंदी में 99 और इंग्लिश में 95 नंबर प्राप्त किए हैं। हर्षिता बताते हैं कि उनके पिता एक जनरल स्टोर चलते हंत जबकि मां हाउसवाइफ है। जैसे ही रिजल्ट घोषित हुआ तो उन्हें पिता ने फोन करके बताया कि उनके 490 अंक आए हैं।

स्मार्ट ग्रिड परियोजना गुरूग्राम के 5200 पुराने पीसीसी खंभों का होगा निपटान

हर्ष खटाना, देश रोजाना, गुरुग्राम। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के स्मार्ट ग्रिड प्रोजेक्ट के तहत उतारे गए लगभग 5200 पुराने पीसीसी खंभों का निपटान होगा। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के निदेशक (प्रोजेक्ट) सुरेश कुमार बंसल ने बताया कि गुरुग्राम में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में बिजली के 11 केवी फीडर्स को भूमिगत किया गया है और पुराने खंभों को हटा दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिन खंभों को अभी तक सहेजा नहीं गया और वे पुनः उपयोग के लिए अस्वस्थ घोषित किए गए हैं। ऐसे 9 मीटर के 1300 और 11 मीटर के 3900 पीसीसी खंभे गुरुग्राम शहर में 7 किलोमीटर के दायरे में विभिन्न स्थानों पर रखे गए हैं। डीएचबीवीएन का इरादा इन पीसीसी खंभों को पर्यावरण अनुकूल तरीके से निपटान करने का है। इन पीसीसी खंभों को उठाने और निपटाने में रुचि रखने वाली कंपनियां 10 मई 2024 को या उससे पहले स्मार्ट ग्रिड प्रोजेक्ट के गुरुग्राम स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय, हेतरी हाउस, आईडीसी में संपर्क कर अपना वित्तीय प्रस्ताव जमा कर सकती हैं।

1128 एकड़ के किसानों की महापंचायत आज, कोई बड़ा फैसला लेने की तैयारी

- चुनाव बहिष्कार के साथ प्रत्याशियों की एंट्री बैन कर सकते है किसान

देव चौहान, देश रोजाना

गुरुग्राम। 1128 एकड़ किसान संघर्ष समिति की ओर से आज पंचगांव चौक पर आज बुलाई गई महापंचायत में किसान लोकसभा चुनाव को लेकर कोई बड़ा फैसला ले सकते है। सूत्रों की माने तो किसान प्रभावित गांवों में चुनाव बहिष्कार से लेकर चुनाव प्रचार के लिए आने वाले नेताओं को गांव में एंट्री बैन करने की तैयारी में है। बता दें कि एक साल से भी ज्यादा समय से अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे किसान लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की 1128 एकड़ के मुद्दे पर की गई टिप्पणी को लेकर आक्रोश में है।

हरियाणा विधानसभा में विधायक सत्यप्रकाश जरावता के प्रश्न के जवाब देते हुए दुष्यंत चौटाला ने 1128 एकड़ के किसानों को अधिग्रहण राशि पर ब्याज देने की मांग को सिरे से खारिज कर दिया था।

आज होने वाली महापंचायत में एक ओर किसान चुनाव बहिष्कार का फैसला ले सकते है वहीं इस मुहिम में क्षेत्र के अन्य गांवों को भी शामिल करने की योजना बना रहे है। संघर्ष समिति में शामिल किसानों ने बताया कि भाजपा-जजपा के गठबंधन वाली प्रदेश सरकार ने किसानों के साथ विश्वासघात किया है। एक तरफ समस्या के समाधान को लेकर किसानों को बरगलाते रहे वहीं दूसरी अंदर ही अंदर किसानों के साथ अन्याय करते रहे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में वोट ही सबसे बड़ी ताकत होती है और 25 मई को प्रदेश में होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा सहित अन्य दलों को वोट की चोट से सबक सिखाने का काम किया जाएगा। किसानों के इस रुख के बाद भाजपा की मुश्किलें बढ़ना तय है।

चुनावी खर्चे की निगरानी के लिए आयोग ने नियुक्त किए दो व्यय ऑब्जर्वर

देव चौहान, देश रोजाना, गुरुग्राम। चुनाव आयोग ने आगामी लोकसभा चुनावों के दौरान समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए गुड़गांव लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए आईआरएस अधिकारी दुर्गादत्त को गुरूग्राम, सोहना, नूह, पुन्हाना व फिरोजपुर झिरका एवं सौरभ कुमार शर्मा को बादशाहपुर, पटौदी, रेवाड़ी व बावल विधानसभा का व्यय(एक्सपेंडिचर) ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि व्यय ऑब्जर्वर सिविल लाइन्स स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हॉउस में रहेंगे। राजनीतिक दल, उम्मीदवार व जनता बात करने अथवा शिकायत दर्ज करने के लिए व्यय ऑब्जर्वर दुर्गादत्त के मोबाइल नंबर 7303037217 व सौरभ कुमार शर्मा के मोबाइल नंबर 7303037226 पर संपर्क कर सकते हैं। ऑब्जर्वर से मिलने का समय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हॉउस के कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक निर्धारित किया गया है।

हरियाणा ने जीती 67वीं नेशनल स्कूल बॉयज बास्केटबॉल चैंपियनशिप की ट्रॉफी

- हरियाणा के हाथों फाइनल मुकाबले में हार के बाद दिल्ली बना उप-विजेता
- सीबीएसई की टीम को मिला तीसरा स्थान

देव चौहान, देश रोजाना

गुरुग्राम। हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 67वीं नेशनल स्कूल ब्वायज बास्केटबॉल चैंपियनशिप का खिताब फाइनल में दिल्ली को हराकर अपने नाम किया। गुरूग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में तीन दिन तक आयोजित हुई इस चैंपियनशिप में दिल्ली की टीम उपविजेता रही वहीं सीबीएसई की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

मंगलवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में हरियाणा के खिलाड़ियों ने 69 गोल कर दिल्ली की टीम को 13 अंकों के अंतर से पराजित किया। हरियाणा की तरफ से अजय, वीर व अनिल काला ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। दिल्ली की टीम ने 56 गोल किए। इस रोमांचक मुकाबले में अंत में हरियाणा की जीत हुई।

वहीं तीसरे स्थान के लिए सीबीएसई और सीआईएससीई बोर्ड के बीच खेले गए मैच में सीबीएसई ने 42 गोल कर सीआईसीएसई को शिकस्त दी। सीआईएससीई ने बीस गोल किए थे। तीन दिन तक चले इस टूनामेंट में देशभर से स्कूल संगठनों व शिक्षा बोर्ड की आई 44 टीमों ने भाग लिया था। समापन समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदु बोकन कसाना मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम के लिए यह गर्व की बात है कि एक राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजन को यहां सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिक्षा विभाग का प्रयास रहेगा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के बड़े आयोजन गुरूग्राम में करवाए जाएं, जिससे कि स्थानीय बच्चों को भी खेलों में भाग लेने की प्रेरणा मिल सके। प्रतियोगिता की विजेता टीमों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

उद्यमी की मौत मामले में नगर निगम पर कार्रवाई की मांग

देश रोजाना ब्यूरो, गुरुग्राम। शनिवार रात सोहना रोड पर वाटिका अंडरपास के पास आईएमटी मानेसर के 32 वर्षीय उद्यमी अभिनव शर्मा की कार बुरी तरह दुर्घटना ग्रस्त हो गई थी। रविवार की रात शहर के एक निजी अस्पताल में उनकी मौत हो गई। इस घटना को लेकर आईएमटी मानेसर उद्योग संघ ने शोक प्रकट किया है और नगर निगम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आईएमटी मानेसर उद्योग संघ के महासचिव मनोज त्यागी ने इस घटना पर रोष व्यक्त करते हुए नगर निगम पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि अभिनव शर्मा शनिवार रात 10.30 बजे आईएमटी मानेसर स्थित अपनी फैक्ट्री से मालिबू टाउन स्थित अपने घर जा रहे थे। वाटिका चौक के पास जैसे ही वे अंडरपास से निकले, नगर निगम की सीवेज की सफाई की गाड़ी खड़ी थी। उस गाड़ी के कारण दुर्घटना हुई है।

नेशनल चैंपियनशिप के लिए हरियाणा की फुटबॉल टीम छत्तीसगढ़ रवाना

- 2 से 8 मई तक होना है अंडर-20 नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन

देव चौहान, देश रोजाना

गुरुग्राम। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में आयोजित होने वाली पुरुष वर्ग की स्वामी विवेकानंद अंडर-20 नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप-2024 में भाग लेने के लिए मंगलवार को हरियाणा की टीम मंगलवार को रवाना हुई। इस प्रतियोगिता का आयोजन 2 मई से 8 मई तक होना है।

जिसमें देशभर की कई बडी टीमें भाग लेंगी। चैंपियनशिप के लिए रवाना होने से पूर्व खिलाडियों के लिए एसोसिएशन एमजी रोड स्थित एस्सेल टावर, पाम कोर्ट रजिस्टर्ड कार्यालय में किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर खिलाड़ियों एवं टीम ऑफिसियल को फुटबॉल किट वितरित की गई।

कार्यक्रम में खिलाडियों की हौसलाफजाई करते हुए हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन के प्रधान सूरजपाल अम्मू ने हरियाणा के खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन की अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस दौरान सूरजपाल अम्मू ने खिलाड़ियों से खेल भावना का पालन करते हुए अपना स्वाभाविक खेल खेलने की बात भी कही। खिलाडियों ने प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए आश्वस्त किया।

पुलिस अधीक्षक सावन ने थाना धारूहेड़ा का किया औचक निरीक्षण

- मातहत अधिकारियों की बैठक में दिए जरूरी निर्देश

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन मंगलवार को थाना धारूहेड़ा का दौरा किया। उन्होंने इस थाने के रिकार्ड के रजिस्टर व फाइलों की जांच करने के साथ ही बैरक, मेस व मालखाना का जायजा लिया और खामियों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने क्राइम कंट्रोल के संबंध में पर्यवेक्षण अधिकारी बावल, प्रबंधक थाना धारूहेड़ा, प्रबंधक थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा, चौकी इंचार्ज मीरपुर व मुंशीयो की थाना में मीटिंग लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मीटिंग में उप पुलिस अधीक्षक बावल नरेंद्र सांगवान, प्रबंधक थाना धारूहेड़ा निरीक्षक जगदीश चन्द, प्रबंधक थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा निरीक्षक सुनील कुमार, एसपी रीडर तेजपाल, चौकी इंचार्ज मीरपुर एएसआई अमित कुमार व थानों के मुंशी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक सावन ने इस बैठक में सर्वप्रथम कानून एवं व्यवस्था व दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा लंबित मामलों के निस्तारण के लिए आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश करें।

पीओ, बेल जम्पर अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करें। दर्ज किसी भी मुकदमे की जांच बेवजह लंबे समय तक पेंडिंग न रखे। महिला विरूध अपराध, अवैध हथियार व मादक पदार्थों

की तस्करी, जुआरियों, सट्टेबाजों तथा अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ सचेत होकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाही अमल में लाए। उन्होंने मातहत को निर्देश दिए कि में आमजन के साथ अच्छा तालमेल बनाकर निरंतर गश्त करें, शरारती व आपराधिक किस्म के व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही अमल में लाए। संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की गहनता से जांच करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने थाना धारूहेड़ा में औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों के एचआर हेड के साथ मीटिंग कर सुरक्षा सम्बंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा-व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी प्रकार के प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि महिला विरुद्ध अपराधों पर पुलिस द्वारा लोकसभा आम चुनाव को जिला में भयमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के दृष्टिगत क्षेत्र सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। हरियाणा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की शुरूआत की गई है। अकेले में सफर करने वाली छात्राएं/महिलाएं हरियाणा 112 पर खुद को पंजीकृत करके इस सेवा का लाभ उठा सकती हैं। सफर के दौरान हरियाणा पुलिस की टीम द्वारा महिला को तब तक ट्रैक किया जाता रहेगा, जब तक महिला अपने गंतव्य तक सुरक्षित नहीं पहुंच जाती। उन्होंने कंपनियों के एचआर हेड से औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा-व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस चौबीस घंटे आपकी सेवा में तत्पर है। किसी भी समय पुलिस की जरूरत महसूस होने पर डायल 112, नजदीकी पुलिस थाना, पुलिस चौकी से सम्पर्क कर पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

सिंगर एमडी आज केएलपी में

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना, रेवाड़ी। 18 वें लोकसभा आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल करने के लिए रेवाड़ी के सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन-स्वीप (एसवीईईपी) कार्यक्रम के जिला यूथ आइकॉन हरियाणवी सिंगर एमडी देसी रॉकस्टार उर्फ मनोज कुमार 1 मई को दोपहर 12 बजे से स्थानीय केएलपी कॉलेज सभागार में युवा मतदाताओं को ह्यमतदान करो-मतदान करो राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनोह्न थीम सोंग के साथ जागरूक करेंगे। इस कार्यक्रम में जिला की शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थी भागीदारी करेंगे। जिला प्रशासन ने लोकसभा आम चुनाव 2024 में जिला में मतदान के ग्राफ को बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियों के तहत हरियाणवी सिंगर एमडी रॉकस्टार को यूथ आइकॉन बनाया है।

चुनाव ड्यूटी निष्ठापूर्वक निभाएं अधिकारी : एसडीएम

- पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों की ट्रेनिंग रही जारी

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। कोसली के एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी उदय सिंह ने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और यह तभी संभव है जब बूथ पर मौजूद प्रत्येक अधिकारी अपने कार्य का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करे।

उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी चुनाव के लिए शारीरिक रूप के साथ-साथ अपने आप को मानसिक रूप से भी तैयार रखें। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव हमारे लिए खुद को बेहतर साबित करने व आत्मसंतुष्टि का सुखद अवसर है। एसडीएम उदय सिंह मंगलवार को दूसरे दिन जैन पब्लिक स्कूल ऑडिटोरियम में

पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों को चुनाव की ट्रेनिंग देते हुए कहा कि चुनाव सामग्री को संभालने के बाद पीठासीन अधिकारी अपने बूथ पर जाकर सबसे पहले बूथ का निरीक्षण करना चाहिए।

बूथ के अंदर किसी राजनेता की तस्वीर नहीं होनी चाहिए। कोई तस्वीर है तो उसे ढक दें या फिर कहीं और रखवा दें। मतदान केंद्र में ईवीएम मशीन का स्थान खिड़की से दूर होना चाहिए। जिससे कि मतदान की गोपनीयता बनी रहे। यह ध्यान रखे कि प्रत्येक मतदाता ईवीएम का बटन स्वयं दबाए। कोई मतदाता कुछ पूछता है तो उसका जवाब बूथ पर नियुक्त पोलिंग पार्टी के सदस्य दे सकते हैं। मतदाता के साथ कोई दूसरा आदमी ईवीएम के समीप ना जाए।

एसडीएम ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि पीठासीन अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले कि मतदान सुबह सात बजे शुरू हो जाना चाहिए। इसलिए अपनी मॉक पोल की प्रक्रिया सुबह 5.30 बजे शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया शाम 6 बजे तक जारी रहेगी। इस समय कुछ मतदाता कतार में लगे हुए हैं तो उनको लाइन में पीछे खड़े मतदाता को पर्ची क्रमांक एक से शुरू कर पहले व्यक्ति तक पर्ची नंबर बांट दें। जिससे कि और आदमी लाइन में लगकर खड़े ना हों। उन्होंने कहा कि बूथ पर जाकर प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंट के फार्म पहले दिन ही भरवा लें। इसके लिए फार्म नंबर दस भरा जाएगा।

इस अवसर पर एसडीएम एवं एआरओ रेवाड़ी विकास यादव, एसडीएम एवं एआरओ बावल मनोज कुमार, सीटीएम लोकेश कुमार, नायब तहसीलदार पाल्हावास प्रियंका, नायब तहसीलदार डहीना गिरिशा चौधरी, डीआईओ महेश भारद्वाज व नायब तहसीलदार चुनाव अजय कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सबइंस्पेक्टर के बेटे ने पावर लिफ्टिंग में जीता गोल्ड

देश रोजाना ब्यूरो, फरीदाबाद। सोनीपत में संपन्न हुई हरियाणा स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में फरीदाबाद के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। फरीदाबाद पहुंचने पर खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। यह चैंपियनशिप 26 से 28 अप्रैल तक आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया। इनमें सबइंस्पेक्टर प्रदीप मोर के बेटे दिपेश मोर ने जूनियर पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में 120 किलोग्राम में गोल्ड मेडल जीता। प्रदीप मोर सिकरौना चौकी इंचार्ज हैं। वहीं दिपांशु यादव ने सब जूनियर वर्ग के 53 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। इसी वर्ग के 83 किलो भार वर्ग में दीपक पंडित ने सिल्वर मेडल जीता, जबकि जूनियर वर्ग के 66 किलो में अंकित गुर्जर ने भी सिल्वर मेडल अपने नाम किया। दिपेश मोर ने बताया कि तीन साल पहले उसे इस खेल का शौक चढ़ा और मेहनत के दम पर दो बार नैशनल चैंपियन बनें। एक बार फेडरेशन चैंपियन रहे और दो बार नॉर्थ इंडिया चैंपियन बनें।

बेदाग सेवानिवृत्ति होना किसी अधिकारी कर्मचारी के लिए सुखद क्षण : जोशी

- लोक कलाकार रामानंद हुए सेवानिवृत्त

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के जिला कार्यालय में भजन पार्टी के सदस्य रामानंद 60 वर्ष की आयु पूरी करने बाद मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए।

इस मौके पर आयोजित विदाई कार्यक्रम की अध्यक्षता उक्त विभाग के सेवानिवृत संयुक्त निदेशक सतीश कुमार जोशी ने की। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा से सेवामुक्त होना, एक स्वत प्रक्रिया होती है। सभी को एक दिन सेवामुक्त होना है मगर अधिकारी-कर्मचारी की सेवानिवृति का वो क्षण तब सुखद हो जाता है, जब बेदाग सेवानिवृत्ति होने का अवसर प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि रामानंद विभाग को अपनी सेवाएं देने

में सदैव आगे रहे।

डीआईपीआरओ दिनेश कुमार ने रामानंद को फूलमाला और सम्मान स्वरूप पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने रामानंद को मिलनसार, नेक दिल इंसान व बेहतरीन कर्मचारी बताते हुए उनकी कार्यकुशलता की प्रशंसा की। उपरोक्त दोनों ने उन्होंने भगवान से उनकी दीघार्यु की कामना करते हुए उन्हें अपनी ओर से शुभकामनाएं दीं।

विभाग के पूर्व एआईपीआरओ सुरेश कुमार गुप्ता ने कहा कि सेवानिवृत्ति हर व्यक्ति के जीवन में मील के पत्थर के समान है। उन्होंने कहा कि रामानंद ने अपनी पूरी सेवा बेदाग और अनुशासन के साथ पूरी की है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। ड्यूटी के दौरान नियमित और समय से पहले कार्यालय पहुंचना उनकी खासियत रही। उधर रामानंद ने कहा कि अपने सरकारी सेवाकाल के दौरान उन्हें अपने अधिकारी और कर्मचारी साथियों का हर समय सहयोग मिला, जिसके लिए वे सदा उनके ऋणी रहेंगे। विभागीय कलाकारों ने अपनी संगीतमय प्रस्तुतियां भी दी।

लोकगीतों के माध्यम से मतदान का आह्वान कर रहे लोक कलाकार

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। लोकसभा आम चुनाव में 25 मई के दिन मतदाताओं को जागरूक कर बढ़ चढकर मतदान करने व मतदान ग्राफ में बढ़ोतरी के लिए जिला प्रशासन की ओर से जिला में चलाए जा रहे स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) अभियान के तहत सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की प्रचार टीम के कलाकार गांव-गांव पहुंचकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित व जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

विभाग के पार्टी कलाकार ढोलक, चिमटा व हारमोनियम की बेहतरीन धुनों पर मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाले गीत व भजन गाते हुए सहज ही लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर

रहे हैं। भजन मंडली कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता गीतों व भजनों के माध्यम से लोगों को बढ़ चढकर मतदान करने के लिए प्रेरित व जागरूक किया जा रहा है। भजन मंडली कलाकारों ने सोमवार को गांव बोहतवास अहीर में पहुंचकर ग्रामीणों से वोट बनवाने का आह्वान करते हुए लोकतंत्र के महापर्व में शत प्रतिशत मतदान करने बारे जागरूक किया तथा मतदान करने का संकल्प भी दिलाया। जिला में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए 25 मई तक स्वीप गतिविधियां जारी रहेंगी।

दुर्गा शक्ति टीम ने विद्यार्थी वर्ग को किया जागरूक

- अपराध से खुद बचें और दूसरों को भी बचाएं : टीम का आह्वान

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। महिलाओं/बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनको अपराध के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दुर्गा शक्ति इंचार्ज एएसआई सुनीता और उनकी टीम ने मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बिठवाना में जागरूकता कार्यक्रम में अहम जानकारी दी।

टीम ने यहां विद्यार्थियों को गुड टच/बैड टच, विभिन्न प्रकार के अपराधों (महिला/बच्चों विरुद्ध अपराध, साइबर अपराध इत्यादि), उनकी पहचान, अपराधों से बचाव व अपराध होने पर उनके निवारण सहित नशे के दुष्प्रभाव इत्यादि के बारे में बताया। पुलिस टीम ने इस कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों व

स्टाफ को विभिन्न प्रकार के अपराधों के कानून में दिए गए प्रावधानों व विशेष अधिनियमों (पोक्सो एक्ट, बाल किशोर अधिनियम इत्यादि) के बारे में भी जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों/महिला स्टाफ को पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए डायल-112 सेवा के बारे में बताते हुए उन्हें पुलिस की दुर्गा शक्ति व डायल-112 ऐप्स को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करने व इन ऐप्स का प्रयोग करने के बारे में बताया गया।

टीम सदस्यों ने बताया कि डायल-112 एप पर एक बार रजिस्टर करने के बाद अगर कभी भी आपातकालीन स्थिति में पुलिस सहायता की आवश्यकता हो तो 112 पर संपर्क करने पर बिना लोकेशन बताए ही पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है। पुलिस टीम ने ट्रिपिंग मॉनिटरिंग को बताया कि यदि कोई महिला यात्रा के दौरान ट्रिप मॉनिटरिंग की सुविधा प्राप्त करना चाहती है तो 112 पर कॉल करके यह सहायता प्राप्त की जा सकती है, जिसमें पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा यात्रा के दौरान महिला के पास कॉल करके सुनिश्चित किया जाता है कि महिला सुरक्षित है। इस दौरान यातायात नियमों का पालन करना व विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों/अपराधियों की पहचान व बचाव उनके निवारण इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

टीम ने कहा कि अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर अपनी जानकारी किसी के अनजान व्यक्ति के साथ सांझा न करें तथा अपने अकाउंट को प्राइवेट रखें जिससे कि आप विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों से बच सकते हैं। पुलिस टीम द्वारा वहां मौजूद विद्यार्थियों/स्टाफ को नशे से दूर रहने, नशे के आदि लोगों के पुनर्वास/नशा मुक्ति में बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

नेटबॉल के दोनों वर्गों में हरियाणा बना ओवरऑल चैंपियन

- दिल्ली की टीम उपविजेता, जबकि पंजाब व छत्तीसगढ़ रहे तीसरे स्थान पर
- पांच दिवसीय राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ हुआ समापन

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। माध्यमिक शिक्षा, हरियाणा तथा जिला प्रशासन, रेवाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में यदुवंशी शिक्षा निकेतन में चल रही 67 वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता के नेटबॉल अंडर-19 के लड़के तथा लड़कियों के दोनों वर्गों में मेजबान हरियाणा की टीम विजेता रही। दोनों ही वर्गों में दिल्ली की टीम उपविजेता बनी। लड़कों के वर्ग में पंजाब तथा लड़कियों के वर्ग में छत्तीसगढ़ की

टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि उपमंडल अधिकारी (नागरिक) विकास यादव ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए शुभकामनाएं दी।

समापन सत्र की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह खनगवाल ने की तथा खेल विभाग के उपनिदेशक सतबीर सिंह ने विशिष्ट अतिथि तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कपिल पूनिया ने स्वागत अध्यक्ष की भूमिका निभाई। इस मौके पर मुख्य अतिथि एसडीएम विकास यादव ने देशभर से आए खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमें अनुशासन के निरंतर अड्डयास की प्रेरणा देते हैं। खेल में हार-जीत की बजाय खेल भावना सर्वोपरि रहती है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी कभी हारते जीतते नहीं, अपितु सीखते हैं। खनगवाल ने सभी प्रतिभागियों, प्रभारियों तथा आयोजन समिति का आभार जताया।

इस अवसर पर दिल्ली टीम के मैनेजर प्रवीण नागर तथा छत्तीसगढ़ के कोच शरद कुमार ने इस पांच दिवसीय राष्ट्रीय खेल महोत्सव में आयोजन समिति द्वारा किए गए कुशल प्रबंधन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

उल्लेखनीय है कि 26 अप्रैल से प्रारंभ हुई 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में 19 टीमों के करीब 500 खिलाडिय़ों ने अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। साहित्यकार एवं प्राचार्य सत्यवीर नाहडिय़ा के संचालन में आयोजित इस समापन सत्र में कोच चरणसिंह, एईओ भूपेंद्र यादव, एईईओ सुनील कुमार, सतपाल डीपीई ने विभिन्न प्रभार संभाले। इस अवसर पर यदुवंशी शिक्षा निकेतन तथा प्रथम इंटरनेशनल स्कूल की प्रबंधन समिति को कुशल संयोजन हेतु विशेष रूप से अलंकृत किया गया। समापन सत्र पर इस राष्ट्रीय खेल महोत्सव के ऑब्जर्वर धर्मेंद्र सक्सेना, सिविल सर्जन डा. सुरेंद्र यादव, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, एसडीई रामनिवास, खंड शिक्षा अधिकारी, सत्यपाल धूपिया, अरविंद यादव, राकेश वत्स, करण सिंह, राजेश कौशिक, डा. आरएन सिंह, मुकेश कुमारी, राजेंद्र सिंह, हिमांशु यादव, डा. दुष्यंत, अजय शर्मा, सुरेंद्र सिंह, उमेद सिंह, ईश्वर सिंह,सरोज डीपीई तथा आयोजन समिति से जुड़े सभी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

बुजुर्गों और दिव्यांग को घर से मतदान के लिए भरना होगा फॉर्म : निर्वाचन अधिकारी

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना, रेवाड़ी। जिला में 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के चलते जिला प्रशासन द्वारा स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। कोई भी योग्य पात्र व्यक्ति मतदान करने से वंचित न रहे, जिसके लिए मतदाताओं को विशेष सुविधाएं प्रदान करते हुए मतदान प्रक्रिया में सहभागी बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 40 प्रतिशत या उससे अधिक प्रतिशत रखने वाले दिव्यांग व्यक्ति व 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग को घर से मतदान करने की वैकल्पिक सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि 40 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति व 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग को घर से मतदान करने के लिए फार्म-12 डी भरकर अपनी सहमति देते हुए अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर यानि 4 मई तक रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन करना होगा।

अब राजनीति के दांव पेंच सीख चुका हूं: राव

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

रेवाड़ी। गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवम केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मंगलवार को शहर के सेक्टर-5 मार्किट में अपने चुनावी कार्यालय का रिबन काटकर उद्घाटन किया।

इस कार्यक्रम में उन्होंने 25 मई को भाजपा को अपना वोट देने की अपील भी की। राव ने कहा कि अब मैंने राजनीति के दाव पेंच सीख लिए हैं, आने वाले पांच साल में वो विकास कार्य कराए जाएंगे, जो अब तक भाजपा सरकार में मैं नहीं करवा पाया। खूब विकास कार्य कराए जाएंगे। बाद में राव ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि कोई पहलवान एक दिन में नहीं बना जाता। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्रियों से नहीं बनने के विवाद को लेकर भी जवाब दिया।

नारायणा फ्लाईओवर के बंद होने से दिल्ली वालो को होगी परेशानी

- डायवर्जन के चलते पीक ऑवर्स में दूसरे रास्तों पर भी ट्रैफिक हैवी हो सकता है

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के रिंग रोड पर नारायणा फ्लाईओवर के रास्ते धौला कुआं की तरफ आने-जाने वाले लोगों को बुधवार से दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। ट्रैफिक पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार से पीडब्ल्यूडी इस फ्लाईओवर के कुछ एक्सपेंशन जॉइंट्स की रिपेयरिंग का काम शुरू करेगी। इस दौरान धौला कुआं से मायापुरी की तरफ जाने वाले रूट पर फ्लाईओवर का पूरा एक कैरिज वे ट्रैफिक की आवाजाही के लिए बंद रहेगा। इस दौरान लोगों को फ्लाईओवर के नीचे से होकर जाना पड़ेगा, जिसके चलते रिंग रोड पर धौला कुआं से मायापुरी के बीच भारी जाम लगने की आशंका है। हालांकि, फ्लाईओवर का दूसरा कैरिज वे खुला रहेगा और मायापुरी से धौला कुआं की तरफ जाने वाले लोग नारायणा फ्लाईओवर से होते हुए जा सकेंगे।

ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि रिपेयर का काम करीब 15-20 दिन चलेगा। इस दौरान लोगों को धौला कुआं से नारायणा होते हुए मायापुरी की तरफ जाने के लिए लोगों को सलाह दी गई है कि वे धौला कुआं से रिज रोड के रास्ते टोडापुर, लोहामंडी और नारायणा टी पॉइंट से होते हुए मायापुरी जाएं। इसके अलावा धौला कुआं से करिअप्पा मार्ग के रास्ते जेल रोड, लाजवंती चौक होते हुए भी मायापुरी जा सकते हैं। दिल्ली कैंट मेट्रो स्टेशन से करिअप्पा मार्ग, जेल रोड होते हुए भी मायापुरी जाने का विकल्प रहेगा। जरूरी काम से जा रहे लोगों को एक्स्ट्रा टाइम लेकर चलने और इस रूट से बचकर निकलने की सलाह दी गई है। हालांकि, डायवर्जन के चलते पीक ऑवर्स में दूसरे रास्तों पर भी ट्रैफिक हैवी हो सकता है।

रामकृष्ण आश्रम मार्ग मेट्रो स्टेशन के पास चित्रगुप्त मार्ग पर मेट्रो के फेज-4 के काम के तहत क्रॉसओवर पोर्शन बनाया जा रहा है। इसके चलते यहां भी ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है। चित्रगुप्त मार्ग के रास्ते पंचकुइयां रोड से नेहरू बाजार आने-जाने के रूट पर केवल हल्के वाहनों को ही चलने की परमिशन होगी। पहाड़गंज चौक से आराम बाग रोड के बीच भी केवल हल्के वाहन ही चल सकेंगे। चित्रगुप्त रोड पर पंचकुइयां रोड से पहाड़गंज चौक के बीच हैवी वीकल्स और कमर्शल गाड़ियों की आवाजाही पर पाबंदी रहेगी।

पंचकुइयां रोड पर पहाड़गंज चौक से चित्रगुप्त मार्ग आने-जाने के लिए पहाड़गंज चौक से डीबीजी रोड के जरिए झंडेवालान गोल चक्कर होते हुए रानी झांसी रोड जाने की सलाह दी गई है। इसके अलावा दिल्ली-सहारनपुर एक्सप्रेस वे पर एनएचएआई गर्डर लॉन्चिग का काम कर रही है। इसके चलते शनिवार से मेट्रो की रेड लाइन पर सीलमपुर और शास्त्री पार्क स्टेशनों के बीच ट्रेनों की स्पीड को भी कम कर दिया गया है, जिससे लोगों को दिक्कत हो रही है।

वरिष्ठ नागरिक परिषद के स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड

देश रोजाना ब्यूरो, रुड़की। वरिष्ठ नागरिक परिषद संस्था द्वारा मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित देवाश्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे एम्स ऋषिकेश से आंखों, हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं फिजियोथेरेपी के विशेषज्ञ डाक्टरों ने वरिष्ठ नागरिकों की जांच कर उन्हे परामर्श दिया। शिविर में 150 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने जांच कर परामर्श लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक परिषद के सचिव विकास गोयल ने कहा कि परिषद का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों की सेवा करना है और इस प्रकार के कैंप लगाकर इस उद्देश्य की पूर्ति होती है। डॉ. मदुराका सक्सेना ने कहा कि परिषद द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के कैंप लगाए जाते रहेंगे। सुभाष सरीन ने कहा कि यह बहुत ही प्रेरणादायक कार्य है हम सभी को अपने स्वास्थ्य की जांच समय-समय पर कराते रहना चाहिए। बीना सिंह ने कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी चाहिए और इस प्रकार के कैंप परिषद द्वारा भविष्य में भी लगाए जाते रहेंगे।

आरएनआई की जाकिया ने किया प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त

देश रोजाना ब्यूरो, रुड़की

आरएनआई इंटर कॉलेज, भगवानपुर की छात्रा जाकिया ने इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त किया है। छात्रा की शानदार सफलता पर परिजनों, विद्यालय प्रबधंन व प्रधानाचार्य ने खुशी जाहिर करते हुए छात्रा को बधाई दी है। हाईस्कूल, इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के परिणामों को लेकर सुबह से ही छात्रों में उत्साह बना रहा। दोपहर में उत्तराखंड बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करते ही छात्रों के चेहरे भी खुशी से खिल उठे।

परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने उछल कूद कर अपनी खुशी का इजहार किया। वहीं अभिभावको, विद्यालय प्रबंधक और प्रधानाचार्यो ने भी मिठाई खिलाकर उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई दी और उन्हे भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। आरएनआई इंटर कॉलेज, भगवानपुर के प्रधानाचार्य अशोक शर्मा आर्य ने बताया कि इंटरमीडिएट में विद्यालय की छात्रा जाकिया ने प्रदेश स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया है।

जाकिया ने इंटरमीडिएट में 94.80 अंको के साथ प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त किया है। वहीं इंटरमीडिएट में ही विद्यालय की छात्रा रूपाली ने 89.61 व नेहा ने 88.21 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। तीनों छात्राओं की इस सफलता को लेकर विद्यालय के समस्त शिक्षक और क्षेत्रवासी खुश हैं। उन्होंने छात्रा को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई ओर छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

गोविन्द रिसोर्ट के इस कृत्य से मान-सम्मान को ठेस पहुंची

देश रोजाना ब्यूरो, आगरा। मोबिन्द रिसोर्ट मैरिज होम स्वामी धाम चौराहा रोहता आगरा शादी समारोह में बारातियों शौचालय व अन्य असुविधायें होने पर मैरिज होम संचालक के विरुद्ध कार्यवाही कहाँ उनके द्वारा बताया गया मेरी बहन भावना गोस्वामी की शादी समारोह में शिव बिहार दिल्ली से गोविन्द रिसोर्ट स्वामी धाम रोहता पर बरात का आगमन हुआ। वरातियों द्वारा मैरिज हॉम के शौचालय वाथरूम में प्रवेश किया गया तो शौचालय में प्रवेश करने के बाद दरवाजे बन्द करने की कोई व्यवस्था नहीं थी। शौचालय में पानी न होने के कारण विना साफ सफाई वराती लैटरीन करके चले गये। वधू पक्ष से शिकायत करने पर मेरे द्वारा स्वयं मैरिज होम के बिजली मिस्त्री के सामने बाहर से पानी लाकर शौचालय साफ किया जिसकी वीडियो रिकार्डिंग मैरिज होम के लाइट कर्मचारी ने की है। शौचालय दस्वाजे के फोटो संलग्न हैं जिनके देखने से शौचालय के दरबाजे अस्त-व्यस्त स्पष्ट दिखाई दे रहे है।

जस्सा सिंह रामगढ़िया की शताब्दी को समर्पित एक समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र सिंह भुल्लर, देश रोजाना

नई दिल्ली। सिख बंधु वेलफेयर ट्रस्ट और ऑल इंडिया रामगडिया विश्वकर्मा फेडरेशन ने रिट्ज बैंक्वेट हॉल में शिरोमणि अकाली दल दिल्ली इकाई की महिला विंग की मुख्य सेवादार बीबी रणजीत कौर के बहुमूल्य सहयोग से महाराजा जसा सिंह रामगडिया की शताब्दी को समर्पित एक समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया. इस कार्यक्रम में सरदार परमजीत सिंह सरना, हीरा सिंह गाबरिया, अमरजीत सिंह चावला, राजिंदर सिंह मेहता, बलविंदर सिंह भूंदड़, हरमनजोत सिँह, बाबा कश्मीरा सिंह कार सेवा भूरी वाले और कई अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

इस मौके पर सिख बंधु वेलफेयर ट्रस्ट और रामगडिया महासंघ के अध्यक्ष सरदार सुखदेव सिंह रियात ने महाराजा जस्सा सिंह के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पिछले साल 16 अप्रैल को दिल्ली से एक विशाल नगर कीर्तन के माध्यम से इस शताब्दी समारोह की शुरूआत की गई थी. नगर कीर्तन दिल्ली से शुरू हुआ और विभिन्न शहरों से होते हुए 19 अप्रैल को दरबार साहिब में समाप्त हुआ।

उसके बाद पूरे एक साल तक शताब्दी समारोह चलता रहा, जो आज समाप्त हो गया है। प्रोग्राम में हिस्सा लेने वाले नेताओं ने महाराजा जस्सा सिंह के बारे में अपने विचार पेश किए और बताया कि कैसे महाराजा जस्सा सिंह ने दिल्ली को जीतने के लिए बार-बार दिल्ली पर हमला किया और दिल्ली जीतने के बाद राहत की सांस ली, वहीं दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के 7 सदस्य पर कमेटी पद से इस्तीफा दिए बिना भाजपा में शामिल होने पर केवल राजनीतिक सीटों तक पहुंचने के लिए गुरुद्वारा साहिब चुनाव को आधार बनाकर संगत और पंथ की भावनाओं से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया गया। मंच सचिव बीबी रणजीत कौर ने ट्रस्ट व फेडरेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक व धार्मिक कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि ये संस्थाएं जरूरतमंद परिवारों के बच्चों की स्कूल फीस व अन्य प्रकार की मदद कर रही हैं।

एम जी कॉलेज में कार्मिकों ने द्वितीय प्रशिक्षण में सीखीं मतदान की बारीकियां

राशिद मैनिजर, देश रोजाना, फिरोजाबाद। एम जी इंटर कॉलेज, फिरोजाबाद में जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन, प्रभारी अधिकारी कार्मिक दीक्षा जैन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सिंह के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन के कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण दिनाँक 27 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चल रहा है। उन्होंने कार्मिकों को ई वी एम की जानकारी, पोलिंग पार्टी की रवानगी, मोकपोल की प्रक्रिया, सी आर सी की प्रक्रिया, मशीन की सीलिंग प्रक्रिया, मतदान की घोषणा, मतदाता रजिस्टर, अमिट स्याही का बाएं हाथ की तर्जनी पर प्रयोग, ई वी एम का प्रतिस्थापन, पीठासीन अधिकारी के कर्तव्य, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान अधिकारी के दायित्व, मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त अन्य 12 अनुमन्य पत्र, विभिन्न प्रकार के मतदाता, अनुपस्थिति, स्थानांतरित मतदाता, कार्मिकों के लिए कर्तव्य निर्वाचन प्रमाण पत्र, पीठासीन अधिकारी की डायरी, मतपत्र लेखा, मतदान समाप्ति की प्रक्रिया एवं घोषणा, मतदान से सम्बंधित लिफाफे, मतदान पार्टी का गंतव्य स्थान की ओर निर्धारित वाहन से रवानगी एवं मतदान सामग्री को निर्धारित काउंटर पर जमा करने के प्रारुप से सम्बंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर अर्थ एवं संख्याधिकारी अनिल कुमार दीक्षित, परियोजना अधिकारी प्रदीप कुमार पांडेय, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी कृष्ण मोहन सिंह, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र प्रताप यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ निशा अस्थाना, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय, सहायक निदेशक मत्स्य श्रीकृष्ण शर्मा, प्रधानाचार्या पूनम प्रकाश, पंकज भारद्वाज, संजीव कुमार, योगेंद्र सिंह, विवेक चैधरी, अंजय जैन, नितिन जैन, सत्यपाल सिंह, प्रशान्त कुमार जैन, आलोक गुप्ता, डी पी एस राठौर, हिमांशु शर्मा, रमेश चंद्र कठेरिया, किशनवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

ग्रामीण क्षेत्रों में निकली मतदाता जागरूकता रैली

राशिद मैनिजर,देश रोजाना

फिरोजाबाद। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मंगलवार को जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ निशा अस्थाना के नेतृत्व में ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा, प्रधानाचार्य डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आरके इंटर कॉलेज कोटला के छात्र-छात्राओं ने आर.के इण्टर कॉलेज कोटला फिरोजाबाद द्वारा गॉव कोटला,लतीफपुर कोटला ,कछपुरा,कोटला फरिहा मार्ग, बदनपुर आदि क्षेत्र में ग्रामीण वासियो को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए विद्यालय पर आकर समाप्त किया।

इस दौरान ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा ने मतदाताओं से अपील करते कहा कि अपने घरों से निकलें और मतदान करें। मतदान केंद्र पर हर संभव सुविधा की व्यवस्था की गई है। बैठने के लिए भी मुकम्मल व्यवस्था की गई है। पानी की व्यवस्था है।लिहाजा मतदान जरूर करें। मतदान का समय सुबह 7:00 से संध्या 6:00 तक का है। किसी भी समय मतदान कर सकते हैं. अपील है कि पहले मतदान फिर जलपान। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने हाथों में तख्तियां लेकर तथा मेरा मत मेरा हक, वोट दिया सही किया, एक कदम बढ़ायेंगे वोट देने जाएंगे, आपका वोट आपका भविष्य, फर्क पड़ता है आपके एक वोट से, वोट करेगा फिरोजाबाद 07 मई 2024 आदि के जोशपूर्ण नारों के साथ ग्रामीण वासियों में मतदान के लिए जोश भरा। कार्यक्रम में ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा, कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, अमित गुप्ता, कन्हैया गोस्वामी, हरेंद्र पाल सिंह, सुरेश मिश्रा, जयदेव सिंह, रामनरेश यादव, डीडी तिवारी, महादेव सिंह, श्याम गुप्ता, गौरव यादव, अजय मिश्रा, महेन्द्र सिंह, ऋषि सिंह, अनिल कुमार, कन्हैया लाल गौतम, अंचल सिंह, सन्तोष शर्मा, अमित गुप्ता, सत्यप्रकाश, शिखर गुप्ता, शिवाजी, रूबी त्यागी, संजय कुमार पाण्डे, नीलम चौहान, जयप्रकाश सिंह,आदि उपस्थित रहे।

इंटरमीड़िएट में वंदना, हाईस्कूल में मन्तशा ने किया विद्यालय टॉप

देश रोजाना ब्यूरो, रुड़की

आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की छात्राओं ने हाईस्कूल, इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए जबरदस्त सफलता प्राप्त की है। विद्यालय की हाईस्कूल की छात्रा मन्तशा प्रवीन ने 97 प्रतिशत अंको के साथ प्रदेश में तेरहवा व सृष्टि ने 95 प्रतिशत अंको के साथ प्रदेश में तेईसवां स्थान प्राप्त किया है।

इसके अलावा इंटरमीडिएट में वंदना जाटव ने 84.2 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय टॉप किया है। छात्राओं के इस शानदार प्रदर्शन से जहां अभिभावक गदगद बने हैं, वहीं विद्यालय प्रबधंन व प्रधानाचार्य ने भी खुशी जाहिर की है। दोनों ने मिठाई खिलाकर छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या चंद्रप्रभा गुलेरिया ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में विद्यालय की छात्राओं ने प्रदेश स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है।

हाईस्कूल में विद्यालय का परीक्षा परिणाम 92.17 व इंटरमीडिएट में 88.11 प्रतिशत रहा है, जो रुड़की में सबसे ऊपर है। प्रधानाचार्या ने बताया कि हाईस्कूल में विद्यालय की छात्रा मन्तशा प्रवीन ने 97 प्रतिशत अंको के साथ प्रदेश में तेरहवा व सृष्टि ने 95 प्रतिशत अंको के साथ प्रदेश में तेईसवां स्थान प्राप्त किया है। इनके अलावा हाईस्कूल में ही कु. शगुन ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया है, जबकि इंटरमीडिएट में वंदना जाटव ने 84.2 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय टॉप किया है।

भाजपा और बसपा के नेताओं ने थामा सपा का दामन

सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने की प्रेसवार्ता

राशिद मैनिजर, देश रोजाना

फिरोजाबाद। लोकसभा चुनाव के मतदान से चंद दिन पहले बसपा के पूर्व प्रत्याशी और भाजपा के पार्षद ने सपा का दामन थाम लिया। सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने उन्हें पार्टी में शामिल किया है।

टिकट देने के बाद टिकट काटने से नाराज बसपा के पूर्व प्रत्याशी सत्येन्द्र जैन सोली ने सपा का दामन थाम लिया। मतदान से 6 दिन पूर्व उन्होने सपा प्रत्याशी अक्षय यादव और सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव के सामने सपा में आस्था व्यक्त करते हुये सपा के लिये प्रचार करने की घोषणा की है। वहीं भाजपा के पार्षद मनोज शंखवार ने भी बीजेपी से मोहभंग होकर सपा में सदस्यता हासिल कर ली। वह दो बार लगातार भाजपा से पार्षद है। प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने कहा कि इस बार सपा 80 में से 77 सीट उत्तर प्रदेश में जीतने का काम करेगी। उन्होने कहा कि भाजपा अस्थिरता पैदा करने का काम कर रही है। लोगों का उससे मोह भंग होता जा रहा है। फिरोजाबाद में सपा भारी बहुमत से विजयी होगी। सपा प्रत्याशी अक्षय यादव ने कहा कि सपा पार्टी संविधान को बचाने, युवाओं को रोजगार दिलाने, महिला सुरक्षा को लेकर चुनाव लड रही है। विपक्षियों के पास कोई भी मुद्दा नहीं है। इसलिये वह अनर्गल बयान बाजी करते रहते है।

एक वर्ष पूर्ण होने पर पूर्व सैनिक संगठन ने जताई खुशी

देश रोजाना ब्यूरो, रुड़की। पूर्व सैनिक संगठन गौरव सेनानी जन कल्याण समिति, रुड़की ने एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर मंगलवार को बैठक का आयोजन कर खुशी जताई। समिति ने एक वर्ष में ओआरओपी-2 की विसंगतियों को दूर करने के लिए संगठन स्तर पर किए गए प्रयासो के लिए संगठन के अध्यक्ष कैप्टन विजय सिंह पवार ने सभी का सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होने कहा कि संगठन को ऊचाईयो पर ले जाने के लिए समस्त पूर्व सैनिकों की भागीदारी बहुत जरूरी है। सभी के प्रयासो से संगठन अपने बलबूते पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होगा। बैठक के बाद सभी ने ढंडेरा नगर पंचायत क्षेत्र की समस्याओं के निस्तारण को लेकर नगर पंचायत अधिशासी संजय रावत को ज्ञापन सौंपा। समिति ने क्षेत्र में कचरे की गाड़ी को लगाना, सफाई कर्मचारियों द्वारा नियमित क्षेत्र में सफाई करने तथा क्षेत्र में बने अतिक्रमण पर उचित कार्रवाई की मांग की।

मारवाड़ कन्या पाठशाला में अनम, राबिया रही अव्वल

देश रोजाना ब्यूरो रुड़की

जीवन ज्योति इंटर कॉलेज, मेहवड़ कला के छात्रों ने हाईस्कूल, इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रौशन कर दिया है। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय प्रबधन ने खुशी जाहिर करते हुए सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। उधर मारवाड़ कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की छात्राओं ने भी हाईस्कूल, इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है।

जीवन ज्योति इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट में अजय सैनी ने 85.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि हाईस्कूल में अभिनव पुंडीर ने 88.20 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम व माही सैनी ने 86 प्रतिशत अंक हांसिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय प्रबधंक अंकित शर्मा ने हाईस्कूल, इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मिठाई खिलाकर मूह मीठा कराया और उन्हे अगली परीक्षाओं में और अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

उधर मारवाड़ कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, लालकुर्ती में इंटरमीडिएट में कला वर्ग में कु. अनम ने 89.4, सालिहा ने 87.4 व रिया ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है, जबकि हाईस्कूल में राबिया 85.6, नाजिया 84.8 व कुमकुम 83.4 प्रतिशंत अंको के साथ प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय अध्यक्ष एवं प्रबधंक ललित मोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल व प्रधानाचार्या भारती अग्रवाल ने हाईस्कूल, इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा विकसित भारत का संकल्प : सावंत

- नार्थ गोवा लोकसभा प्रत्याशी श्रीपद नाईक के समर्थन में गोवा के सीएम ने किया जनसंपर्क और कार्यकताओं के साथ की मीटिंग

देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली

गोवा के मुख्यमंत्री और लोकसभा चुनाव में भाजपा के स्टार प्रचारक प्रमोद सावंत ने सोमवार को उत्तरी गोवा लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतरे भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय पर्यटन, बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग राज्यमंत्री श्रीपद नाईक के समर्थन में प्रचार किया। सावंत ने इस अवसर पर मापुसा में बूथ लेवल और मायेम में सरपंच, पंच, बूथ और मंडल कार्यकताओं के साथ मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं से मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने की भी अपील की। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सावंत ने कहा, इस बार का चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आने वाले 25 वर्षों में विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है, वह भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इसीलिए हम सभी कार्यकताओं को अपने अथक प्रयासों से विकसित भारत बनाने के संकल्प की नींव को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्वे में पिछले 10 वर्षों में देश में जिस तरह परिवर्तन हुआ है, उस परिस्थिति में देश की जनता के बीच विकसित भारत को लेकर एक उमंग और उत्साह का माहौल है। हम इस बार 400 पार के आकड़े को पार करते हुए एक बार फिर केंद्र में नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनाएंगे।

सावंत ने कहा, भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा, कार्यकताओं के अथक प्रयासों की वजह से भाजपा 2014 और 2019 में केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सफल रही। 2014 में भाजपा ने 272 का नारा दिया था और 2019 में 300 पार का नारा दिया था। उन्होंने कहा, कार्यकताओं के अथक परिश्रम के बल पर पार्टी दोनों ही बार लक्ष्य पार करने में पूर्णतः सफल रही थी, लेकिन इस बार विकसित भारत का जो संकल्प प्रधानमंत्री जी ने रखा है, उस संकल्प की नींव को मजबूत करने के लिए हम सबकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, इसके लिए जरूरी है कि हम सब लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित करें और अधिक से अधिक लोग वोट देने के लिए मतदान केंद्रों पर पहुंचे, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा, निश्चित ही इसमें बूथ, मंडल लेवल कार्यकताओं से लेकर प्रधानों, सरपंचों और पंचों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, इसीलिए इस जिम्मेदारी को हम सब साथ मिलकर निभाएं।

बता दें कि नार्थ गोवा लोकसभा सीट भाजपा की सुरक्षित सीट मानी जाती है। श्रीपद नाईक 1999 से इस सीट से सांसद रहे हैं और उन्हें छठी बार भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है। 2019 के चुनावों में, उन्होंने 57.07 प्रतिशत वोट हासिल करके कांग्रेस के गिरीश राया को हराया था। इस सीट को 1971 और 2004 के बीच पणजी लोकसभा सीट के नाम से जाना जाता था।

बीएसएम, योगी मंगलनाथ के छात्रों ने लहराया परचम

देश रोजाना ब्यूरो, रुड़की

उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा का 10वी, 12वी का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। परीक्षा फल जारी होते ही बीएसएम, योगी मंगलनाथ इंटर कॉलेज के छात्रों के चेहरे भी खिल उठे। दोनों विद्यालयों के छात्रों ने परीक्षा में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। उधर छात्रों के जबरदस्त प्रदर्शन से अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन के चेहरे भी खिले हैं।

विद्यालय प्रबधंन ने छात्रों की इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दी हैं तो वहीं अभिभावकों ने मूह मीठा कराकर छात्रों को गले से लगा लिया। बीएसएम इंटर कॉलेज में इस बार हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 94 तथा इंटरमीडिएट का 88 प्रतिशत रहा है। विद्यालय प्रबंधक मनोहर लाल शर्मा एडवोकेट ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी छात्र बधाई के पात्र हैं। सभी छात्रों ने उत्कृष्ट अंक हांसिल कर न केवल विद्यालय का नाम रौशन किया है, बल्कि अपना और परिवार का नाम भी रौशन कर दिया है। वरिष्ठ अधिवक्ता ममतेश शर्मा ने कहा कि विद्यालय का बोर्ड परीक्षा का परिणाम बेहद अच्छा रहा है।

उन्होंने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि निश्चित रूप से उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र इसी तरह मेहनत करते हुए अपने जीवन के शीर्ष स्थान तक अवश्य पहुंचेंगे। उन्होंने समस्त छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। प्रधानाचार्य अजय कौशिक ने कहा कि विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम सर्वोत्तम रहा है और इसके लिए विद्यालय के समस्त शिक्षक व छात्र बधाई के पात्र हैं। विद्यालय का प्रत्येक शिक्षक अपने कर्तव्य निभाते हुए छात्रों को शिक्षित कर रहा है।

छात्रों की प्रत्येक विषय से संबंधित समस्याओं का समाधान अध्यापक अपने वादन के अलावा भी समय-समय पर करते रहते हैं। उन्होने बताया कि इंटरमीडिएट में कला वर्ग में वैभव ने 85.2, अभिनव ने 83.4, साबिर ने 82.6, सौरभ सिंह ने 81.8 प्राप्त अंक प्राप्त किए। हाईस्कूल में मोहम्मद जैद ने 77.2, आशीष नाथ ने 73.4, शौर्य सिंह ने 71.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया।

लंदन में युवक ने की पत्नी की हत्या

कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

एजेंसी, नई दिल्ली

लंदन में एक भारतीय युवक को अपनी पत्नी की हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। जो कि कम से कम 15 साल होगी। युवती की मां ने कहा कि मेरी बेटी के साथ मुझे भी मार डाला है।

29 अक्तूबर 2023 को स्थानीय समयानुसार शाम 4:15 बजे साहिल शर्मा (24) ने इमरजेंसी नंबर डायल किया। पुलिस ऑपरेटर को उसने बताया कि उसने अपनी पत्नी महक शर्मा (19) की हत्या कर दी है। पुलिस मौके पहुंची वहां साहिल बैठा हुआ था और महक खून में लथपथ पड़ी हुई थी। मौके से साहिल को गिरफ्तार किया गया। साहिल शर्मा को घटनास्थल पर ही गिरफ्तार कर अस्पताल ले जाया गया क्योंकि उसके सिर में मामूली चोट लगी थी। वहीं मेडिकल टीम ने महक को बचाने की बहुत कोशिश की, लेकिन कुछ देर बार डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। महक के गले पर चाकू के वार के कई निशान थे।

31 अक्तूबर 2023 को आई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में महक की मौत का कारण गर्दन पर चाकू से वार ही निकला। इसके बाद साहिल पर अपनी पत्नी को जान से मारने का मुकदमा चलाया। मामले की सुनवाई किंग्स्टन क्राउन कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने महक के परिवारजन को संवेदना देते हुए कहा कि साहिल ने उसको उसी घर में मार डाला, जहां उसे सबसे ज्यादा सुरक्षित होन चाहिए। उस व्यक्ति ने ही उसे मार डाला, जिस व्यक्ति को उसे प्यार करना चाहिए। यह घटना बहुत ही निंदनीय और दुखद है।

मेट्रोपॉलिटन पुलिस के स्पेशलिस्ट क्राइम कमांड के डिटेक्टिव इंस्पेक्टर (डीआई) लौरा सेम्पल ने कहा, अपनी पत्नी की हत्या करके, साहिल शर्मा ने एक परिवार की प्यारी बेटी को छीन लिया है। उन्होंने कहा, हालांकि मुझे पता है कि कोई भी चीज महक शर्मा को उनके पास वापस नहीं ला सकती है, मुझे उम्मीद है कि साहिल को सजा से मिलने के बाद महक के प्रियजनों को न्याय मिलेगा।

महक की मां ने कहा कि वह अपनी बेटी की क्रूर हत्या के बाद टूटा हुआ महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा एक चीज जो मैं किसी भी चीज से ज्यादा चाहती हूं वो यही है कि महक वापस आ जाए। लेकिन यह असंभव है। कोई भी प्रार्थना, पैसा या समर्थन उसे मेरे पास वापस नहीं लाएगा। मैं टूट चुकी हूं। साहिल ने सिर्फ महक की हत्या नहीं की है, उसने मुझे भी मार डाला है।

कर्ज देने वाले संस्थानों पर भारतीय रिजर्व बैंक ने चलाया चाबुक

एजेंसी, मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बार फिर कर्ज देने वाले बैंकों के साथ वित्तीय संस्थानों पर चाबुक चलाया है। इसने कहा, जिन संस्थानों ने भी गलत तरीके से अतिरिक्त ब्याज लिया है, वे तुरंत इस पर कार्रवाई करें और इसे लौटा दें। ये संस्थान ब्याज वसूलने में अनुचित तरीकों का सहारा ले रहे हैं। यह पूरी तरह से गलत है।

आरबीआई ने सोमवार को जारी सर्कुलर में कहा, 2003 से विनियमित संस्थाओं (आरई) को समय-समय पर दिशानिर्देश जारी किए जाते हैं। इनमें कर्ज मूल्य निर्धारण नीति पर निष्पक्षता और पारदर्शिता की बात है। उचित व्यवहार को लेकर स्पष्टता है। 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए आरई की जांच के दौरान आरबीआई को ऋणदाताओं द्वारा ब्याज वसूलने में कुछ अनुचित प्रथाओं के उदाहरण मिले हैं। आरबीआई ने प्रमुख रूप से निष्पक्षता और पारदर्शिता में अनुचित प्रथाओं को लेकर चिंता जताई है।

केंद्रीय बैंक ने कहा, सभी आरई कर्ज वितरण के तरीके, ब्याज के आवेदन और अन्य शुल्कों के संबंध में अपनी प्रथाओं की समीक्षा करें। सिस्टम स्तर पर बदलाव करें। ब्याज वसूलने के मुद्दे पर जरूरी सुधारात्मक कार्रवाई करें। आरबीआई ने कहा, ऑनसाइट जांच के दौरान यह पाया गया कि आरई ने कर्ज मंजूरी की तारीख या कर्ज समझौते की तारीख से ब्याज वसूला है।

जबकि ब्याज तबसे वसूलना चाहिए, जब ग्राहक को लोन मिल चुका हो। आरबीआई ने कहा, ऐसे भी मामले सामने आए हैं, जहां चेक की तारीख से ब्याज वसूला गया। जबकि ग्राहक को चेक कई दिनों बाद दिया गया। कुछ संस्थानों ने जिस महीने में कर्ज दिया, उस महीने का पूरा ब्याज लिया है। कुछ मामलों में संस्थानों ने ग्राहक से एक या कई किस्तें लोन देने के समय ले लिए, लेकिन ब्याज पूरे कर्ज पर लिया है। कुछ मामलों में कर्ज वितरण के लिए जारी किए गए चेक के बदले आरई को ऑनलाइन ट्रांसफर का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

पर्यटन क्षेत्र में तेज सुधार, नौ साल में मिलेंगे 5.82 करोड़ रोजगार

एजेंसी, मुंबई। यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में 2033 तक यानी नौ साल में देश में 5.82 करोड़ रोजगार मिलने की उम्मीद है। कोरोना के समय 2020 में पर्यटन क्षेत्र में 3.9 करोड़ नौकरियां गई थीं, जो देश के कुल रोजगार का करीब 8 फीसदी थी। एनएलबी सर्विसेज की सोमवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, महामारी से उबरने के बाद यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में सबसे तेज सुधार देखा गया। इस क्षेत्र ने कैलेंडर वर्ष 2023 में 16 लाख अतिरिक्त नौकरियां दीं। जनवरी 2023 से, यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में दिहाड़ी नौकरियों में 14 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसमें अनुवादक, फोटोग्राफर और टूर गाइड जैसे पद शामिल हैं। अगले दो वर्षों में इस क्षेत्र की नौकरियों में 20 फीसदी तक वृद्धि की उम्मीद है।

उत्तरी कैरोलिना में गोलीबारी तीन पुलिस अधिकारियों की मौत

एजेंसी, नॉर्थ कैरोलिना

अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना में हुई गोलीबारी में तीन पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई। सीएनएन ने सूत्रों के हवाले से जारी रिपोर्ट में बताया कि उत्तरी कैरोलिना के चार्लोट में एक आवास पर हुई गोलीबारी में तीन कानून प्रवर्तन अधिकारियों की जान चली गई। जिन अधिकारियों की मौत हुई उनमें एक डिप्टी यूएस मार्शल और दो स्थानीय टास्क फोर्स के अधिकारी हैं।

अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना में गोलीबारी में तीन पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई। मामले से परिचित एक सूत्र ने तीन अधिकारियों की शहादत की पुष्टि की है। हालांकि, पुलिस ने सार्वजनिक रूप से मौतों की पुष्टि नहीं की है। घटना गॉलवे ड्राइव स्थित एक आवास में घटी। अधिकारियों के अनुसार, उत्तरी कैरोलिना के चार्लोट में सोमवार दोपहर (अमेरिकी समयानुसार) कई अधिकारियों को गोली मार दी गई। चार्लोट-मेकलेनबर्ग पुलिस ने सोमवार की घटना के बाद स्थानीय लोगों को भरोसा दिलाया कि इलाका पूरी तरह सुरक्षित है और लोगों को अब छिपने की जरूरत नहीं है। एक्स पर एक पोस्ट में पुलिस ने कहा, एक संदिग्ध को मृत पाया गया।

इमरान की पार्टी के समर्थन में आए मौलाना फजलुर रहमान

एजेंसी, इस्लामाबाद

जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई-एफ) के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने कहा कि रैली करना पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का अधिकार है। उन्होंने कहा, हमने 2018 के चुनाव पर भी आपत्ति जताई थी और इस (आठ फरवरी) के चुनाव पर भी आपत्ति जता रहे हैं।

पाकिस्तान के दक्षिणपंथी इस्लामी नेता मौलाना फजलुर रहमान सोमवार को अपनी प्रतिद्वंद्वी पीटीआई पार्टी के समर्थन में आए। उन्होने कहा कि विपक्षी दलों को रैलियां करने और यहां तक कि सरकार बनाने का भी अधिकार है। रहमान ने नेशनल असेंबली में तीखा भाषण दिया और राजनीतिक व्यवस्था में कथित दौर पर दखल देने के लिए शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान की आलोचना की।

जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई-एफ) के प्रमुख रहमान ने कहा, रैली करना पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का अधिकार है। उन्होंने कहा, हमने 2018 के चुनाव पर भी आपत्ति जताई थी और इस (आठ फरवरी) के चुनाव पर भी आपत्ति जता रहे हैं। अगर 2018 के चुनाव में धांधली हो सकती है तो मौजूदा चुनाव क्यों नहीं हो सकती है।

डीए 50% बढ़ा तो केंद्रीय कर्मियों के बच्चों का शिक्षा भत्ता 25% बढ़ेगा

एजेंसी, नई दिल्ली। केंद्र ने अपने कर्मचारियों के लिए बच्चों की शिक्षा के भत्ते और छात्रावास सब्सिडी की सीमा में संशोधन किया है। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में कहा गया है कि ये संशोधन एक जनवरी, 2024 से लागू होंगे। एक जनवरी, 2024 से महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी के बाद यह कदम उठाया गया है। वर्ष 2018 के एक दिशानिर्देश का हवाला देते हुए कार्मिक मंत्रालय ने कहा, आदेश में प्रावधान है कि जब भी संशोधित वेतन में महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा तो बच्चों के शिक्षा भत्ते और छात्रावास सब्सिडी की सीमा स्वाभाविक रूप से 25 प्रतिशत बढ़ जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में इजाफा होने के मद्देनजर बच्चों का शिक्षा भत्ता और छात्रावास सब्सिडी की राशि के बारे में जानकारी मांगी जा रही है।

यूपीआई के बावजूद बढ़ी नकदी की मांग

एटीएम से हर महीने निकाले गए 1.43 लाख करोड़ रुपये

एजेंसी, नई दिल्ली

डिजिटल भुगतान में लगातार वृद्धि के बावजूद देश में नकदी की मांग घटने की जगह बढ़ी है। एटीएम में नकदी का प्रबंधन करने वाली कंपनी सीएमएस इन्फोसिस्टम्स ने सोमवार को जारी सालाना रिपोर्ट में कहा, लोगों ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान एटीएम से हर महीने औसतन 1.43 लाख करोड़ रुपये निकाले हैं। यह आंकड़ा 2022-23 के 1.35 लाख करोड़ रुपये के औसत मासिक निकासी से 5.92 फीसदी ज्यादा है। ये ताजा आंकड़े इस बात का संकेत हैं कि लोग खर्च के लिए अब भी नकदी का अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं।

रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब पूरे देश में यह धारणा लगातार बढ़ रही है कि यूपीआई जैसे डिजिटल भुगतान मंचों के जरिये लेनदेन बढ़ने से नकदी के इस्तेमाल में कमी आ रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बीते वित्त वर्ष के दौरान महानगरों में एटीएम से नकदी निकासी 37.49 फीसदी बढ़ी है। इस अवधि के दौरान कस्बों एवं देहात में लोगों ने एटीएम से एक साल पहले की तुलना में 12.50 फीसदी अधिक नकदी निकासी की।

एक एटीएम से नकदी निकासी के मामले में कर्नाटक देश में पहले स्थान पर है। राज्य के लोगों ने 2023-24 में एक एटीएम से औसतन 1.83 करोड़ रुपये निकाले हैं। दिल्ली 1.82 करोड़ रुपये के साथ दूसरे और पश्चिम बंगाल 1.62 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर है।

देश के लगभग आधे एटीएम का प्रबंधन करने वाली कंपनी ने रिपोर्ट में कहा, महानगरों में लोगों ने 2023-24 के दौरान एक साल पहले की तुलना में औसतन 10.37 फीसदी ज्यादा नकदी निकासी की। इसमें कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 3.94 फीसदी और शहरों में 3.37 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसमें एटीएम और अन्य तरीकों से नकदी निकासी शामिल है।

फिल्म

'फिल्म इंडस्ट्री में अपना हक नहीं मिला'

फ्लॉप फिल्मों की कतार लगाने पर छलका इलियाना का दर्द

अभिनेत्री इलियाना डिक्रूज ने लंबे समय के बाद पर्दे पर वापसी की है। इस साल मार्च महीने में आई फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' के जरिए उनके फैंस का उन्हें पर्दे पर देखने का इंतजार खत्म हुआ था। अब उनकी एक और नई फिल्म 'दो और दो प्यार' रिलीज हो चुकी है। अब हाल ही में, इलियाना ने अपने फ्लॉप फिल्मी करियर पर खुलकर बात की है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है।

अभिनेत्री इलियाना डीक्रूज ने कहा है कि उन्हें इंडस्ट्री में उचित सम्मान नहीं मिला है और उनके अधिकांश काम पर किसी का ध्यान नहीं गया'। अभिनेत्री ने अगस्त 2023 में अपने पहली प्रेग्नेंसी की घोषणा के बाद से सुर्खियों से दूर थीं। हाल ही में, उन्हें 'तेरा क्या होगा लवली' और 'दो और दो प्यार' में देखा गया था, लेकिन दोनों फिल्में छाप छोड़ने में असफल रहीं। हाल ही में, एक इंटरव्यू में इलियाना ने खुलासा किया है कि उन्हें ऐसा क्यों लगता है कि इंडस्ट्री में उन्हें उनका हक नहीं मिला है। अभिनेत्री ने कहा, अगर मैं पूरी तरह से ईमानदार हूं, तो नहीं, मुझे ऐसा नहीं लगता कि मुझे मेरा हक मिल गया है। मुझे लगता है कि मैंने जो बहुत सारा काम किया है, उस पर किसी का ध्यान नहीं गया है। और मैं नहीं जानती क्यों। छह साल तक साउथ फिल्मों में काम करने के बाद हिंदी फिल्मों में डेब्यू करने के बारे में बात करते हुए इलियाना ने कहा, इसका मतलब बदलाव नहीं था। मैं एक हिंदी फिल्म कर रही थी क्योंकि मुझे कहानी के तौर पर बर्फी बहुत पसंद थी। मैंने ऐसा सोचा था। इलियाना ने आगे कहा, लोगों को ऐसा लगता है कि अब मैं अपना आधार बॉलीवुड की ओर ले जा रही हूं और मैं फिर कभी दक्षिण भारतीय फिल्म नहीं करूंगी, लेकिन मुझे लगता है कि जब मैंने 'बर्फी' करने के लिए हामी भरी, तो यह अजीब गलतफहमी थी कि वह अब बॉलीवुड में जा रही है, उसे दक्षिण की फिल्में करने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

सुनील शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम पर फर्स्ट लुक साझा किया

सुनील शेट्टी अपनी अदाकारी से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। वे वर्तमान एक डांस रियलिटी शो में बतौर जज नजर आ रहे हैं। इस बीच उनके एक आगामी प्रोजेक्ट को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। सुनील जल्द ही एक एक्शन से भरपूर दमदार प्रोजेक्ट में नजर आने वाले हैं। हाल ही में मेकर्स ने उनके लुक की पहली झलक फैंस के साथ साझा की है।

तस्वीर में सुनील बर्फीलें पहाड़ों के बीच ठंड से बचने के लिए सफेद विंटर सूट पहने हुए बैठे नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह अनाम प्रोजेक्ट एक एक्शन थ्रिलर है, जिसमें अभिनेता ने अपने स्टंट खुद किए हैं। सुनील ने भी अपने इंस्टाग्राम पर खुद का फर्स्ट लुक साझा किया और इसके कैप्शन में लिखा, यह लायंसगेट इंडिया के साथ एक रोमांचक आगामी प्रोजेक्ट से मेरा लुक है। एक्शन के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकता। इसके अलावा सुनील और भी कई बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। वे 'हेरा फेरी' फ्रेंचाइजी में अक्षय कुमार और परेश रावल के साथ फिर से नजर आने वाले हैं।

इस फिल्म के जल्द ही शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। वे 'वेलकम टू द जंगल फिल्म में भी अहम भूमिका में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में एक से बढ़कर एक सितारे लोगों का मनोरंजन करते दिखेंगे। इसमें अक्षय कुमार, संजय दत्त, अरशद वारसी, परेश रावल, तुषार कपूर, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडीज और दिशा पटानी जैसे कलाकार मौजूद हैं। यह फिल्म 20 दिसंबर, 2024 को रिलीज होने वाली है।

सोनू सूद के फैन ने की दीवानगी की हदें पार, 1500 किमी दौड़कर मिलने पहुंचा मुंबई

सोनू सूद को देशभर में काफी पसंद किया जाता है। उन्हें अभिनय के अलावा उनके सामाजिक कार्यों के लिए भी काफी पसंद किया जाता है। कोरोना काल के दौरान उन्होंने कई बेसहारा लोगों की मदद की थी। इसके अलावा वह लगातार अपने सोशल मीडिया अकांउट के जरिए लोगों से जुड़े रहते हैं। अपने जिंदादिली और मददगार स्वभाव की वजह से उनके फैंस उनपर जान छिड़कते हैं। हाल में ही एक फैन 1500 किलोमीटर दौड़कर उनसे मिलने दिल्ली से मुंबई पहुंचा।

अपने पसंदीदा कलाकारों के लिए उनके फैंस काफी कुछ करते हैं। फैंस की दीवानगी से जुड़ी इस तरह की खबरें हमें लगातार पढ़ने-सुनने को मिलती रहती हैं। हाल में ही अभिनेता सोनू सूद के एक फैन ने भी कुछ ऐसा ही किया है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए पोस्ट के मुताबिक, महेश नाम के एक फैन ने अभिनेता से मिलने के लिए 1500 कि.मी. की दौड़ लगाई है। उसने दिल्ली के इंडिया गेट से मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया तक की दूरी दौड़कर तय की है। फैन का अपने चहेते कलाकार के प्रति इतना समर्पण दशार्ता है कि लोग उन्हें किस कदर प्यार करते हैं।

सोनू सूद ने भी अपने फैन को निराश नहीं किया। उन्होंने अपने फैन से मुलाकात की। सोशल मीडिया पर क्रेजी फैन और सोनू सूद की तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। इसमें सोनू अपने फैन के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। इस दौरान फैन ने सफेद रंग की टीशर्ट पहनी हुई है। उसके टीशर्ट पर लिखा है, इंडिया गेट (दिल्ली) से गेटवे ऑफ इंडिया (मुंबई) दौड़-1500 कि.मी.।

वास्तविक नायकों को श्रद्धांजलि। अभिनेता के लिए इस तरह का अविश्वसनीय प्रेम और समर्पण दिखाता है कि उनके फैंस उनका काफी सम्मान करते हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो सोनू जल्द हीं पर्दे पर एक साइबर अपराध से जुड़ी थ्रिलर फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म का नाम 'फतेह' है। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडीस भी नजर आएंगी।

खेल

पाकिस्तान को कम से कम एक आईसीसी ट्रॉफी दिलाना चाहते हैं कोच कर्स्टन

एजेंसी, कराची

पाकिस्तान के नवनियुक्त मुख्य कोच गैरी कर्स्टन चाहते हैं कि उनकी टीम अगले तीन साल में आईसीसी के तीन टूनार्मेंट्स में से कम से कम एक ट्रॉफी जीते। कर्स्टन इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप के अलावा 2025 में होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी और 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप में पाकिस्तान टीम की कोचिंग करते दिखेंगे। भारत की विश्व कप (2011) विजेता टीम के मुख्य कोच रह चुके कर्स्टन चाहते हैं कि बाबर आजम और उनकी टीम इन तीन में से कम से कम एक टूनार्मेंट जीते।

मौजूदा समय में आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के मार्गदर्शक (मेंटर) कर्स्टन को रविवार को वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए पाकिस्तान का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व बल्लेबाज के पाकिस्तान के इंग्लैंड दौरे से पहले 22 मई से अपनी नई जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है।

कर्स्टन से उनके कार्यकाल के दौरान उनके लक्ष्यों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पॉडकास्ट में कहा- अगर आप उन तीन आईसीसी प्रतियोगिताओं में से एक जीत सकते हैं तो यह एक शानदार उपलब्धि होगी। चाहे वह आगामी टी20 विश्व कप हो या अब से दो साल बाद।

उन्होंने कहा, 'मेरा काम यह सुनिश्चित करना है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करे। यदि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही है तो हमारे पास हमेशा ट्रॉफी जीतने का अच्छा मौका होगा। इसलिए मेरे लिए यह समझना वास्तव में महत्वपूर्ण होगा कि टीम अभी कहां हैं और टीम को शीर्ष पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होने के लिए कहां जाने की जरूरत है।

कर्स्टन के मुताबिक पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोचिंग के शीर्ष चार से पांच पद में से एक है और दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों के साथ काम करने का प्रस्ताव उन्हें आकर्षित कर रहा था। कर्स्टन ने यह भी स्वीकार किया कि जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिए उनके पास समय की कमी है क्योंकि उन्हें आईपीएल में अपनी जिम्मेदारी पूरी करनी होगी। उन्होंने कहा- मैं अभी एक जिम्मेदारी निभा रहा हूं। मुझे यहां अपना अनुबंध देखना है, लेकिन योजनाएं पहले से ही तैयार हैं। अंतरिम मुख्य कोच के रूप में अजहर महमूद बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। हम इस समय बातचीत कर रहे हैं। मैं टीम को समझ रहा हूं।

कुश्ती संघ ने इस्तांबुल में ओलंपिक क्वालिफायर टीम में नहीं किया कोई बदलाव

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ ने फैसला लिया है कि नौ से 12 मई को इस्तांबुल (तुर्किये) में होने वाले अंतिम ओलंपिक क्वालिफायर में वही टीम खेलेगी जो पहले ओलंपिक क्वालिफायर में खेली थी। टीम के चयन के लिए समय कम होने के कारण कोई ट्रायल नहीं कराया जाएगा। बिश्केक (किर्गिस्तान) में हुए पहले ओलंपिक ट्रायल में दीपक पूनिया (86 भार वर्ग) और सुजीत कलकल (65) दुबई एयरपोर्ट पर फंस जाने के कारण नहीं खेल पाए थे। इस बार दोनों पहलवान अंतिम क्वालिफायर में कोई जोखिम नहीं लेना चाहते हैं। दोनों सात मई को टीम के साथ इस्तांबुल रवाना होंगे। दोनों ने अपने रूस में अभ्यास कार्यक्रम को भी टाल दिया है।

सुजीत के पिता कुश्ती कोच दयानंद का कहना है कि सुजीत इस वक्त रायपुर अखाड़े में उनकी देखरेख में तैयारी कर रहे हैं। महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह का भी मानना है कि उन्हें अंतिम क्वालिफायर में टोक्यो ओलंपिक में पांचवें स्थान पर रहने वाले दीपक पूनिया और सुजीत के अलावा अमन (57) से काफी उम्मीदें हैं। संजय सिंह का कहना है कि पहले क्वालिफायर के बाद समय काफी कम था, इस वजह से टीम के चयन के ट्रायल नहीं कराए जा रहे हैं। अंतिम क्वालिफायर के बाद जिन भार वर्गों में ओलंपिक कोटा हासिल किया गया है। उनमें चयन ट्रायल कराकर पेरिस के लिए टीम भेजी जाएगी। इस्तांबुल में छह-छह भारतीय पहलवान फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन में उतरेंगे, जबकि दो महिला पहलवान मानसी (62), निशा (68) खेलेंगी।

चीन के आगे फीका पड़ा भारत का युवा जोश बैडमिंटन टूनार्मेंट में 5-0 से हारी महिला टीम

एजेंसी, चेंगदू (चीन)

कनाडा और सिंगापुर के खिलाफ लगातार मुकाबलों में जीत के साथ क्वार्टर फाइनल के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुकी भारतीय टीम ने अश्मिता चालिहा को 15 बार की चैंपियन टीम के खिलाफ मुकाबले में नहीं उतारा।

भारत की महिला टीम को मंगलवार को चेंगदु में चल रहे उबेर कप बैडमिंटन टूनार्मेंट के ग्रुप ए मैच में चीन ने 5-0 से रौंद दिया। युवा सनसनी अनमोल खरब टखने में चोट के कारण आंखों में आंसुओं के साथ कोर्ट से हटना पड़ा। कनाडा और सिंगापुर के खिलाफ लगातार मुकाबलों में जीत के साथ क्वार्टर फाइनल के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुकी भारतीय टीम ने अश्मिता चालिहा को 15 बार की चैंपियन टीम के खिलाफ मुकाबले में नहीं उतारा। भारत इस टूनार्मेंट में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के बिना खेल रहा है जिन्होंने टूनार्मेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया। इसके अलावा अश्विनी पोनप्पा-तनीशा क्रास्तो और त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद के बिना भारतीय टीम यह टूनार्मेंट खेल रही है।

AIS Asahi India Glass Ltd.
SAINT-GOBAIN
M :7678601638
Windshield Fitment Expert
All Car Glass Repair & Replacement With Insurance & Cash Facility
(Service Available At Your Home)
शीशे ही शीशे
सभी गाड़ियों के शीशे लगाये जाते है कैश व इश्योरेंस द्वारा
SERVICE AVIAILABLE AT FARIDABAD, DELHI & NCR
e-mail : windshield.fitment.expert@gmail.com

नवरंग

घर पर बनाएं दही तड़का, मेहमान होंगे इंप्रेस

दिव्यांशी भदौरिया

अगर आप कुछ स्वाद से भरपूर भोजन मेहमानों के लिए बनाना चाहती है, तो हम आपको बताएंगे कि आप कैस फटाफट दही तड़का बना सकती हैं। इस मजेदार डिश को खाकर आपके मेहमान खुश हो जाएंगे। आपको बता दें कि, राजस्थान में सबसे ज्यादा घरों में तड़का दही बनाया जाता है। चलिए आपको रेसिपी बताते हैं।

घर मे कभी न कभी मेहमान आते ही रहते हैं। कई बार तो गेस्ट अचानक से आ जाते हैं और फिर समझ नहीं आता है कि उन्हें क्या खिलाया जाएं। गर्मियों के दिनों में खाना खाने का मन नहीं करता है। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे है कि आप अपने मेहमान को सिर्फ 15 मिनट में दही तड़का बनाकर चावल के साथ परौस सकती है। बता दें कि, दही तड़का की यह डिश राजस्थान में ज्यादा खाई जाती है। चलिए आपको रेसिपी बताते हैं।

दही तड़का बनाने का तरीका

- सबसे पहले आप एक कड़ाही में घी को डालें।
- इसके बाद कराही में जीरा डाल दें।
- फिर आप इसमें हरी मिर्च डालें और प्याज डालें।
- इसके बाद आप इसे अच्छे से भून ले जब तक लाल न हो जाए।
- इसके बाद आपको लहसुन का पेस्ट इस मिश्रण में मिला लें।
- लाल होने के बाद आपको इसमें पतली दही डालनी होगी।
- इसके बाद आप थोड़ा पानी मिलाएं और घोल को चलाते रहें।
- अब आप इसमें पूरा मसाला डालना होगा।
- लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, नमक और चीनी का घोल तैयार करके इसे डालना है।
- अब धीमी गैस पर इसे उबाल लें।
- 5 मिनट के बाद इसे आप चावल या रोटी के साथ सर्व कर सकते है।

रिश्ते में रोमांच और रोमांस का तड़का लगाना है

पार्टनर के साथ डेट पर जाएं, डांस करें

एकता

क्या आप अपने रिश्ते को अधिक रोमांचक और रोमांटिक बनाने के तरीके खोज रहे हैं? अगर हाँ, तो ठहर जाएँ क्योंकि आपको आगे कोई तलाश करने की जरुरत नहीं है। हमारे पास उन कपल के लिए कुछ शानदार विचार हैं, जो अपने रिश्ते में रोमांच और रोमांस का तड़का लगाना चाहते हैं। चाहे चाहे वह एक साथ नई जगहों की खोज करना हो,

रिलेशनशिप

रोमांचक गतिविधियों को आजमाना हो, या बस एक-दूसरे के साथ क्वालिटी समय बिताना हो, हमारे बताए हुए आईडियाज आपके रिश्ते में फिर से जोश जगा देंगे और आप अपने पार्टनर के साथ ऐसा समय बिताएंगे, जो जिंदगीभर के लिए यादगार बन जाएगा।

पार्टनर के साथ डेट पर जाएं

डेट पर जाना कुछ नया नहीं है, लेकिन अपनी बिजी लाइफ से ब्रेक लेकर पार्टनर के साथ कहीं बाहर जाना रिश्ते को रिफ्रेश कर देगा। डिनर और मूवी डेट शानदार आईडिया है, लेकिन अगर आप कुछ नया ट्राई करना चाहते हैं तो पार्टनर के साथ छोटी सी ट्रिप पर जा सकते हैं या फिर रात में पार्क की सैर पर जाएँ। अगर कहीं बाहर नहीं जाना चाहते तो घर पर रहकर पार्टनर के साथ मिलकर नई रेसिपी ट्राई करें, घर पर स्पा नाइट का आनंद ले सकते हैं, घर को डांस क्लब बना सकते हैं या फिर पार्टी की मेजबानी कर सकते हैं।

पार्टनर के साथ हेल्थ पर ध्यान दें

बिजी लाइफ सेहत को खराब कर रही है और पार्टनर के साथ मिलकर इसे मौज-मस्ती करते हुए ठीक किया जा सकता है। एक साथ जिम ज्वाइन करें या फिर घर पर रहकर योगा करें। साथ में एक्सरसाइज करने से आप और आपका पार्टनर एक-दूसरे के साथ समय बिता पाएंगे और रिश्ते में फिर से रोमांच और रोमांस भर

जायेगा। जिम और योगा के अलावा आप अपने पार्टनर के साथ डांस कर सकते हैं। रूम, किचन से लेकर बाथरूम तक जब मन किया जहाँ मन किया पार्टनर के साथ डांस करें और अपने रोमांटिक रिश्ते को मजबूत करें।

एक-दूसरे की हॉबी एक्सप्लोर करें

अगर रिश्ते में रहते हुए आप और आपके पार्टनर को एक-दूसरे की हॉबी के बारे में नहीं पता तो

वक्त के साथ आपके रिश्ते की चमक फीकी पड़ जायेगी। इसलिए अपने बिजी वर्किंग शेड्यूल से टाइम निकाले और एक-दूसरे की हॉबी एक्सप्लोर करें। एक-दूसरे की हॉबी एक्सप्लोर करना रिश्ते को मजबूत बनाएगा। रसोई में नयी चीजों को बनाने से शुरूआत कर सकते हैं, ये आसान और मजेदार होगा। इसके अलावा ऐसे शौक खोजें जिनका आप एक साथ आनंद उठा सकें। आप चाहे तो साथ में मिलकर अपने घर या कमरें को सजा सकते हैं। ये नहीं तो फिर पार्टनर के साथ उनका पसंदीदा खेल खेलने से भी रिश्ता मजबूत करने में मदद मिलेगी।

मिल जुलकर काम करने से मजबूत होता है रिश्ता

एक्सपर्ट के अनुसार, एक साथ समय बिताने से काफी मदद मिल सकती है, लेकिन ऐसी बहुत सारी गतिविधियां भी हैं, जो आपके रिश्ते को और भी रोमांटिक और मजबूत बनाने में मदद कर सकती हैं। एक-दूसरे से सवाल करें और अपने साथी से खुलकर बात करें। सेक्स भी अच्छा ऑप्शन है। घर के काम मिलजुल कर करें।

दोमुंहे बालों को काटने से कोई फायदा नहीं

ब्यूटी टिप्स

घरेलू उपाय अपनाएं, समस्या को दूर भगाएं

मिताली जैन

दोमुंहे बाल जिन्हें स्प्लिट एंड्स भी कहा जाता है, एक ऐसी समस्या है, जिसका सामना हम सभी ने कभी ना कभी किया ही है। आमतौर पर, स्प्लिट एंड्स की समस्या होने पर लोग अक्सर बाल कटवाना ही सबसे अच्छा उपाय समझते हैं। यकीनन हेयर कटिंग की मदद से स्प्लिट एंड्स की समस्या आसानी से दूर हो जाती है। लेकिन अगर आप अपनी हेयर लेंथ के साथ किसी तरह का समझौता नहीं करना चाहते हैं तो ऐसे में आप कुछ आसान घरेलू उपायों को भी अपना सकते हैं।

हिबिस्कस फूल, मेथी, करी पत्ता और आंवला हेयर मास्क

यह हेयर मास्क न केवल दोमुंहे बालों का उपचार करता है, बल्कि आपकी ओवर ऑल हेयर हेल्थ का ख्याल रखता है। इसके लिए 5-6 गुड़हल के फूल और 2 गुड़हल की पत्तियां, करी पत्ता, मेथी और आंवला मिलाकर एक चिकना पेस्ट बना लें। इसमें अपने पसंदीदा एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदे मिक्स करें। आप इसमें बादाम का तेल भी मिक्स कर सकते हैं। अब तैयार मास्क को बालों पर लगाएं और लगभग 30 मिनट छोड़ दें और फिर बालों को नेचुरल क्लींजर से धो लें।

मेयोनेज का करें इस्तेमाल

मेयोनेज में तेल और प्रोटीन पाया जाता है, जो बालों को मॉइश्चराइज और मजबूत कर सकता है। इसके इस्तेमाल से बाल अधिक सिल्की व स्मूथ बनते हैं और दोमुंहे बालों की समस्या दूर होती है। इसके लिए अपने बालों के सिरों पर मेयोनेज लगाएं और शॉवर कैप से ढककर

30 मिनट के लिए छोड़ दें। अंत में, बालों को वॉश कर लें।

बनाएं एवोकाडो मास्क

एवोकाडो विटामिन और फैटी एसिड से भरपूर होता है जो बालों को पोषण और मॉइश्चराइज कर सकता है। इससे आपके बाल अधिक मजबूत बनते हैं और दोमुंहे बालों की समस्या दूर हो जाती है। इसके लिए एक पका हुआ एवोकाडो लें और उसे अच्छी तरह मैश करें। अब इसे अपने बालों के सिरों पर लगाएं। धोने से पहले इसे 30 मिनट के लिए छोड़ दें।

बच्चों के बिहेवियर में आ रहे बदलाव पर ध्यान देना बहुत जरूरी

पैरेंटिंग

बच्चे को इमोशनल सपोर्ट की होती है बहुत जरूरत

बच्चों के कोमल मन पर अगर एक बार चोट लग जाए तो उससे उन्हें उबारना काफी मुश्किल हो सकता है, इसलिए बच्चों के बिहेवियर पर ध्यान देना चाहिए। हो सकता ही कि उस वक्त आपके बच्चे को इमोशनल सपोर्ट की जरूरत हो।

ये संकेत बताते हैं बच्चे को इमोशनल सपोर्ट की है जरूरत, पेरेंट्स न करें इग्नोर

बच्चे के बिहेवियर में आ रहे इन बदलावों को माता पिता न करें नजरअंदाज।

बच्चे मन के सच्चे गाना तो सभी ने सुना होगा और ये सच भी है। बच्चे मन में कोई बात नहीं रखते और सामने ही कह देते हैं। इस वजह से कई बार लोग उन्हें बत्तमीज समझ लेते हैं और डांटकर चुप करवा देते हैं, लेकिन इसके पीछे कई वजह हो सकती हैं। किसी भी छोटी बात से बच्चों का कोमल मन चोटिल हो सकता है। उनकी बातों और बिहेवियर को इग्नोर करने की बजाय ध्यान देने की जरूरत होती है, क्योंकि हो सकता है कि उस वक्त बच्चे को आपके इमोशनल सपोर्ट की जरूरत हो।

बच्चे सबसे ज्यादा अपने माता-पिता के करीब होते हैं और उन्हीं से हर बात शेयर करते हैं। हालांकि कई बार ऐसा होता है कि उनके मन में कोई बात हो और वो उसे सही से जाहिर न कर पाएं तो उनके व्यवहार में बदलाव आने लगता है। इस बदलाव को नजरअंदाज न करें, बल्कि बच्चे से प्यार के साथ बात करें और वजह जानने की कोशिश करें, ताकि उन्हें इमोशनल सपोर्ट मिल सके। तो चलिए जानते हैं कि बच्चों के बिहेवियर में कौन से बदलाव आने पर ध्यान देना चाहिए।

बच्चे के मूड में अचानक बदलाव होना

ज्यादातर लोग बच्चे के चीखने, चिल्लाने या फिर उदास हो जाने को नजरअंदाज कर देते हैं और सोचते हैं कि बच्चा है कुछ देर बाद सही हो जाएगा। हालांकि हमेशा इसे इग्नोर नहीं करना चाहिए। आपको लग रहा

है कि बिना किसी वजह बच्चा छोटी-छोटी पर रोने लगे, उदास रहे या फिर हर छोटी बात पर गुस्सा हो जाए तो हो सकता है कि वो किसी बात को लेकर परेशान हो या बदलते माहौल में खुद को ढाल पा रहा हो। ऐसे में बच्चे को इमोशनल सपोर्ट की जरूरत होती है और गुस्से की बजाय उसे प्यार से हैंडल करें।

बच्चा किसी भी चीज पर कॉन्सन्ट्रेट न कर पाए

हर माता-पिता अपने बच्चे के स्वभाव को जानते हैं, इसलिए अगर उन्हें लगे कि बच्चा किसी भी चीज पर सही से फोकस नहीं कर पा रहा है, जैसे असाइनमेंट्स, होवर्क या एक्स्ट्रा करीकुलर एक्टिविटी करते वक्त स्ट्रगल करना और उसकी परफॉर्मेंस गिरना जैसी चीजों को इग्नोर नहीं करना चाहिए।

बच्चे के स्लीपिंग पैटर्न में बदलाव को न करें इग्नोर

बच्चा अगर रात को सही से सो नहीं पाता है और ये समस्या उसे लगातार हो रही है तो हो सकता है कि वो स्ट्रेसफुल महसूस कर रहा हो। बच्चे के स्लीपिंग पैटर्न में बदलाव की वजह इमोशनली लो फील होने की वजह से हो सकती है।

बच्चा अगर अचानक अकेले रहना पसंद करने लगे

ज्यादातर छोटे बच्चे बहुत जल्दी घुलमिल जाते हैं तो वहीं कुछ बच्चे इंट्रोवर्ट होते हैं, लेकिन आपका बच्चा अगर अचानक से स्कूल को अवॉइड करने लगे। लोगों या अपने दोस्तों से भी मिलने से कतराने लगे और बस अकेला रहना पसंद करे तो हो सकता है कि उसके मन में किसी बात को लेकर डर बैठ गया हो। इस बारे में बच्चे से खुलकर प्यार से बात करें।

बच्चे की हेल्थ में हो रहे इन बदलावों पर ध्यान दें

इमोशनली आपको बच्चे में आए दिन पेट दर्द, सिर दर्द, मांसपेशियों में तनाव, जैसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो इसे सिर्फ फिजिकल हेल्थ प्रॉब्लम की तरह न लें, बल्कि इस दौरान इसके बिहेवियर पर भी ध्यान दें, कि जैसे वह स्ट्रेस में तो दिखाई नहीं देता या फिर उसका गुस्सा एंग्जायटी तो नहीं है। इसके अलावा बच्चे की ईटिंग हैबिट्स में बदलाव, वजन कम या ज्यादा होना जैसी चीजों को भी इग्नोर नहीं करना चाहिए।